राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 78
लखनऊ, मंगलवार 05 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जन समस्याओं के समाधान के लिए तय होगी जवाबदेही : डिप्टी सीएम 03

भारत त्याग रहा औपनिवेशिक मानसिकता : जगदीप धनखड़ 12

## कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने किया हमला, मारपीट

एजेंसी

**ब्रैम्पटन।** समूची दुनिया में मिनी पंजाब के नाम से मशहूर कनाडा में फिर हिन्दुओं की आस्था पर चोट की गई है। खालिस्तान समर्थकों ने इस बार ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर को निशाना बनाया है। इन लोगों ने हिन्दू श्रद्धालुओं के साथ जमकर मारपीट की। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हमले की कड़ी निंदा की है।

हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि खालिस्तान समर्थक ब्रैम्पटन के हिन्दू

### भारतीय उच्चायोग ने की हमले की निंदा

सभा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर रहे हैं। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन गैर लाभकारी संगठन है। यह कनाडा में हिन्दू समुदाय के लिए काम करता है। खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। ओटावा में भारतीय उच्चायोग का इस घटना पर बयान आया है। उच्चायोग ने कहा कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और काउंसुलर कैंप के बाहर भारत विरोधी तत्वों का हिंसक व्यवधान बेहद निराशाजनक है।

## नहाए-खाए के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू

एजेंसी

### महापर्व को लेकर बाजार में भी बढ़ी रौनक, खरीदारी शुरू



**पटना।** बिहार की रगों में दौड़ने वाला चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पांच नवम्बर से नहाए-खाए के साथ शुरू होगा। इस महापर्व को लेकर सभी जगह पर भीड़ दिख रही है। इसके अलावा बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। इस महापर्व को लेकर लोगों ने खरीदारी करनी शुरू कर दी है। छठ महापर्व को शुद्धता के लिए जाना जाता है। वैसे तो इस महापर्व में अधिकतर घरेलू सामान का ही उपयोग किया जाता है लेकिन कुछ वस्तुएं ऐसी होती हैं, जिसकी बाजार में खरीदारी होती है। इसमें फल से लेकर सूप और दउरा तक शामिल हैं। हालांकि, शहरी इलाकों में बाकी उपयोगी चीजों की भी खरीदारी होती है। पटना में छठ पूजा के लिए सूप, दउरा, मिट्टी का चूल्हा लकड़ी, नारियल आदि की बिक्री शुरू हो चुकी है। खरीदारों की भीड़ बाजार में उमड़ने लगी है। इस बार छठ पूजा पर पीतल की सूप का काफी डिमांड है। इसमें कस्टमाइज सूप भी शामिल है।

### मिट्टी के चूल्हे पर बनता है प्रसाद

छठ व्रत में खाना बनाने में आम की लकड़ी का प्रयोग होता है। इस बार आम की लकड़ी की कीमत बाजार में 125 से 150 रुपये पांच (पसेरी) किलो के आसपास चल रही है। छठ पवित्रता के लिए मिट्टी के चूल्हे की डिमांड रहती है। छठ व्रती माताएं-बहने मिट्टी के चूल्हे पर ही नहाए खाए का प्रसाद बनती हैं। लिहाजा, इस बार मिट्टी के चूल्हे की कीमत 200 रुपये से 250 रुपये के बीच है।

### छठ पूजा में नहाय-खाय से लेकर पारण तक की तिथियां

1- छठ पूजा के पहले दिन नहाय खाय किया जाता है। इस दिन स्नान और भोजन करने का विधान है। इस बार पांच नवम्बर यानी मंगलवार को को नहाय खाय किया जाएगा।

2- छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं नए मिट्टी के चूल्हे पर खीर बनाती हैं। इसके बाद उसे भोग के रूप में छठी मैया को अर्पित किया जाता है। इस दिन पूजा के बाद व्रत की शुरुआत होती है। इस बार खरना पूजा 06 नवम्बर यानी बुधवार को है।

3- तीसरे दिन यानी तीसरे दिन निर्जला व्रत रखा जाता है और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस बार सात नवम्बार यानी गुरुवार को को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके अगले दिन आठ नवम्बर यानी शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद शुभ मुहूर्त में व्रत तोड़कर पारण किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रहस्यमयी बीमारी से एक ही परिवार के 4 बच्चों की मौत

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, जहां एक रहस्यमयी बीमारी के कारण 4 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, गांव में 4 बच्चों की मौत के बाद रहस्यमयी बीमारी को लेकर डर का माहौल है। इधर, स्वास्थ्य विभाग में भी इस अज्ञात बीमारी को लेकर हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार,किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड के जागीर पदमपुर पंचायत अंतर्गत कटहलबाड़ी में बीते दिनों एक ही परिवार के 3 बच्चों ने रहस्यमयी बीमारी के कारण दम तोड़ दिया। वहीं, एक और इलाजरत बच्चे ने शनिवार देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के 4 बच्चों की रहस्यमयी बीमारी से हुई मौतों से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में सात करोड़ लोगों ने मतदान किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सात करोड़ 80 लाख से अधिक लोगों ने मतदान किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडया की इलेक्शन लैब ने यह जानकारी दी। इलेक्शन लैब के मुताबिक लगभग सात करोड़ अमेरिकी पहले ही चुनाव में मतदान कर चुके हैं, जिसमें तीन करोड़ 65 लाख अमेरिकियों ने व्यक्तिगत रूप से मतदान किया और तीन करोड़ 25 लाख ने मेल के जरिए मतदान किया।

### वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना की विस्तृत जानकारी के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिए जाने की संभावना है। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी लेकिन उत्तर प्रदेश के आगरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान क्रैश होकर जमीन पर गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### सीमा में घुसने वाले पाक युवक को बीएसएफ ने पकड़ा

**श्रीगंगानगर।** जिले में श्रीकरणपुर के नग्गी इलाके में बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी युवक को पकड़ा है। यह युवक पाकिस्तान से भारतीय सीमा में जीरो लाइन क्रॉस करके घुसने का प्रयास कर रहा था। बीएसएफ ने उसे ललकारा तो वह रुक गया। हालांकि बीएसएफ ने अब तक युवक का कोई फोटो या वीडियो जारी नहीं किया है लेकिन बीएसएफ ने यह युवक 1 नवंबर को पकड़ा था और पूछताछ के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी है। सोमवार को श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि युवक की मेडिकल जांच भी करवाई जाएगी।

### कांग्रेस को हमेशा झूठे वादे करने की आदत : जावड़ेकर

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सोमवार को मुंबई में कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस को झूठे वादे करने की आदत है। उन्होंने राज्य के मतदाताओं से अपील की है कि किसी ने भी महाविकास आघाड़ी पर विश्वास न करने की अपील की है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस ने उन राज्यों में अपने घोषणापत्र के किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

## यूपी कैबिनेट बैठक में 27 प्रस्ताव मंजूर

### सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को सीएम की बड़ी सौगात, अब सिर्फ तीन साल में मिलेगा ट्रांसफर का अवसर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज (सोमवार) लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई। सीएम योगी ने यह बैठक लंबे समय के बाद बुलाई थी। इस बैठक में मध्य नहर योजना के डार्क जोन को कवर करने का प्रस्ताव, ललितपुर में होरेड बांध के प्रस्ताव, केन बेतवा लिंक परियोजना समेत 27 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है।

कैबिनेट बैठक में सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया गया। शिक्षक अब पांच वर्ष की न्यूनतम सेवा की जगह सिर्फ तीन साल बाद ही स्थानांतरण करवा सकेंगे। मध्य गंगा नहर परियोजना के द्वितीय चरण पुनरीक्षण प्रस्ताव को मंजूरी संभल अमरोहा मुरादाबाद के 1850 ग्राम लाभान्वित होंगे, ललितपुर में भौरट बांध परियोजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रस्ताव को मंजूरी, केन बेतवा लिंक परियोजना हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति, बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा, प्रदेश में पशु चिकित्सकों की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा,सर्टिफिक्रेट कोर्स हेतु नीति तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी। उत्तर प्रदेश शीरा नीति 2024-25 के प्रस्ताव को मंजूरी, 1 नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 के शीरा वर्ष हेतु शीरा रिजर्वेशन को मंजूरी, 19: शीरा रिजर्वेशन स्वीकृति, उत्तरप्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग हेतु नियमावली उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी, महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती के 5 वर्ष को घटाकर 3 वर्ष किया गया। उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 में संशोधन को मंजूरी,अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थाओं को प्रदेश में स्थापित होने का अवसर

लखनऊ में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर स्थापना हेतु तहसील सरोजिनी नगर में चकरौली परगना बिजनौर में 2.3239 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित कर उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी, एफ्डीआई नीति में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी।उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2020 के अंतर्गत 300 करोड़ के निवेश के प्रोत्साहन प्रस्ताव को मंजूरी। सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों हेतु उत्तरप्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स 1961 में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी,कोई सरकारी कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद यदि अपने किसी नॉमिनी,वारिस को नही छोड़ता तो उसकी ग्रेच्युटी का पैसा सरकार को समाहित होता था, किंतु अब नए नीति अंतर्गत इसको बदलाव किये जाने प्रस्ताव को मंजूरी,अब यदि कोई व्यक्ति सक्षम न्यायालय से इस प्रकार की परिस्थितियों में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो उसे यह पैसा दे दिया जाएगा।

### 82,120 बालिकाओं को खेल में निपुण बनाएगी सरकार

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली 82,120 बालिकाओं की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास तेज कर दिया है। सरकार इस उद्देश्य को एक केजीबीवी, एक खेल योजना लागू कर साकार करेगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में एक विशेष खेल का चयन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना से बालिकाएं खेल में निपुण होने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास भी प्राप्त करेंगी, जिससे वे समाज में एक सशक्त पहचान बना सकेंगी। उत्तर प्रदेश के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उभारने के उद्देश्य से एक केजीबीवी, एक खेल योजना लागू की गई है।

### सड़क हो या सेतु, स्वीकृति से पहले आंकलन जरूरी

सड़क निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्यों में पर्यावरण संरक्षण की भावना का पूरा ध्यान रखा जाए सभी विधानसभाओं के प्रमुख जिला मार्गों की न्यूनतम दो-लेन एवं अन्य जिला मार्गों को न्यूनतम डेढ़-लेन तक होगी चौडाई मुख्यमंत्री का निर्देश, हर विधानसभा में जरूरत के अनुसार 03 लघु सेतुओं के निर्माण की कार्ययोजना तैयार करें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और निर्माणकार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सड़क और सेतु हो अथवा आमजन से जुड़ी अन्य निर्माण परियोजनाएं, स्वीकृति देने से पहले उसकी लोक महत्ता का आंकलन जरूर किया जाए। विकास में संतुलन सबसे आवश्यक है। पहले आवश्यकता की परख करें, प्राथमिकता तय करें।

## दुखद : अल्मोड़ा में बस दुर्घटना में 36 लोगों की मौत, होगी जांच

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** नदी में बिखरे शवों के ढेर में अपनों को तलाशती नम आखें और चारों ओर भयावह मंजर देख लोग दहल गए। यही नहीं, एक साथ 36 शवों का सामूहिक पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की भी रूह कांप उठी। सोमवार को आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले से बस हादसे की जो तस्वीरें सामने आईं, उसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। बस में सवार अधिकतर लोग दीपवाली की छुट्टी मनाकर कार्यस्थल पर लौट रहे थे।

जिस जगह हादसा हुआ है, वह पहाड़ी इलाका है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल की रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 10 महिला समेत 36 यात्रियों की मौत हुई है और 27 लोग घायल हुए हैं। 42 सीटर बस पर कुल 63 सवारी खचाखच भरी थी। बताया जा रहा है कि ओवरलोडिंग के कारण यह बड़ा हादसा हुआ है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। बस गढ़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की थी। कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि यात्रियों से भरी बस गढ़वाल क्षेत्र के पौड़ी जिले के गौलीखाल से कुमाऊं क्षेत्र नैनीताल जिले के रामनगर जा रही थी। रामनगर से 35 किलोमीटर पहले अल्मोड़ा जनपद के सल्ट ब्लाक अंतर्गत मारचुला (कूपी बैंड) के समीप पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर 650 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि एक संकरे मोड़ के पास चालक बस को नियंत्रित नहीं कर सका और यह खाई में गिर गई। मौके से आई तस्वीरें हादसे की भयावहता को दर्शाती हैं।



### सहायता राशि की घोषणा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा बस हादसे में मृतकों के प्रति गहरा दुःख जताया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये व घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

## बेअंत हत्याकांड : बब्बर खालसा सदस्य राजोआना को नहीं मिली राहत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और 16 अन्य की करीब 29 साल पहले हुई हत्या के मामले में मौत की सजा पाए प्रतिबंधित बब्बर खालसा सदस्य 57 वर्षीय राजोआना को अंतरिम राहत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने करीब तीन दशकों से जेल में बंद राजोआना को राहत देने से मना कर दिया तथा इस मामले में पंजाब सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए और दो सप्ताह का समय दिया। राजोआना ने अपनी दया याचिका पर फैसला में अत्यधिक देरी के कारण अपनी सजा कम करने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई की

## झारखंड में बनेगी भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार : मोदी

एजेंसी



**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है।

मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है।

## मेघालय पुलिस ने पकड़े सात बांग्लादेशी नागरिक

**शिलांग।** भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिला के महेंद्रगंज पुलिस थानांतर्गत कलाइस के बदलामग्री इलाके से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बांग्लादेशी नागरिक कलाइस इलाके में पैदल जा रहे थे। सूचना मिलते ही सीमा सुरक्षा बल और कलाइस पुलिस के संयुक्त अभियान में सातों अवैध नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये बांग्लादेशी नागरिकों में अंगूर हुसैन अफरीब (20, कुरीग्राम, बांग्लादेश), अमीर अली (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश), चांद मियां (60, कुरीग्राम, बांग्लादेश), बुकुल मियां (32, कुरीग्राम, बांग्लादेश), मीरजहां (45, कुरीग्राम, बांग्लादेश), रसेल अली (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश), बिप्लप मियां (35, कुरीग्राम, बांग्लादेश) हैं।

## महाकुंभ : पहली बार होगा गूगल नेवीगेशन का प्रयोग

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता को लेकर अब गूगल भी प्रभावित नजर आ रहा है। यही कारण है कि पहली बार अपनी पॉलिसी में बदलाव करते हुए गूगल ने नेवीगेशन के लिए किसी अस्थायी शहर (महाकुम्भ मेला क्षेत्र) को इंटीग्रेट करने का निर्णय लिया है। गूगल और महाकुम्भ मेला प्राधिकरण के बीच इसको लेकर बाकायदा एक एमओयू भी हुआ है।

इस एमओयू के प्राविधान के तहत गूगल महाकुम्भ के लिए स्पेशल नेवीगेशन तैयार करेगा, जिसकी मदद से श्रद्धालु यहां स्थित समस्त स्थलों, अखाड़ों और यहां तक कि साधु संतों की लोकेशन को ट्रैक कर सकेंगे। इस स्पेशल नेवीगेशन के नवम्बर अंत या दिसम्बर की शुरुआत में प्रारम्भ होने



की सम्भावना है। उल्लेखनीय है कि, सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन को लेकर भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में कौतूहल है। हर कोई इस महा समागम में शामिल होने को बेताब है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महाआयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर दिया है। मेला प्राधिकरण की यह पहल उनकी मंशानुरूप है। इसके माध्यम से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी।

### पहली बार अस्थायी शहर को मिलेगी सुविधा

नेवीगेशन को सरल शब्दों में कहें तो किसी स्थान पर ले जाने वाले रास्ते की विस्तृत जानकारी को कम्प्यूटर या मोबाइल की भाषा में नेवीगेशन या मार्गदर्शन कहा जाता है। पुराने समय में लोग कागजी नक्शे या लोगों से पूछकर अपने गंतव्य की ओर जाते थे, लेकिन आधुनिक दौर में गूगल नेवीगेशन के माध्यम से यह काम अत्यंत आसान हो गया है। यह नेवीगेटर आपको न केवल स्थान का पूरा नक्शा दिखाते हैं, बल्कि कब कहां मुड़ना है, इसकी भी विस्तृत जानकारी देते हैं। गूगल सामान्य तौर पर पूरी दुनिया में बसे शहरों का नेवीगेशन देता है, लेकिन पहली बार उसने किसी अस्थायी शहर के लिए यह सुविधा प्रदान करने पर सहमति दी है। इसमें वह यहां की प्रमुख सड़कों, धार्मिक स्थलों, घाटों, अखाड़ों समेत प्रमुख संतों के स्थलों की जानकारी प्रदान करेगा।

## मेरे रिटायरमेंट के बाद न्यायालय सुरक्षित हाथों में : मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- जस्टिस संजीव खन्ना बेहद शांत इंसान हैं। गंभीर और विवादित मामलों में भी मुस्कुरा सकते हैं। मेरे रिटायरमेंट के बाद कोर्ट सुरक्षित हाथों में है। एक मीडिया हाउस के इवेंट में पहुंचे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि राजनीति में परिपक्वता होनी चाहिए। जजों पर संदेह करना, व्यवस्था को बदनाम करना है।

सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। उनके बाद जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। वे 11 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। गणेश पूजा पर पीएम के आने पर कहा- यह



सार्वजनिक मुलाकात थी सीजेआई चंद्रचूड़ ने गणेश पूजा पर प्रधानमंत्री मोदी के घर आने पर हुए विवाद को लेकर कहा- मैं आस्थावान व्यक्ति हूं और सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करता हूं। पीएम का मेरे घर आना गलत नहीं है। यह निजी मुलाकात नहीं बल्कि सार्वजनिक मुलाकात थी। शक्तियों के बंटवारे का मतलब यह नहीं है कि न्यायपालिका और कार्यपालिका की मीटिंग नहीं होगी या उनमें संवाद नहीं होगा।

निर्णय

### विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अनुरोध पर निर्वाचन आयोग ने लिया फैसला

## यूपी, पंजाब, केरल की 14 सीटों पर अब 20 को होंगे उप चुनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में 14 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव 13 की जगह 20 नवंबर को कराने की सोमवार को घोषणा की।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें केरल की पलक्कड़, पंजाब की डेरा बाबानानक, चब्बेवाल (सुरक्षित), गिद्दरबाहा, बरनाला और उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुण्डरकी, गाजियाबाद, खैर (सुरक्षित), करहल, सीसा मऊ, फूलपुर, कटिहारी, मझवां सीट शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि उसने विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अनुरोध पर




यह फैसला किया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इन दलों ने 13 नवंबर को सम्बंधित क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों की व्यस्तता के आधार पर चुनाव तिथि बदलने का अनुरोध किया था।

इन सीटों के उपचुनाव की मतगणना 20 नवंबर को कराई जायेगी और चुनाव प्रक्रिया 25 नवंबर तक संपन्न करा ली जायेगी। आयोग ने कहा है कि इन सीटों पर चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने 15 अक्टूबर को 15 राज्यों में 48 विधानसभा और दो लोक सभा सीटों के लिये उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की नान्देड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ सीट को छोड़ कर इन सभी सीटों के उपचुनाव में मतदान 13 नवंबर को कराने का कार्यक्रम था। आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) जैसी पार्टियों और सामाजिक संगठनों के अनुरोध पर तीन राज्यों की 14 सीटों पर मतदान की तिथि बदल दी है और इन सीटों पर मतदान महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मतदान के लिये तय 20 नवंबर की तिथि के दिन मतदान कराने का फैसला किया है।

### टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे : अखिलेश यादव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश समेत पंजाब और केरल में विधानसभा उपचुनाव की तारीख में चुनाव आयोग ने बदलाव किया है। 13 नवंबर की जगह अब 20 नवंबर को चुनाव कराया जाएगा। इसको लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज सकते हुए कहा है कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। सपा मुखिया ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि उप्र में 'महा-बेरोजगारी' की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उप्र आए हुए हैं, और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालनेवाले थे। जैसे ही भाजपा को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खध्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। बता दें कि इन सभी विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाला था।

# गुलरिया चीनी मिल का घूमा चक्का

- नए पेराई सत्र का डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन
- गुलरिया, कुंभी में शुभारंभ से पूर्व गन्ना सप्लाई वाले किसानों की चांदी, डीएम ने बटन दबाया, भेजा भुगतान
- गुलरिया ने 2800, कुंभी ने 2500 किसानों को किया 50-50 लाख रुपए का गन्ना भुगतान
- पेराई सत्र शुभारंभ पर डीएम-एसपी ने कृषकों को किया सम्मानित




**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बलरामपुर चीनी मिल्स लि. यूनिट-गुलरिया चीनी मिल के 18वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ पूजन अर्चन के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में शुभारंभ किया। सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा मिलगेट पर गन्ना लाने वाले कृषक बालिस्टर सिंह, ग्राम चौखडिया तथा ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कृषक रणजीत सिंह, ग्राम पकरिया एवं वाह्य ऋयकेन्द्र भूलनपुर - द्वितीय से आये ट्रक का गन्ना सर्वप्रथम चीनी मिल के तौल कांटे पर लाया गया और गन्ना लाने वाले कृषकों को फूल माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को आचार्य ऋषिराज तिवारी एवं अयोध्या से आए सचिन देव तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने पूजन-अर्चन किया। डीएम, एसपी ने केन कैरियर में गन्ना डालकर नये पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। डीएम-एसपी ने बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट गुलरिया में पहली बैलगाड़ी तौल कराने पर चौखड़िया के कृषक बालिस्टर सिंह, पहली ट्राली तौल कराने पर गोंधिया के कृषक बलविन्दर सिंह, भूलनपुर - द्वितीय ऋय केंद्र से सबसे पहले ट्रक से गन्ना लेकर फैक्ट्री ड्राइवर गुड्डू को पुरुस्कार प्रदान किया। इसी के साथ दोनों अधिकारियों ने पेराई सत्र 2023-24 के तहत चीनी मिल में सर्वाधिक 5484 कुं. गन्ना आपूर्ति करने पर कृषक जगमोहन लाल, चीनीमिल गेट पर सर्वाधिक 4718 कुं. गन्ना आपूर्ति करने पर किसान संजय कुमार, चीनीमिल गेट पर सर्वाधिक 2302 कुं. को.-15023 गन्ना आपूर्ति करने पर किसान अनिल कुमार, ऋयकेन्द्र पर सर्वाधिक 1230 कुं. को.-15023 गन्ना आपूर्ति करने पर किसान बृजलाल और चीनी मिल क्षेत्र में सर्वाधिक 3.664 है. को.-15023 की गन्ना बुवाई करने पर किसान राम भरोसे को चेक, कंबल, मिष्ठान सहित अन्य उपहार देकर पुरुस्कृत किया। इकाई प्रमुख ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में बताया कि गुलरिया चीनी मिल के इतिहास में किसानभाईयों के हित को ध्यान में रखते हुए पहली बार चार नवम्बर को पेराई सत्र का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह आप सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सका है। सभी किसान भाईयों एवं चीनी मिल दोनों के लिए काफी हर्ष का विषय है। चीनी मिल पूर्व की भांति ही इस वर्ष भी अति त्वरित गति से गन्ना मूल्य भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने किसान भाईयों से यह अपील की है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी साफ-सुथरा एवं ताजा गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें तथा अपना गन्ना औने-पौने दामों पर अन्यत्र न बेचें तथा चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करके अपना बेसिक कोटा बढायें। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल एवं किसान एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं। विकास उद्योग के लिए दोनों आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि शरदकाल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को.-15023, को.-0118, को. लख. - 14201 एवं अन्य उन्तशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें।

## गुलरिया, कुंभी में शुभारंभ से पूर्व गन्ना सप्लाई वाले किसानों की चांदी

**जिले** में संचालित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने इस पेराई सत्र में अभिनव पहल कर अपनी दोनों इकाइयों (गुलरिया और कुंभी) में पेराई सत्र की शुरुआत से पूर्व ही दो एवं तीन नवम्बर में खरीदे गये गन्ने का भुगतान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कम्प्यूटर पर बटन दबाकर सीधा कृषकों के खाते में भेजा गया। बलरामपुर समूह की दोनो चीनी मिल गुलरिया एवं कुम्भी द्वारा इस वर्ष पेराई करने से पूर्व इसी वर्ष का एक करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली प्रदेश की प्रथम चीनी मिल है। यूनिट गुलरिया में प्रथम दो दिन गन्ना आपूर्ति करने वाले 2800 किसानों और इकाई कुंभी में 2500 किसानों को 50-50 लाख रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया।

**गन्ना परिवहन के लिए रिट्रो रिफलेक्टर टेप लगाने के अभियान का हुआ शुभारम्भ:** सोमवार की शाम बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई-गुलरिया में सड़क सुरक्षा/गन्ना परिवहन के लिए रिट्रो रिफलेक्टर टेप लगाये जाने के अभियान का शुभारम्भ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रेडियम रिफलेक्टर गन्ने के वाहनों में लगाया जिससे कि रात्रि में एवं कुहरे के समय चलनेवाले वाहनों को दृश्यता की कमी के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

**इनकी रही मौजूदगी:** समारोह में इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त डॉ. राजेशधर द्विवेदी, मुख्य महाप्रबन्धक ( इकाई प्रमुख) योगेश कुमार सिंह, डॉ. राकेश सिंह चेयरमैन - भीरा समिति, महाप्रबन्धक (गन्ना) अनिल कुमार, महाप्रबन्धक (वाणिज्य) तुषार अग्रवाल, संजय सिंह महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), विपिन गुप्ता महाप्रबंधक ( पावर प्लान्ट), अपर महाप्रबन्धक (प्रोडेक्शन) राकेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) अजीत सिंह, वरिष्ठ उप प्रबंधक मानव संसाधन एवं वेलफेयर ऑफीसर अभिनेश कुमार मिश्र तथा चीनी मिल के सभी अधिकारीगण कर्मचारी उपस्थित रहे। नवीन पेराई सत्र 2024-25 के शुभारम्भ को लेकर किसानों में अपार उत्साह व्याप्त हैं।

## कुंभी चीनी मिल में नवीन गन्ना पेराई सत्र का आगाज



**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बलरामपुर ग्रुप द्वारा संचालित कुंभी चीनी मिल कुम्भी के नवीन पेराई सत्र 2024-25 का शुभारंभ सोमवार को पूजा अर्चना के साथ विधि-विधान पूर्वक डोंगे में गन्ना डालकर किया गया।इस अवसर पर कुंभी चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव (सी जी एम), राजीव कुमार श्रीवास्तव ( जी एम वाणिज्य ),प्रशांत चौधरी (जी एम इंजीनियरिंग), प्रदीप कुमार (जी एम उत्पादन), चंद्रहास (जी एम गन्ना), हरीश कुमार व मिल के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ पूजा अर्चना के उपरांत वैदिक मंत्रोचार के बीच डोंगा में गन्ना डालकर चीनी मिल के नवीन पेराई सत्र की विधिवत शुरुआत की। इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि चीनी मिल द्वारा क्षेत्र के संपूर्ण गन्ने की खरीद की जाएगी तथा ससमय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान भी किया जाएगा इसलिए औने पौने दाम पर कोल्हू या क्रेशरो पर गन्ने को न बेंचे । चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव द्वारा किसानों से यह भी अपील की गई कि जिन किसान भाइयों के पास गत वर्ष में गन्ना आपूर्ति कम होने की दशा में बेसिक कोटे की कमी है वह किसान अपना गन्ना कोल्हू क्रेशर पर औने-पौने दाम पर कदापि न आपूर्ति करें बल्कि अपना गन्ना अपनी ही पर्ची पर चीनी मिल को ही आपूर्ति करें जिससे आगमी वर्षो में उन्हें भी गन्ना आपूर्ति में सहूलियत मिल सके, इसके साथ ही ईकाई प्रमुख द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि किसान भाई कृपया साफ सुथरा अगोला रहित ताजा गन्ना ही शिफ्टवार मिल को आपूर्ति करें जिससे चीनी मिल सुचारु रुप से पेराई कार्य का संपादन करते हुए किसानों को गन्ना मूल्य का समय से भुगतान नियमित रूप से करती रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित किसान उपस्थित रहे।


## खबरें एक नजर में

### श्री राम जानकी मंदिर में अनुकूट का पर्व धूमधाम से मनाया गया




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला गोकर्णनाथ सदर चौराहे स्थित श्री राम जानकी मंदिर में अनुकूट का पर्व रविवार की देर शाम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया और बिजली की झालरों से जगमगाता मंदिर फूलों की खुशबू से महकता रहा। पुजारी हरिप्रसाद भट्ट ने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी को सुंदर वस्त्र पहनाकर मनमोहक रूप से सजाया गया। देर शाम दीपक गर्ग- शिवानी- कविता- और नीरज गर्ग ने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया। पुजारी हरिप्रसाद भट्ट ने छप्पन भोग के साथ पूरी सब्जी हलवे का भगवान को भोग लगाया। घंटे घड़ियालों की गूंज के साथ भगवान की आरती उतारी और उसके बाद मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सैकड़ो भक्तों में अनुकूट का प्रसाद वितरण किया। देर रात तक भक्तों में प्रसाद वितरण होता रहा। इस अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर कमेटी के श्रवण माहेश्वरी, घनश्याम अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, केशव अग्रवाल, महेश कुमार पटवारी, अजय राठी, मुकेश राठी, दौलत राम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रामकिशोर केडिया, शिखा अग्रवाल, तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

### अंजुमन इदरीसिया ने इलाज के लिए गरीब महिला की आर्थिक मदद



**मितौली खीरी।** क्षेत्र की एक गरीब बेवा महिला को समाजसेवी संस्था अंजुमन इदरीसिया ने कस्बे के एक अस्पताल में पहुंचकर उसकी आर्थिक मदद की है वहीं हर संभव मदद दिए जाने का भरोसा दिलाया है। मितौली क्षेत्र के निमचेना गांव की रहने वाली एक गरीब महिला के आंत में गांठ बन जाने के कारण वह काफी परेशान थी। उस महिला के पति ने एक लाख रुपये ब्याज पर लेकर उसका इलाज शुरू कराया लेकिन डाक्टरों ने आपरेशन करना बताया। कुछ फायदा न हो सका जिससे वह सदमें में आ गया और उसकी हार्ट अटैक से एक माह पहले मौत हो गई। महिला ने अपना आपरेशन लखनऊ में करवाया वहां के डाक्टर ने 50 हज़ार रुपये देने की बात पर महिला का इलाज किया। महिला ने कुछ पैसे बाकी कर मितौली स्थिति एक अस्पताल में आ गई। यह जानकारी अंजुमन इदरीसिया के लोगों को लगी वह तुरंत वहां पहुचकर करीब 20 हज़ार रुपए जमा करवाकर उस महिला को घर भिजवाया व हर संभव मदद किये जाने की बात कही है। इस मौके पर अंजुमन के प्रदेश प्रवक्ता मौलाना सरताज अहमद मितौली तहसील के सदर रोज अली, शाहनवाज़ नासिर, रहमत अली, सोनू मौजूद रहे।

### बोरिंग के गड्ढे की मिट्टी धंसी, दो व्यक्ति दबे, एक की मौत



**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी के एक गांव में रविवार शाम को बोरिंग के गड्ढे की मिट्टी धंसने से दो व्यक्ति दब गए। जिसमें एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं दूसरा व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया ।घटना की चर्चा क्षेत्र में आग की तरह फैल गई देखते ही देखते घटना स्थल पर आस-पास गांव के सैंकड़ों लोग इकट्ठा हो गए ।उधर कोतवाली मोहम्मदी पुलिस को घटना की जानकारी होते ही वह तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों व जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु कर दिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर के निकट खेत में नलकूप बोरिंग के गड्ढे में इदरीश( 44)पुत्र वहिदुल्ला व रफायतुल्ला (30) पुत्र सर्फू निवासी अमीरनगर ईंटें निकाल रहे थे ।अचानक बोरिंग के गड्ढे की मिट्टी नीचे धंस गई जिससे गड्ढे में काम कर रहे दोनों व्यक्ति दब गए ।तीसरा व्यक्ति जो गड्ढे के बाहर खड़ा हुआ था उसके चीखने चिल्लाने पर आस-पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे तथा स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर दल बल के साथ अमीरनगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी पहुंचे तथा जेसीबी और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया ।कठिन रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद देर शाम एक-व्यक्ति इदरीश जिसका हाथ ऊपर दिख रहा था उसे मरणासन्न स्थिति में गड्ढे से बाहर निकाल कर आनन-फानन में मोहम्मदी सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया। वहीं दूसरे दबे हुए व्यक्ति रफायतुल्ला के लिए लगभग दो घंटे देर रात तक जेसीबी और ग्रामीणों के द्वारा चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गड्ढे से बाहर निकल कर गम्भीरवस्था में सीएचसी मोहम्मदी भेजा गया किन्तु इलाज के दौरान ही उसकी मौंत हो गई ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह,कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह,चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी दल बल के साथ मौजूद रहे।

### सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के गांव नैनेपारा में सरकारी जमीन पर आरसी सेंटर बनने का विवाद थमने का नाम नहीं लें रहा है। सरकारी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर ग्राम प्रधान और दूसरे पक्ष के बीच सुलह होने के दूसरे दिन मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों को चोटे लगी है। थाना क्षेत्र के गांव नैनेपारा के ग्राम प्रधान जगन्नाथ ने बताया गांव की सरकारी जमीन पर लेखपाल द्वारा पैमाइश कर आरसी सेंटर बनवाने के लिए चिन्हित किया गया था। जिस पर आरसी केंद्र बनना था उसी जगह पर गांव के भूपेंद्र, ब्रजेन्द्र वर्मा आदि जबरन कब्ज़ा कर रहें थे। दीपावली की छुट्टी के दौरान उस पर जबरन निर्माण कार्य करवा रहें थे। डायल 112 और थाना पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने दोनों बच्चों को समझा बुझाकर दोबारा पैमाइश हो जाने के बाद निर्माण कराने के लिए कहा था। ग्राम प्रधान का आरोप है सुलह होने जाने के बाद उस जगह पर विपक्षी दोबारा निर्माण करने लगे। जब उन्हें रोका गया तो वह मारपीट करने पर आमादा हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के ज्ञानेंद्र ने बताया वह उनकी पुस्तैनी जगह है। जिस पर बहुत वर्षो से घूरा डाल रहे थे। प्रधान चुनावी रंजिश के चलते उसपर कब्ज़ा करवा रहें है। सोमवार की सुबह फिर वह प्रधान से पूछने गए थे उसी दौरान रास्ते में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों को चोटे लगी हैं। थाने में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। ज्ञानेंद्र का आरोप है कि पुलिस इस मामले को लेकर अभी भी गंभीर नहीं है। देर शाम तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

## युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के फूलबेहड़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कुछ मनचलों ने एक युवती को अगवाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, कार्यवाही न करने की हिदायत देने के बाद युवकों ने उसको व उसके परिवार को जान से मारने को धमकी देते हुए युवती को छोड़ दिया। युवती ने घर आकर अपनी आप बीती सुनाई। सुबह परिजन लेकर सुन्दरवल चौकी पहुंचे जहां चौकी इंचार्ज ने मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, कार्यवाही न होने से आहत पीड़ित परिवार फूलबेहड़ कोतवाली पहुंचा, जहां इंस्पेक्टर फूलबेहड़ ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजकर पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए लखीमपुर भेज दिया। कोतवाली फूलबेहड़ इलाके के एक गांव में एक नवंबर की रात लगभग सात बजे तीन सगी बहनें शौच के लिए गई हुई थीं, जहां पहले से घात लगाकर बैठे चार युवकों ने बदनीयती से युवतियों को अगवा करने की कोशिश की जिसमें से दो लड़कियां किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकल कर घर पहुंची जहां उन्होंने परिजनों को रो रोकर अपनी आप बीती सुनाई। परिजन रात भर लापता युवती की तलाश करते रहे काफी तलाश करने के बाद जब युवती को पता नहीं चला, अगले दिन दो नवंबर की सुबह लगभग चार बजे युवती अपने घर पहुंचकर युवकों की पहचान बताई, परिजनों ने दो अज्ञात सहित दो युवकों को नामजद करते हुए सुन्दरवल चौकी में तहरीर दी, पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुन्दरवल चौकी इंचार्ज ने कार्यवाही करने में हिला हवाली की, बाद में पीड़ित परिवार फूलबेहड़ कोतवाली पहुंचे जहां, इंस्पेक्टर आलोक धीमान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, और रेप पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर, ट्रक चालक की मौत

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ट्रक और ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने की टक्कर में ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की मौत हो गई है वहीं ट्रैक्टर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज चल रहा है। सीतापुर - शाहजहांपुर नेशनल हाइवे पर मैगलगंज बाईपास पर गलत दिशा में जा रहे ट्रैक्टर ट्राली की सामने से आ रहे लॉन्ग बॉडी ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक की मौके पर ही केबिन में दबकर दर्दनाक मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल हुए हेल्पर समेत ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए सीतापुर की महोली सीएचसी भेजा गया, जहां उपचार के दौरान ट्रेलर के हेल्पर की भी मौत हो गई।



सीतापुर जनपद के महोली कोतवाली क्षेत्र के बहुबनी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक पेशकार सोमवार सुबह लगभग आठ बजे डीएससीएल अजबापुर चीनी मिल से गन्ना सप्लाई कर अपने गांव वापस जा रहा था। जैसे ही वह मैगलगंज बाईपास एनएच 30 पर लिधियाई मोड़ के पास पहुंचा तभी सीतापुर की तरफ से आ रहे लॉन्ग बॉडी ट्रेलर से आमने सामने भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटकर ट्राली डिवाइडर पर चढ़ गई वहीं ट्रेलर हाईवे किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया। ट्रेलर के पीछे चल रहे अन्य ट्रक चालकों ने मौके पर रुककर 112 पुलिस समेत एंबुलेंस को फोन कर घटना की सूचना दी।

हादसे की सूचना पाकर एसआई विनोद कुमार सिंह समेत आस पड़ोस के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को खाई में पलटे ट्रेलर के केबिन से किसी की आवाज सुनाई दी तो पुलिस ने तत्काल क्रेन मंगाकर केबिन को सीधा कराकर लगभग एक घंटे चले रेस्क्यू के बाद उसमें दबे चालक व हेल्पर को बाहर निकाला जा सका।

हादसे में चालक आजाद (30) पुत्र मुशर्रफ निवासी गोहाना जिला मुजफ्फरनगर की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल हुए ट्रेलर के हेल्पर जुनैद पुत्र अज्ञात समेत ट्रैक्टर चालक पेशकार को उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी महोली सीतापुर भेजा गया। जहां उपचार के दौरान जुनैद की मौत हो गई वहीं ट्रैक्टर चालक पेशकार की हालत गंभीर बताई जा रही थी।

## समेकित प्रोत्साहन योजना से बन्द सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स को संजीवनी

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बन्द पड़े और घाटे में चल रहे सिनेमाघरों को पुन- संचालित करने और मल्टीप्लेक्स निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की है। यह जानकारी जिला मनोरंजन कर अधिकारी/ राज्य कर अधिकारी अरुण कुमार बाजपेई ने दी।

उन्होंने बताया कि उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या -112/11-5-2024-एम(34) /2017 दिनांक 08 अक्टूबर 2024 के माध्यम से प्रदेश में बंद पडे अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रुप से तोडकर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल सहित व्यावसायिक काम्प्लेक्स के निर्माण, पुराने बंद पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन/रिमाडल कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बंद पडे एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किये यथास्थिति पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों व्यावसायिक गतिविधियों सहित / रहित न्युनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है वहां मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित है उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघरों /मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना संचालित है। जिला मनोरंजन कर अधिकारी/राज्य कर अधिकारी अरुण कुमार बाजपेई ने बताया कि सभी सर्वसंबंधित जो इस योजना का लाभ पाने हेतु इच्छुक है, वह नियत प्रारुप पर आवेदन भरकर प्रस्तुत करें, जिससे आवेदन पत्र पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित राज्य कर दफ्तर में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक संपर्क कर सकते है।

## धौरहरा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील धौरहरा पर इस बार सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजेश कुमार ने जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 29 शिकायत आई। जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को धौरहरा तहसील पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम राजेश कुमार ने जनता की समस्याएं सुनते हुए विभिन्न विभागों से



संबंधित 29 शिकायत सुनी । जिसमें से 13 शिकायतों को मौके पर निपटा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 18 पुरानी शिकायतों का रिव्यू लिया गया। जिसमें 8 शिकायतों के शिकायतकर्ता शिकायतों के निस्तारण से असंतुष्ट थे। जिस पर एसडीएम ने इन शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट भेजने की बात कही है। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार आदित्य विशाल सिंह, पूर्ति निरीक्षक रमेश चंद वर्मा समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छठ पर्व के मद्देनजर सेठ घाट पर चल रहे साफ-सफाई के कार्य का हुआ निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका लखीमपुर अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने आगामी छठ पर्व के मद्देनजर सेठ घाट पर चल रहे साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अर्जुन दुर्गेश वर्मा, ग्राम प्रधान उत्तम वर्मा (सैधरी), सभासद प्रतिनिधि दीपक रस्तोगी, बजरंग शर्मा, संतोष वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि छठ पर्व हिन्दू समाज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है और इसे मनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएंगी। साफ-सफाई के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट की साफ-सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने भी इस कार्य की सराहना की और त्योहार की तैयारियों में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर: डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पलिया में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 25, पुलिस 08, विकास 09, पीडब्लूडी व गन्ना 03-03, आपूर्ति 02, नगर पालिका, विद्युत, महिला कल्याण की एक-एक, अन्य के 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ पलिया, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार आरती सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 27000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की खबरें भ्रामक व निराधार : बेसिक शिक्षा विभाग

**विभाग के लिए प्रदेश के छात्रों का हित सर्वोपरि है**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एक लाख 37 हजार परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। सर्वे में पाया गया कि 27,764 परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जहां 50 से भी कम छात्र हैं।

सरकार ने 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को आसपास के अन्य स्कूलों के साथ मर्ज करने का फैसला लिया है। इसे लेकर जब सियासत गरमाई तो योगी सरकार बैक फुट पर आ गई और बेसिक शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने कहा कि 27000 प्राथमिक विद्यालयों को निकटवर्ती विद्यालयों में विलय करते हुए बंद करने की बात की गई है बिल्कुल भ्रामक एवं निराधार है। किसी भी विद्यालय को बंद करने की कोई भी प्रक्रिया गतिमान नहीं है। प्राथमिक शिक्षा विभाग विद्यालयों में मानव संसाधन और आधारभूत सुविधाओं के विकास, शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने तथा छात्रों, विशेषकर बालिकाओ के, ड्राप आउट दर को कम करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस दृष्टि से समय-समय पर विभिन्न अध्ययन किए जाते हैं। विगत वर्षों में प्रदेश के विद्यालयों में कायाकल्प, निपुण, प्रेरणा आदि योजनाओं के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति एवं सुधार हुए हैं। विभाग के लिए प्रदेश के छात्रों का हित सर्वोपरि है। स्कूलों को बंद करने के फैसले को लेकर मायावती ने लिखा, यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकेण्डरी शिक्षा का बहुत ही बुरा हाल है जिस कारण गरीब परिवार के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा तो दूर सही शिक्षा से भी लगातार वंचित हैं।

# राजभवन में मनाया गया मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह

## संस्कृति विभाग, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के कलाकारों ने लोक कला, गायन वनृत्य की प्रस्तुति दी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन में मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा मध्य प्रदेश के लोक कला, गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कलाकारों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। मध्य प्रदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पर्यटन स्थल, वन्यजीव, नदियों और विश्वविद्यालयों पर चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कई ऐसे स्थल हैं, जहां लोक कलाओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के कार्य किये जा रहे हैं। धार्मिक महत्व वाले स्थलों जैसे पंचमढ़ी और उज्जैन के महाकालेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने भोपाल के जनजाति म्यूजियम की भी चर्चा की, जो आदिवासियों द्वारा संचालित है। उन्होंने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व को बाघों के संवर्धन के लिए अद्भुत बताया। राज्य के रीवा जिले में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्लांट की स्थापना के प्रधानमंत्री के प्रयासों को अद्वितीय बताया। राज्यपाल ने मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण नदी नर्मदा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस नदी को राज्य में माता की संज्ञा दी गयी है।

### दर्शनीय तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है मप्र

नदी नर्मदा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस नदी को राज्य में माता की संज्ञा दी गयी है। नर्मदा नदी चार राज्यों को पेयजल के साथ-साथ बिजली, पर्यटन और रोजगार उपलब्ध करवाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपने संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के पिछड़े और आतंक प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं नई पीढ़ी को अनिवार्य शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आपराधिक प्रवृत्तियों में कमी आएगी। मध्य प्रदेश को उन्होंने हरा-भरा, दर्शनीय तथा पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण राज्य बताया। इस अवसर पर राजभवन में मध्य प्रदेश की संस्कृति, खानपान, संगीत, तीर्थ स्थल एवं महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली का अवलोकन राज्यपाल ने किया। समारोह में मध्य प्रदेश राज्य पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना से लेकर लोक संस्कृति, महत्वपूर्ण स्थल तथा अद्यतन विकास को दर्शाया गया।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ-दिल्ली स्पेशल ट्रेन चार घंटे 28 मिनट लेट, हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-दिल्ली स्पेशल ट्रेन 4 घंटे 28 मिनट लेट हो गई। इससे नाराज यात्रियों ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा काटा। स्टेशन मास्टर को घेर कर ट्रेन लेट होने का कारण पूछा। स्टेशन मास्टर ने कहा- गाड़ी तैयार नहीं है। गाड़ी तैयार होने के बाद प्लेटफार्म पर लगाई जाएगी। परेशान यात्रियों ने मामले की शिकायत रेलवे अधिकारियों से की। इस दौरान यात्रियों की स्टेशन मास्टर से बहस भी हो गई। लखनऊ-दिल्ली स्पेशल ट्रेन का लखनऊ से चलने का समय रविवार 11 बजे है, जबकि ट्रेन सोमवार सुबह 3 बजकर 28 मिनट पर चली। यात्रियों का कहना है कि 11 बजे तक ट्रेन प्लेटफॉर्म पर नहीं लगी। इस दौरान स्टेशन मास्टर का घेराव किया गया। स्टेशन मास्टर ने दो घंटे में ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर लगने का आश्वासन दिया, लेकिन ट्रेन नहीं लगी। यात्री परेशान रहे। कोई भी रेलवे अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं था। इससे पहले दिल्ली से ट्रेन 4 घंटे 11 मिनट की देरी से लखनऊ पहुंची।

### बहराइच से लखनऊ आ रही बस का टायर फटा, हादसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहराइच से लखनऊ आ रही रोडवेज बस का अचानक टायर फट गया। बस में 54 से अधिक यात्री सवार थे। हादसा लोहिया पथ पर हुआ है। हादसा पिकअप भवन से लोहिया चौराहा जाने वाले ब्रिज पर हुआ है। टायर फटने से बस डिसबैलेंस हुई तो यात्री घबरा गए। हादसे के दौरान बस की स्पीड लगभग 40 से ज्यादा थी। हालांकि ड्राइवर ने बस को तुरंत किनारे किया। इससे बड़ा हादसा टल गया। बस बहराइच डिपो की है। यह राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफसे कैसरबाग जा रही थी। हादसा 11 बजे हुआ है। मौके पर 54 यात्री मौजूद थे। इस दौरान यात्रियों को भेजने के लिए बहराइच डिपो की दूसरी बस मंगानी पड़ी और यात्रियों को कैसरबाग डिपो ले जाया गया। टायर बस के दाहिने तरफ का फटा है। हालांकि बस ड्राइवर मोहम्मद सलीम ने बस को नियंत्रित कर लिया।

### छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण के लिए 02 अरब 50 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ 02 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। पंचम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50-रूपये प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रितध्बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

### डिप्टी कमिशनर के फ्लैट में लगी आग, खिड़की तोड़कर घुसी दमकल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड स्थित सूर्या अपार्टमेंट के बंद फ्लैट में आग लग गई। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था। घर से धुआं और लपटें देख लोगों ने दमकल को सूचना दी। फ्लैट बंद होने से दमकल कर्मियों ने खिड़की-दरवाजे तोड़कर 30 मिनट में काबू पा लिया। घर का सारा सामान जल गया है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। आग सूर्या लेक व्यू अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर 705 फ्लैट में लगी थी। फ्लैट इनकम टैक्स के डिप्टी कमिशनर वेंकेटेश्वर का है। लोगों ने बालकनी से लपटें उठती देखे तो भगदड़ मच गई। जा कर देखे तो बाहर से गेट बंद था। लोगों ने दमकल के साथ डिप्टी कमिशनर को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पहुंचे दमकलकर्मियों ने पहले पूरे टावर की लाइट बंद कराई। फ्लैट के दरवाजे को तोड़ा। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फ्लैट मालिक वेंकेटेश्वर ने बताया कि वह फ्लैट बंद कर अपनी पत्नी को बैंक छोड़ने के बाद दफ्तर चले गए थे।

### विधानसभा के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सोमवार सुबह विधानसभा के सामने एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। वहीं पुलिस की सतर्कता ने महिला की जान बचाई गई। हालांकि समय रहते उसको पकड़ लिया गया, जिससे वह खुद को आग लगाने से बच गई। फिलहाल पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। वहीं, हजरतगंज पुलिस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। हजरतगंज इलाके में विधान भवन के सामने सोमवार सुबह 40 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास किया, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे बचा लिया। पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा एक बयान में कहा गया, ''गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने आज सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर हजरतगंज थाना क्षेत्र में विधानसभा मार्ग पर आत्मदाह का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे समय रहते बचा लिया।

### पुजारी की हत्या, लूट के लिए घर में घुसे थे बदमाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में घर में अकेले रह रहे बुजुर्ग पुजारी की हत्या कर दी गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गम्भीर रूप से घायल बुजुर्ग को पुलिस ट्रॉमा सेंटर ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुजारी के सिर पर भारी वस्तु से मारने के निशान मिले हैं। वहीं परिजन लूटपाट के विरोध में हत्या की बात कह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि घर में लूटपाट या चोरी के कोई सबूत नहीं मिले हैं। हत्या के पीछे पारिवारिक और संपत्ति के विवाद के बिंदु पर जांच की जा रही है।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए तय होगी जवाबदेही : डिप्टी सीएम

**उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं अफसरों को दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे कौशाम्बी, आगरा, लखनऊ, लखीमपुर, गोण्डा, जौनपुर,एटा, सोनभद्र, मथुरा, फिरोजाबाद, रायबरेली, कानपुर नगर, शामली, बलिया, फतेहपुर, कन्नौज, मुरादाबाद बलरामपुर सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जालौन, बांदा व चित्रकूट के जिला अधिकारी, एसएसपी फिरोजाबाद, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक भदोही व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# नकरात्मक राजनीति में व्यस्त है कांग्रेस व भाजपा : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी समेत कई जन समस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रित करने की बजाए भाजपा और कांग्रेस ज्यादातार आरोप-प्रत्यारोप की नकरात्मक राजनीति में ही अभी व्यस्त हैं। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां पर इन लोगों ने मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है। जनता खुली आंखों से देख रही है कि इनके द्वारा किए गये पिछले चुनावी वादों का क्या बुरा हाल हो रहा है।

मायावती ने एक बयान में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या फिर भाजपा की, दोनों दलों ने जनता से जो वादे किये थे वो ईमानदारी से नहीं निभाए जा रहे हैं। क्योंकि इनके वादे होते ही लोगों को गुमराह करने व सरकार बन जाने पर उन्हें भुला देने के लिए। यही कारण है कि खासकर हिमांचल प्रदेश, कर्नाटक की कांग्रेस सरकारें वादाखिलाफी का आरोप झेल रही हैं। भाजपा की विभिन्न सरकारें सरकार बन जाने पर जनहित व जनकल्याण के वास्तविक ज्वलंत मुद्दों पर से ध्यान भटकाने के लिए अनेक प्रकार की जुगाड़ की राजनीति करती नजर आती हैं। वे कर्म को धर्म नहीं मानकर धर्म के ही कार्यक्रमों में ज्यादा व्यस्त नजर आती हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला अपना कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है बल्कि करोड़ों, गरीबों, मजलूमों व बेरोजगार लोगों के प्रति ईमानदार कर्म को ही अपना संवैधानिक दायित्व और राजनीतिक धर्म मानकर काम करती है। यूपी में अब तक चार बार रही बसपा सरकार के कार्य दिखते हैं जो अपने आप में मिसाल है। बसपा सरकार ने सरकारी व गैरसरकारी स्तर पर जितने रोजगार मुहैया कराए हैं उतने रोजगार उसके बाद की सपा और भाजपा सरकार मिलकर भी अब तक दे पायी हैं।



चिकित्सा स्वास्थ महासंघ यूपी के पदाधिकारियों ने लखनऊ के नये सीएमओ डॉ. एनबी सिंह से मुलाकात की और नये पद ग्रहण पर पुष्पगुछ देकर स्वागत किया।

# समाज अब भाजपा की चाल में फंसने वाला नहीं : डिंपल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी की नेत्री व मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने करहल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के समर्थन में एक जनसभा सोमवार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज अब जागरूक है, वह भाजपा की चालों में फंसने वाला नहीं है। भाजपा पूरी तरह नाकाम है।

समाजवादी पार्टी इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन के साथ पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को एकजुट करके करहल विधानसभा का उपचुनाव ऐतिहासिक मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। लोग परेशान हैं।

कानून व्यवस्था बदहाल है। शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। किसान को खाद, पानी, बीज नहीं मिल रहा है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। बेरोजगारी ने उन्हें हताश-निराश बना दिया हैं। सांसद डिम्पल यादव करहल विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं से घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर रही हैं। महिलाओं के साथ प्रचार करने में महिलाओं की समस्याओं से भी अवगत होने का उन्हें मौका मिल रहा है। महिलाओं के बीच उनकी भारी लोकप्रियता है। उन्होंने कहा कि भाजपा करहल विधानसभा उपचुनाव के साथ सभी विधानसभा उपचुनाव की सीटें बुरी तरह से हारेगी।

### वेतन की मांग को लेकर संविदा बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में संविदा बिजली कर्मचारियों ने चौक डिवीजन के बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। घंटाघर, नादान महल, मेहताब बाग, विक्टोरिया पावर हाउस और मेडिकल कॉलेज समेत 5 उपकेंद्रों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारी मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि दीपावली जैसे पर्व पर भी हमें वेतन नहीं मिला।

### करहल में पार्टी कहेगी तो जीजा के लिए करूंगी प्रचार : अपर्णा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मैंनपुरी की करहल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर मुलायम सिंह की बहू और भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने कहा, करहल में उनका भतीजा चुनाव लड़ रहा है। करहल में चुनाव प्रचार के लिए भाजपा नेतृत्व ने उनसे नहीं कहा है। यदि नेतृत्व कहेगा तो वह करहल में भी पार्टी के लिए प्रचार करने जाएंगी। अपर्णा का बयान ऐसे समय में आया है जब भाजपा और सपा के बीच करहल में कांटे का मुकाबला चल रहा है। अपर्णा यादव से पूछा गया कि वह करहल में भाजपाप्रत्याशी बन सकती थी, उन्होंने वहां से चुनाव क्यों नहीं लड़ा। उन्होंने कहा कि करहल में उनकाभतीजा तेजप्रताप चुनाव लड़ रहा है। करहल मेंभाजपा उम्मीदवार उनके जीजाजी हैं। चुनाव प्रचार का सवाल है तो पार्टी ने उनसे वहां चुनाव प्रचार करने के लिए नहीं कहा है। यदि प्रचार के लिए कहा जाएगा तो वहां भी चुनाव प्रचार करने जाएंगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ससुराल के लिए भी तो दायित्व होते हैं वह निभाने पड़ते हैं। अपर्णा यादव मुलायम सिंह यादव के दूसरे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी है और इस समय भाजपा में है। अपर्णा यादव से बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। करहल में सपा ने तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया है।

### 15 डिपो में मेंटिनेंस का कार्य करेंगी निजी कंपनियां : दयाशंकर सिंह



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परिवहन निगम की कार्यशालाओं की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 डिपो के वर्कशॉप को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निविदा पर दिए जाने हेतु टेंडर किया गया था। 19 डिपो में से 15 डिपो की निविदा का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 15 डिपो में कुल 1255 बसों के लिए दरें तीन रुपए 57 पैसे प्रति किलोमीटर से लेकर 5 रुपए 48 पैसे तक प्राप्त हुई है, इस निविदा के माध्यम से 15 डिपो वर्कशॉप में बस के मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को दे दिया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से श्याम इंटरप्राइजेज, एसडीएल एंटरप्राइजेज, आर.के. ऑटोमोबाइल है। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस निविदा कार्रवाई के सफलतापूर्वक कराए जाने के उपरांत अन्य 100 डिपो का भी मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को सौप जाएगास उन्होंने कहा कि कार्यशालाओं में तकनीकी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की कमी के कारण परिवहन निगम में बसों के मेंटीनेंस की समस्या का सामना करना पड़ रहा है स इस निविदा प्रक्रिया से निजी कंपनियों को मेंटीनेंस करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे कि अच्छी गुणवत्ता की बसों की मेंटीनेंस हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक की बसों के मेंटीनेंस के लिए दक्ष एवं क्वालिफाइड मैकेनिक होने चाहिएस इस संविदा प्रक्रिया के पश्चात दक्ष मैकेनिक उपलब्ध हो सकेंगे।

# प्रदेश की निकायों में कल से नौ नवम्बर तक स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**घाटों को नो प्लास्टिक जोन व छठ पूजा को जीरो वेस्ट इंवेट के रूप में मनाने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भगवान भास्कर के उपासना के महापर्व छठ पर शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाता है। सूर्योपासना के इस पर्व पर प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि घाट से लेकर गलियों तक की सफाई व्यवस्था और सुंदरीकरण उत्कृष्ट श्रेणी का बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, स्नान घर, मोबाइल टॉयलेट, पोर्टेबल टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के तहत घाट को नो प्लास्टिक जोन व जीरो वेस्ट इंवेट में बदला जाए। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश की निकायों में 05 नवम्बर से 09 नवम्बर तक स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छठ पूजा के लिये घाटों व सभी संपर्क मार्गो पर साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

इस दौराम घाटों के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य तथा पूजा स्थलों पर एल.ई.डी. वॉल आदि के माध्यम से स्वच्छता संबंधी संदेशों को दर्शाया जायेगा। निकायों द्वारा दिन में न्यूनतम दो बार घाटों की समुचित साफ-सफाई करायी जाएगी। सफाई के समय एकत्र किये गये कूड़े को उसी समय सेनेट्री लैण्ड फिल साईट पर अथवा उचित स्थान पर भिजवाया जाये। उन्होंने निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में एकत्र किये गये कूड़े अथवा सिल्ट को घाट-सड़क पर नहीं छोड़ा जाये।

**तैयारी** | छुट्टा जानवरों की सही संख्या पता करने लिए चल रहा है सर्वे

# योगी सरकार किसानों को छुट्टा जानवरों से दिलाएगी मुक्ति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुत देर बाद योगी सरकार को किसानों की याद आई। छुट्टा पशुओं से हो रही किसानों की फसलों को क्षति को लेकर अब चिंता की जा रही है।

किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने, दुर्घटनाओं का कारण बनने वाले छुट्टा जानवरों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी है। बड़ी योजना पर काम होगा, लेकिन इससे पहले छुट्टा जानवरों की सही संख्या पता करने लिए इनका सर्वे कराया जा रहा है। सत्यापन व गणना शहरों व गांवों से लेकर कस्बों तक में हो रही है। इसमें पता किया जा रहा है कि किस इलाके, गांव, खलिहान, चरागाह, कस्बे, मोहल्ले व शहर में कितने छुट्टा गौवंश हैं। आंकड़े आने के बाद संख्या के आधार पर जानवरों को सुरक्षित रखने काम शुरू होगा। नई गौशालाएं, कान्हा उपवन व नंदीशाला बनाए जाएंगे। अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। गांवों से लेकर शहरों तक सभी जगह छुट्टा जानवरों से लोग परेशान हैं। गांवों में यह जहां किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं शहरों में छुट्टा जानवर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। प्रदेश के तमाम जिलों में किसान काफी परेशान हैं। लखनऊ में भी किसान परेशान हैं। फसलें बर्बाद हो रही हैं। शासन ने 31 अक्तूबर 2023 को आदेश जारी कर निराश्रित गौशवंश को आश्रय स्थलों में संरक्षित करने का निर्देश दिया था। इनके लिए गौशालाएं बनाने को कहा था। जानवरों की सही संख्या का आंकलन न होने की वजह से इसके अनुसार संसाधन विकसित करने में दिक्कतें हो रही थीं। अब गौवंश व निराश्रित जानवरों की गणना करायी जा रही है। वास्तविक संख्या पता करने का काम शुरू हो गया है।

आंकड़े आने के बाद उनकी संख्या के आधार पर संसाधन विकसित किए जाएंगे। नयी गौशालाएं, आश्रय स्थल, कान्हा उपवन व नन्दीशाला विकसित होंगे। चिन्हित जानवरों को पकड़कर इन्हें रखा जाएगा। किसानों को राहत होगी। लखनऊ के सीडीओ ने निराश्रित गौवंश व जानवरों की गणना करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने लिखा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश व जानवरों की गणना व सत्यापन तत्काल शुरू किया जाए। वास्तविक निराश्रित गौवंश की संख्या संकलित की जाए। बीडीओ, अधिशासी अधिकारी, उप जिलाधिकारी के प्रति हस्ताक्षरोपरान्त इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे उनके क्षेत्र में बेसहारा गौवंश की गणना शत प्रतिशत पूरी हो चुकी है। कोई भी गौवंश व जानवर सत्यापन से छूटा नहीं है।

# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

▸ सिंचाई विभाग के नोडल-एक्सईएएन दुर्गेश कुमार गर्ग का वेतन रोकने के निर्देश



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर गोण्डा में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

तहसील सदर में जनसुनवाई के दौरान नहर विभाग की शिकायत प्राप्त हुई, जिसके निस्तारण करने के लिए सिंचाई विभाग के नोडल/एक्सईएएन दुर्गेश कुमार गर्ग बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

# आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आज से 10 दिवसीय कार्यक्रम शुरू

शहर में श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार गोंडा द्वारा सप्तम श्री बालाजी महोत्सव कार्यक्रम में पहली बार आयोजित दिव्य संगीतमय श्री राम कथा एवं हनुमंत पूजन का कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित श्री नूरामल मंदिर के प्रांगण में होगा। निशान एवं कलश यात्रा दोपहर 12:00 बजे मालवीय नगर स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी से निकलकर नगर में भ्रमण करते हुए नूरामल मंदिर के प्रांगण में संपन्न होगा।और कल बुधवार 06 नवंबर से 12 नवंबर तक प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक हनुमंत पूजन का कार्यक्रम होगा और सायंकाल 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक श्री रामकथा होगी। इस कार्यक्रम में कथा वाचक श्रद्धेय श्री रवि शंकर महाराज के मुख से होगा। और कथा समाप्ति पर 13 नवंबर बुधवार को प्रातः 7:00 बजे हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। और उसी दिन भव्य रात्रि जागरण एवं झांकी का भी आयोजन बाहर के कलाकारों द्वारा किया गया है जिसमें भजन गायक कन्नौज से संदीप मस्ताना, अयोध्या से राघव पंडित, भजन गायिका प्रयागराज से जूली सिंह एवं कानपुर से रुचि किंकर अपने-अपने मुखो से भजनों की हाजिरी लगाएंगी ।और झांकी का कार्यक्रम राजा छलिया ग्रुप द्वारा किया जाएगा। म्यूजिक में विनय म्यूजिकल ग्रुप रहे गा। यह सभी कार्यक्रम की जानकारी श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार के सदस्य सुनील कुमार रस्तोगी ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार गोंडा के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

# नौबस्ता में जय गुरुदेव सत्संग समारोह आयोजित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत नौबस्ता के मेला मैदान में जय गुरुदेव सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन में जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज दास महाराज ने मौजूद अनुयायियों को प्रवचन में कहा कि यह अनमोल मानव शरीर परमात्मा का बनाया हुआ सच्चा हरि मंदिर है। असली कुदरती काबा यही है। 24 घंटे आकाशवाणी अनदहवाशी गुंजायमान हो रही है। इसी आकाशवाणी पर जो आत्माएं जिसे सन्तों ने शब्द या नाम कहा उतार कर लाई गई अब उसका संबंध उस आकाशवाणी से टूट गया। जब आपको प्रभु प्राप्ति वाले सन्त, महात्मा और फ़कीर मिल जायेंगे तो शब्द को जोड़ने वाले साधना का मार्ग दे देंगे और आपका जीवन सफल हो जायेगा। संस्थापक अपनी जन जागरण यात्रा के 82 वें पड़ाव पर आये थे। उन्होंने समाज में व्याप्त हिंसा व अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति का कारण अशुद्ध खान पान बताया और अपील की कि मांसाहार छोड़कर शाकाहारी बनें। शराब जैसे धातक नशों का पारित्याग करें। चारित जैसे धन का संग्रह करें आंखों में मां- बहन बेटी की पहचान क़ायम रखें। अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग करें। महाराज ने 8 से 12 दिसम्बर तक जय गुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में भाग लेने का निमंत्रण अपने अनुयायियों को दिया। सत्संग में शान्ति व सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से डटा रहा। इस मौके पर धर्मराज यादव, ध्रुव सिंह राणा, आनन्दिता सिन्हा, सुरेश श्रीवास्तव, गंगा प्रसाद, शिवराम यादव, सहयोगी संगत जिला अंबेडकर नगर के रामलखन यादव, उत्तराखंड के पूरनलाल गंगवार समेत संस्था के कई पदाधिकारी वह प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे। सत्संग आयोजन में दीपेंद्र सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम के बाद जागरण यात्रा अगले पड़ाव बंधवा चौराहा ब्लॉक वजीरगंज के लिए प्रस्थान कर गई।

# युवती के शव की शिनाख्त करने में नाकाम एसओ लाइन हाजिर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के थाना कटरा बाजार क्षेत्र अन्तर्गत बीते 6 अक्टूबर को एक गांव के पास सड़क किनारे बीस वर्षीय अज्ञात युवती के शव मिलने से संबंधित घटना के अनावरण में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार द्वारा अभी तक कोई सार्थक प्रयास न करने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने तत्काल प्रभाव से प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता,कटरा बाजार को लाइन हाजिर कर दिया है।

आपको बता दें कि संजय कुमार गुप्ता कटराबाजार थाने पर करीब एक वर्ष से ज्यादा समय तक तैनात रहे। गोंडा के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में बीते छह अक्टूबर रविवार की सुबह सेल्हरी गांव के पास सड़क किनारे करीब बीस वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों के देखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक किसी धारदार हथियार से गला रेतकर युवती की हत्या करके उसका शव सड़क किनारे सुनसान जगह पर फेंका गया था। पुलिस ने शीघ्र ही युवती की शिनाख्त किये जाने की बात कही थी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ कर्नलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। फिलहाल घटना के करीब एक महीने बीतने को हैं लेकिन पुलिस युवती की शिनाख्त करने में नाकाम साबित हुई। इससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे थे और विभाग की काफी फजीहत हो रही थी।

अंततः पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता,कटरा बाजार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार भाइयों की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

▸ खेत से सब्जी लेकर मंडी जा रहे थे दोनों, परिजनों में मचा कोहराम




जिले के गोंडा- अयोध्या राजमार्ग पर नवाबगंज कस्बे के निकट कोल्ड स्टोर तिराहे से करीब दो सौ मीटर आगे सोमवार सुबह एक बस और बाइक की भिड़ंत में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों भाई खेत से सब्जी लेकर जा रहे थे। समय पर इलाज नहीं मिलने से उनकी जान चली गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के रमना मजरे के रहने वाले दोनों भाई खेत से हरी सब्जी को बाईक पर लादकर कस्बे की मंडी ले जा रहे थे। हादसे में मौत का शिकार बने चचेरे भाइयों में एक का नाम साहिल और दूसरे का शुभम है। दोनों में छोटे साहिल के पिता शिवकुमार बीते 13 वर्षों से जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। वहीं शुभम के पिता मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं।


### समय से मिल जाता इलाज तो बच सकती थी दोनों की जान

बताया जाता है कि राजमार्ग पर हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद दोनों किशोर सड़क पर पड़े दर्द से कराहते रहे। हादसे के काफी देर बाद बाद पुलिस के पहुंचने पर दोनों को ई-रिक्शा पर लादकर सीएचसी पहुंचाया गया। दोनों की हालत नाजुक होने से चिकित्सकों ने अयोध्या के मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह सात बजे दोनों भाई मंडी के लिए निकले थे। घर से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर यह हादसा हुआ। सीएचसी के रजिस्टर में दर्ज विवरण के अनुसार करीब नौ बजे दोनों को वहां इलाज के लिए पहुंचाया गया था।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ने किशोरी को रौंदा सीएचसी ले जाते समय मौत

▸ अपने घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने जा रही थी किशोरी



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत ग्राम बिलरवा निवासिनी एक बारह वर्षीय किशोरी को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलरवा निवासिनी बारह वर्षीय अंकिता देवी सोमवार सुबह अपने घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने जा रही थी।सामने से आ रहा अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया।सूचना मिलते ही परिवार वालों ने उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इकौना पुलिस द्वारा शव का पंचायत नामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। ट्रैक्टर को थाना पयागपुर अंतर्गत बभनियांवा चौकी की पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पयागपुर से बात की गई तो उन्होंने बताया की ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** घर से बाइक से जा रहे युवक को सोमवार सुबह अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर धोबियाहार निवासी जनार्दन गुप्ता उर्फ पप्पू सोमवार सुबह सात बजे घर से निकले। वह बाइक से बाबूपुरवा गांव जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही चफरिया मोड के पास पहुंचा। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे जनार्दन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल में इलाज शुरू होते ही सुबह 10 बजे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में युवक की मौत जिला अस्पताल में हुई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

# सराफा की दुकान से दस लाख से अधिक की चोरी

▸ शटर काटकर चोरों ने दिया वारदात को अंजाम



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जनपद के गजाधरपुर में स्थित एक सराफा की दुकान का रविवार रात चोरों ने ताला काट दिया। इसके बाद चोरों ने लाखों के सोने और चांदी के जेवरात की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यवसाई ने थाने में तहरीर दी है।फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर में एक मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर में ही लखनऊ बहराइच मार्ग के निकट दिवाकर पांडेय की ज्वेलर्स की दुकान संचालित है। प्रतिदिन की तरह रविवार रात दिवाकर दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने सराफा की दुकान का शटर काट दिया। इसके बाद सभी दुकान के अंदर घुसे। चोरों ने सोने और चांदी के जेवरात, हजारों रूपये नकदी चोरी की। सुबह आसपास के लोगों ने शटर टूटा देखा तो दिवाकर पांडेय को जानकारी दी। सराफा व्यवसाई मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि 10 लाख से अधिक की चोरी हुई है। चोर सीसीटीवी कैमरा भी उठा ले गए हैं। व्यवसाई का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से चोरियां हो रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है। इसके बाद केस दर्ज कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने जिले में धान खरीद का किया शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

▸ संसाधनों की बढ़ोतरी कर खरीदें धान : मोनिका रानी





जिले में सोमवार से धान खरीद शुरू हो गई। जिलाधिकारी ने सलारपुर के धान खरीद केंद्र पर पूजा अर्चना कर धान खरीद की शुरुआत की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत् पूजा-अर्चना के उपरान्त फीता काटकर क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उदघाटन किया।धान क्रय केन्द्र पर ग्राम जोहरा, नसरापुर, पकड़ीकला व कमोलिया के मौजूद कृषक हेमन्त वर्मा, ध्रुव नारायण सिंह, राम दयाल शुक्ला व कुंवर बहादुर पांडे को अपर जिलाधिकारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन की मंशानुरूप किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवश्यकतानुसार क्रय केन्द्रों पर संसाधनों की बढ़ोत्तरी भी की जाय, ताकि किसानों की उपज को आसानी के साथ खरीदा जा सके। डीएम ने क्रय केन्द्र के प्रभारी विपणन निरीक्षक देवेन द्विवेदी व किसानों से धान की क्वालिटी के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उपज की तौल करायी तथा किसानों से अपील की है कि अपनी उपज धान को सूखा कर क्रय केन्द्र पर लाये और बिक्री हेतु शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें ताकि तहसीलों द्वारा समय से सत्यापन की कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रूपेश सिंह, सचिव मण्डी समिति बहराइच धनन्जय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### विसर्जन स्थल मथुरा नहर का डीएम ने किया निरीक्षण



सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौटते समय जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा के ब्लाक बलहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिसवारा में स्थित मथुरा नहर का निरीक्षण कर श्री गणेश एवं श्री लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार को निर्देश दिया कि नगर के अन्दर व बाहर साफ-सफाई कराते रहें तथा सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग भी लगा दी जाय तथा विसर्जन स्थल पर प्रकाश हेतु भी माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात दरोगा के स्थानांतरित होने पर होमगार्ड संघ ने दी विदाई

▸ स्थानांतरित यातायात दरोगा के कार्यकाल से बहराइच की जनता बहुत संतुष्ट थी : रमाकांत श्रीवास्तव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

होमगार्ड ऐसोसिएशन के पदाधिकारियो ने यातायात मे लगे होमगार्ड्स जवानो द्वारा पुलिस लाइन यातायात कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात के दरोगा आनेन्द्र यादव का माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिष्ठान खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। होमगार्ड संघ के जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव ने कहा कि स्थानांतरित यातायात दरोगा आनेन्द्र यादव के कार्यकाल से बहराइच की जनता बहुत संतुष्ट थी, जिनका स्थानांतरण बहराइच से कानपुर हुआ है। राकेश शुक्ला ने उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान होमगार्ड संगठन के मंत्री हरिद्वार प्रसाद पांडे, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला, यातायात अध्यक्ष प्रताप नारायण, सह संरक्षक सर्वेश कुमार पाठक, कंपनी तेजवापुर प्रभारी रमेश चंद तिवारी, नगर प्रथम अध्यक्ष विष्णु दयाल तिवारी, जिला सचिव रियाज अहमद, दीप कुमार शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष रिसिया मालती प्रसाद, रविन्दर शुक्ला, विक्रमजीत यादव, प्रदीप शुक्ला, स्वामी दयाल, देवकीनंदन तिवारी, रामचन्दर मिश्रा,सत्यदेव यादव समेत यातायात के होमगार्ड्स जवान उपस्थित रहे।

# तहसील मोतीपुर में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

▸ अधिकारी जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें : मोनिका रानी



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, तहसीलदार अम्बिका चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने सचेत किया कि ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित को निलम्बित करने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्ज़े की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 44 में 05, नानपारा में प्राप्त 23 में 02, पयागपुर में प्राप्त 27 में 03, कैसरगंज में 39 में 06, महसी में 28 में 02, सदर बहराइच में 12 में 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

### गर्भवती महिलाओं की डीएम ने की गोदभराई, बच्चों को कराया अन्नप्राशन



सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर दरोगापुरवा की सरोजनी पत्नी सज्जन व रायबोझा की कौशिल्या वर्मा पत्नी कोमल वर्मा की गोदभराई की तथा ग्राम कुड़वा के उगमित पुत्र विश्राम व मुस्कान पुत्री अनिल को अन्नप्रासन्न कराया।

# श्री चित्रगुप्त पूजा एवं कलम दवात पूजन का हुआ आयोजन

▸ मेधावी छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ कायस्थ जन का हुआ सम्मान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



श्री चित्रगुप्त जयंती,यम द्वितीया के अवसर पर शहर के बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में भगवान चित्रगुप्त पूजा,कलम दवात पूजन,मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं वरिष्ठ जनों के अभिनंदन के कार्यक्रम का एवं विचार गोष्ठी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष श्रवण निगम ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोण्डा से आये अजय शंकर श्रीवास्तव बंटी रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त एवं उनके बारह पुत्रो की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के साथ शुरू हुआ। रविवार को शहर स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में चित्रगुप्त पूजा, कलम दवात पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं प्रोफेशनल कोर्सेस में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान स्मृति चिन्ह,प्रमाण पत्र देकर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक कुलदीप सिन्हा ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त कर्मो का लेखा जोखा एवं पाप पुण्य का निर्णय करने वाले है। कायस्थ समाज को आज एकजुट होने की जरूरत है।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष शशांक सिन्हा ने कहा कि कायस्थ समाज को संगठित एवं सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।कायस्थ समाज के बच्चें आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे है।युवा मंच के जिलाध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज को प्रबुद्ध वर्ग में रखा गया है।प्रत्येक कायस्थ की जिम्मेदारी है कि वह कायस्थों का उत्थान करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।अध्यक्षता कर रहे एवं समाज के अध्यक्ष श्रवण निगम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कायस्थ सभी वर्गों में श्रेष्ठ है। उन्होंने कायस्थों की हर क्षेत्र में भागेदारी के लिए सराहना की।श्री चित्रगुप्त चौक के संयोजक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थों को राजनीति के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए।समाज मे कई संगठनों की अपेक्षा एक समन्वय समिति या महासंगठन बनाकर समाज में अग्रणी भूमिका निभानी होंगी।श्री चित्रगुप्त समाज के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने समाज को एकजुट रहने की अपील की।

उन्होंने कहा समाज मे कई संगठनों में बटने से अच्छा एक होकर रहे तभी कायस्थों का भला हो पाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राहुल मोहन ने आये हुए अतिथियों एवं समाज के लोगो का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।कार्यक्रम को देवेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, शिव मोहन श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, पारस नाथ श्रीवास्तव, हर्षित राज श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, कौशल किशोर श्रीवास्तव,अद्वैत भूषण अकलू, अर्पित राज श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, लव निगम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के जिला महामंत्री पंकज श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में शुभ्रा श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, पूर्णिमा श्रीवास्तव, सुचिता श्रीवास्तव, सुलभ श्रीवास्तव, सुमित निगम, ओम प्रकाश सक्सेना, अजय शंकर श्रीवास्तव, डॉ विनय श्रीवास्तव, डॉ मलय श्रीवास्तव, निरंजन श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# आज आएंगे सांसद राहुल गांधी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। रायबरेली के सांसद राहुल गांधी का एकदिवसीय दौरा आज है इस दौरान वह जिले में चल रहे विभिन्न विकास के कार्यों की समीक्षा करेंगे। दिशा की बैठक के कई सालों के बाद आयोजित हो रही है जिसको लेकर रायबरेली का जिला प्रशासन अपने सांसद के प्रश्नों के जवाब देने के लिए तैयार है। राहुल गांधी के सांसद होने के पहले यहां की सांसद सोनिया गांधी थी जिनका कार्यकाल काफी लंबा रहा पहली बार जब उन्होंने रायबरेली से संसद पहुंची थी तो उनके द्वारा दिशा की बैठक में पहुंचकर विकास कार्यों की समीक्षा की गई थी उसके बाद से कई सालों तक दिशा की बैठक नहीं हुई है और अभी हाल ही में लोकसभा चुनाव में जिले की कमान राहुल गांधी के द्वारा संभाली गई है और उनके द्वारा यह दिशा की पहली बैठक है जिसमें वह एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं और जिले में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा करेंगे।

**सांसद की अध्यक्षता में होगी दिशा की बैठकः** जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर के द्वारा बताया गया कि पिछले बार जो दिशा की बैठक आयोजित की गई थी और उसे दौरान जो भी कार्य बैठक अनुमोदित किए गए थे उनकी समीक्षा की जाएगी इसके अलावा जो विकास के कार्य अभी अधूरे हैं उन पर चर्चा की जाएगी साथ ही नए कार्य के अनुमोदन के पश्चात उनकी रूपरेखा तय की जाएगी यह पूरी बैठक सांसद राहुल गांधी के अध्यक्षता में होगी जिसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधि और सभी विभागों के सभी अधिकारी शामिल रहेंगे।

**हिचकोले खाते राहुल गांधी पहुंचेंगे दिशा की बैठक में:** सड़कों को लेकर सरकारें कितनी गंभीर हैं इसका उदाहरण खस्ताहाल सड़के खुद बयां कर रही है देश प्रदेश और जिले का विकास तभी संभव है जब सड़के दुरुस्त रहेगी लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। दिशा की बैठक में जिले के सांसद राहुल गांधी विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए आ रहे हैं वह भी उन्हें सड़कों से गुजरेंगे जो गड्ढा युक्त हैं गड्ढा मुक्त तो नहीं कह सकते हैं क्योंकि पूरे जिले की स्थिति यही है बयां कर रही है कि सांसद महोदय को भी उन्हीं सड़कों से गुजरना होगा और जिले का विकास देखना होगा।

**जिले के लिए अभिशाप बन चुकी अमृत योजना से रूबरू होंगे सांसदः** रायबरेली नगर पालिका के लिए अभिशाप बन चुकी अमृत योजना भी सांसद महोदय को एक बड़ी चुनौती के रूप में स्वीकार करनी पड़ेगी विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए आते हैं और सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है यही नहीं सांसद राहुल गांधी के पिता स्वर्गीय राजीव गांधी ने भी कहा था कि दिल्ली से जब 1 रुपया विकास के लिए चलता है वह धरातल पर पहुंचते पहुंचते 25 पैसे में परिवर्तित हो जाता है उनका कहना भी चरितार्थ है विकास के लिए जहां लाखों करोड़ों रुपए आते हैं उनका बंदर बांट हो जाता है और विकास से जनता कोसों दूर हो जाती है।



- कई सालों के बाद रायबरेली में होगी दिशा की बैठक
- विकास कार्यों को लेकर सांसद करेंगे मंथन

### राहुल के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। रायबरेली में दिशा की बैठक को लेकर सांसद के द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के द्वारा सुरक्षा के इंतजामों को निरीक्षण किया गया उनके द्वारा जनपद के प्रमुख चौराहों का भी निरीक्षण किया गया राहुल गांधी के कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था ना बिगड़े उसके लिए भी ट्रैफिक के अधिकारियों और जवानों को दिशा निर्देश दिए गए साथ ही कानून व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया गया।

### बाइक के सामने अचानक आया साइकिल सवार, हुई टक्कर, तीन घायल

बछरावां, रायबरेली। साइकिल एवं बाइक की टक्कर में एक महिला व दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना सोमवार की है जब बछरावां महाराजगंज मार्ग पर ग्राम रसूलपुर के निकट बछरावां कस्बा निवासी विकास वर्मा पुत्र गोकरन प्रसाद उम्र लगभग 38 वर्ष एवं उनकी पत्नी प्रतिमा देवी उम्र लगभग 35 वर्ष जो गौतम खेड़ा प्राइमरी विद्यालय में अध्यापिका के पद पर तैनात हैं जिन्हें स्कूल बंद होने के बाद बाइक से लेकर वह वापस अपने घर की ओर आ रहे थे। रसूलपुर के पास पहुंचते ही गांव की तरफ से अचानक एक साइकिल सवार अधेड़ उम्र कमान पुत्र मजीद निवासी ग्राम रसूलपुर सड़क पर आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों एक दूसरे से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक पर सवार पति-पत्नी एवं साइकिल पर सवार तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु विकास वर्मा एवं साइकिल सवार उकमान की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं समस्याएं



सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। जनता की समस्याओं को हल करने के लिए तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में विभिन्न विभागों की शिकायत प्राप्त हुई।उसमें से कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।सलोन तहसील सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें राजस्व, पुलिस,बिजली विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित 62 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्या का प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई।इनमें से महज 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।डीएम ने सभी अधिकारियों के साथ लंबित मामलों पर वादी व प्रतिवादियों से बात की।शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसील क्षेत्र के संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन से सड़कें व नाली हुई बर्बाद, प्रधान ने लगाई अधिकारियों से गुहार



महाराजगंज, रायबरेली। संपूर्ण समाधान दिवस पर ग्राम प्रधान ने लगाई अधिकारियों से फरियाद जल जीवन मिशन बना मकड़े का जाल खराब कर दी गई ग्राम पंचायत की सड़के व नालियां। सुल्तानपुर ग्राम प्रधान संतलाल लोधी ने आज सोमवार को तहसील सभागार महराजगंज में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सुल्तानपुर विकासखंड महराजगंज रायबरेली का ग्राम प्रधान हूं। ग्राम की इंटरलॉकिंग सड़के के आरसीसी की सड़क व पक्की नाली को जल जीवन मिशन के ठेकेदारों द्वारा तोड़कर नाली गिराकर पाइप डाला जिसे पुनः ठीक कराने का आश्वासन दिया गया आश्वासन के बावजूद भी कार्य नहीं किया गया तथा पाइप भी मानक के अनुरूप नहीं डाला गया तथा रास्ते खुद जाने से जनता का आवागमन बाधित हो रहा है नाली से जल की निकासी नहीं हो रही है जिसे ठीक करने की कोई सुध नहीं ले रहा है। एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 21 शिकायतें आई मौके पर चार शिकतों का निस्तारण कर दिया गया अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निपटने की बात कही गई। राजस्व विभाग की 10शिकायत पुलिस विभाग की चार विकास की तीन अन्य चार शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आये।

- तहसील दिवस पर आईं 21 शिकायतें, चार का हुआ निस्तारण

### जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी के समान के साथ किया गिरफ्तार

रायबरेली। रेलवे स्टेशन के जीआरपी प्रभारी व उनकी पुलिस टीम द्वारा ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अभियुक्त को चोरी के समान के साथ रेलवे स्टेशन से ही गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त पर अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।आपको बता दे कि सोमवार को जनपद के रेलवे स्टेशन के जीआरपी प्रभारी विनोद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले जनपद के ही गेंदालाल पुत्र रामनरेश उर्फ धुन्नी निवासी ग्राम सबीसपुर थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली को रेलवे स्टेशन से ही चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक सैमसंग का मोबाइल 1360 रुपए वह एक कीमती बैग भी बरामद हुआ है गिरफ्तार अभियुक्त पर अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है वह अग्रिम विधि कार्यवाही की जा रही है।

- ट्रेनों में चोरी रोकने के लिए सक्रिय हैं हमः जीआरपी, रायबरेली



## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक में स्थित ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय को चोरों ने बनाया निशाना, हजारों का माल किया पार

महाराजगंज, रायबरेली। ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय को चोरों ने बनाया निशाना हजारों के सामान पर किया हाथ साफ। महाराजगंज विकासखंड में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि मैं महराजगंज ब्लाक मे ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर कार्यरत हूं। प्रार्थी दिनांक 30.10.2024 को ऑफिस बंद करके दीपावली के अवकाश पर था दीपावली अवकाश के बाद दिनांक 4.11.2024 को जब आये ऑफिस पहुंच तो देखा ऑफिस का ताला टूटा हुआ था तथा ऑफिस से एक अदद इनवर्टर एवं एक अदद बैटरी और चार अदद कुर्सियां अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई। महेंद्र शुक्ला का कार्यालय कोतवाली से 10 मी पर ब्लॉक परिसर में ही स्थित है वहीं चोरों ने कोतवाली पुलिस को एक बार फिर चैलेंज देते हुए घटना को अंजाम दिया है।

### सादुल्लानगर बाजार में धूमधाम से निकाली मां लक्ष्मी की विसर्जन शोभायात्रा



सादुल्लानगर/बलरामपुर। सादुल्लानगर बाजार में गाजे-बाजे के साथ सोमवार को शोभा यात्रा निकालकर मां लक्ष्मी प्रतिमा का चोरघटा घाट में विसर्जन किया गया। अबीर गुलाल से सरोबर महिलाओं की आंखें झलक पड़ी। जय घोष के साथ जय लक्ष्मी माता के उद्घोष गूंजते रहे। पटाखों के बीच में लक्ष्मी मैया अगले बरस तू जल्दी आजा के उद्घोष गूंजते रहे। लक्ष्मी मैया मेरा बना दो बिगड़े काज, जैसे गीतों से वातावरण भक्ति में रहा। डीजे की धुन पर थिरकते युवा भक्ति रस में सरोवर रहे। सादुल्लानगर बाजार में मां लक्ष्मी पूजन के पश्चात सोमवार को भव्य शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए निकाली गई। श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बाल गोपाल समिति के द्वारा आयोजित किया गया।कमेटी के व्यवस्थापक सदस्य-प्रभात गुप्ता, अमन गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, अंकित गुप्ता, गोलू गुप्ता, राजन गुप्ता, राजकमल, सूरज कमल, विष्णु गुप्ता, शिवम् गुप्ता, नीलेश गुप्ता, विपिन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। सादुल्लानगर क्षेत्र के सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, कुमिनडीह काली माता मंदिर मंदिर, अहिरौला शिव मंदिर, चैनवापुर काली माता मंदिर, पतकरपुर रहमतपुर, रामपुर अरना, अचलपुर, मनुवापुर आदि में आयोजित पूजा पंडालों में रविवार को पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। सादुल्लानगर में कमेटी के द्वारा हलुवा का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे। स्थानीय पुलिस मुस्तैद रही।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों पर चयन को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 14 नवंबर तक

बलरामपुर। जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद में समस्त बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 नवंबर 2024 से 10 दिन बढ़ाकर 14 नवंबर 2024 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पात्र महिला अभ्यर्थी दिनांक 14 नवंबर 2024 तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या उसके समकक्ष होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष व अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट upanganbadibharti.in पर उपलब्ध फॉर्मेट में ऑनलाइन मान्य होगा।

## अधिवक्ताओं ने सोमवार को किया न्यायालय कार्य का बहिष्कार

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। बार कौसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर उतरौला तहसील के अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायालय कार्य का बहिष्कार किया और गगन भेदी नारों के बीच तहसील परिसर से जुलूस निकाल कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर पहुंचा और जनसभा करके राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा।

अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद के जिला जज अनिल कुमार के रवैए की आलोचना करते हुए उनके निलम्बन व? वहां के अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं ने पूरे प्रकरण की जांच की मांग की। प्रदर्शन को महामंत्री अमित कुमार व तमाम पदाधिकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और अधिवक्ताओं की सुरक्षा की मांग की है।इस मौके पर अधिवक्ता मारकण्डेय मिश्र,धर्मराज यादव,आशीष कशौधन, नाजिर मलिक, वीरेंद्र सिन्हा, राम सूरत यादव, राजन श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव समेत तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।



# चौकी प्रभारी को दी गई भावात्मक विदाई

बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। बीते 14 माह से थाना क्षेत्र के थुलेंडी चौकी पर चौकी प्रभारी के रूप में तैनात उपनिरीक्षक वागीश कुमार मिश्रा को आज क्षेत्र के गणमान्य जनो के द्वारा भावात्मक विदाई दी गई। साथ-साथ उनके नए कार्य क्षेत्र अटौरा चौकी की जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी गई। आपको बताते चले की बीते 14 माह के कार्यकाल में थुलेंडी चौकी क्षेत्र ही नहीं अपितु थाना क्षेत्र के आम जनमानस के दिल एवं दिमाग में अपनी कार्यशैली एवं सकारात्मक विचारों के कारण जगह बनाने वाले वागीश मिश्रा के विदाई समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा, सभी ने उनको दुखी मन से विदा किया और उनके आगामी जीवन में निरंतर प्रगति कामना करते हुए उन्हे नवगंतव्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू रायनी, दिलीप पाठक, बाबू शुक्ला, बबलू बाजपेई, नीरज चौरसिया, आदर्श शुक्ला, ग्राम प्रधान सानू खान सहित चौकी एवं थाने का स्टाफ, पत्रकार बंधु एवं अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।



### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

शिवगढ़, रायबरेली। थाना क्षेत्र के पहुरावा मजरे बहादुर नगर में पत्नी से अनबन के चलते एक युवक ने फांसी लगा ली। युवक के परिजनों ने उसकी पत्नी पर आए दिन लड़ाई झगड़ा एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पहुरावा गांव के सुमित कुमार उम्र करीब 24 वर्ष घर में कोचिंग करके परिवार की जीविका चलाता था। वह पहले से विवाहित एक महिला के साथ बीते डेढ़ साल से रह रहा था। परिजनों ने बताया कि कल तक सब कुछ ठीक ठाक था। शाम को तथाकथित उसी महिला से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। सोमवार सुबह उसकी लाश नीम के पेड़ से लटकी मिली है। परिजनों ने उसी महिला पर सुमित को मरवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आजादी के बाद भी नसीब नहीं हो सका यहां के बाशिंदों को पीपे का एक पुल

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र के नंदौरी व भरवलिया गांव के बीच से होकर राप्ती नदी बहती है इस नदी पर पीपे के पुल बनवाने की मांग ग्रामीणों द्वारा काफी अरसे से की जा रही है।लेकिन मांगे पूरी न होने से इस सुविधा का लाभ ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है।नदी के उस पार भरवलिया समेत करीब आधा दर्जन गांव हैं जिनका थाना व तहसील नदी के इस पार उतरौला मुख्यालय पर पड़ता है जिसके चलते उन ग्रामीणों को बाहर आने का जरिया एक मात्र नांव का ही सहारा है।आने जाने की सुविधा न होने से स्कूली छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा से महरूम रहती हैं।बीच में नदी बहने के कारण एंबुलेंस सेवा भी ग्रामीणों को मयस्सर नही हो पाती।जिसके चलते गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।इसके बावजूद जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर ध्यान नही दे रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि राप्ती नदी पर एक पीपे का पुल हो जाने से हजारों ग्रामीणों को फायदा होगा और लगभग आधा दर्जन गांव के लोगों का आवागमन सुलभ हो सकेगा।फिलहाल नदी के उस पार बसे भरवलिया के बाशिंदों को आने जाने का एक मात्र सहारा नांव का ही है।क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा का कहना है कि क्षेत्रवासियों की मांग पर विभाग से संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर एक पीपे का पुल की स्थापना की मांग की गई है जल्द ही क्षेत्रवासियों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी।



# जिलाधिकारी ने निर्माणधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

- निर्माण कार्य में प्रगति लाए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। जनपद में संचालित अति महत्वपूर्ण निर्माणधीन परियोजना समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो इस हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की नियमित साप्ताहिक समीक्षा जा रही है।

इसी क्रम में जनपद में उच्च शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्माणधीन परियोजना मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का डीएम पवन अग्रवाल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर श्रमिकों की कम संख्या मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई, उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण सामग्री की लैब में जांच कराकर गुणवत्ता परखी तथा मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने का कड़े निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार , तहसीलदार बलरामपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान संपन्न

- अधिकारी 10 से 12 बजे तक करें जनता दर्शन

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं कतिपय शिकायतों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 जनता दर्शन करते हुए जनमानस की समस्याओं/ शिकायतों का सुने जाने तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किए जाने, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम बलरामपुर, क्षेत्राधिकार बलरामपुर, क्षेत्राधिकारी ललिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग,जिला विकास अधिकारी तहसीलदार बलरामपुर, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# अचलपुर चौधरी पवार हाउस पर दस एमबीए का लगा ट्रांसफार्मर

- विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि कमलेश पांडेय व विधायक रामप्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। विद्युत उपकेन्द्र अचलपुर चौधरी पर 10 एमबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय व क्षेत्रीय विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा ने अधिशासी अभियंता रमा शंकर मौर्य एसडीओ राजकुमार यादव की उपस्थिति में सोमवार को दीप प्रज्वलित, नारियल फोड़कर व फीताकाटर शुभारंभ किया गया। कई वर्षो के इंतजार के बाद विद्युत वितरण व्यवस्था का दंश झेल रहे अचलपुर चौधरी उपकेंद्र के उपभोक्ताओं को अंततः राहत मिल ही गई। विद्युत उपभोक्ताओं को विभाग के उच्चाधिकारियों और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि कमलेश पांडेय एवं विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा की उपस्थिति में उत्साहित नज़र आ रहे थे। विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सादुल्लानगर क्षेत्र वासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लम्बे समय से विधुत समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब ग्रामीण आंचल का एहसास नहीं होने की उम्मीद है। अधिशासी अभियंता रमा शंकर मौर्य ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अचलपुर चौधरी उपकेंद्र विद्युत व्यवस्था के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभी कुछ सुधार की आवश्यकता है जो हमारे संज्ञान में आया है जल्द ही सभी समस्याओं से मुक्त अचलपुर चौधरी उपकेंद्र पूरे जनपद में मिसाल कायम करेगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित ,बहरैची गुप्ता,रमेश चंद्र तिवारी,विष्णु गुप्ता ,कृष्ण कुमार गुप्ता,आशीष कुमार गुप्ता, गौरव सिंह,संतोष कुमार,अवार अभिनन्दन बृजनंदन यादव,राम मोहन,महेश गुप्ता, वेदप्रकाश, राममोहन, उमंग श्रीवास्तव, संदीप, राम लौटन गुप्ता, संदीप वर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों रहे।



# नशे के खिलाफ जंग

निश्चित रूप से पंजाब नशे की गंभीर चुनौती से गुजर रहा है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जाहिर बात है सीमा पार से शुरू किए गए छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा भारी मात्रा में हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। सतही तौर पर ये आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है। हाल के दिनों में पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। जिसमें 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। संदेश जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार का खात्म करना बेहद आवश्यक है। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सुनियोजित कार्रवाई जरूरी है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

# हैरिस हों या ट्रंप... भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

आर. के. सिन्हा



अमेरिका में कल यानी पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बने या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक-दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिला। 1990 के दशक में शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है।

हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक तानेबाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

*(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)*

**बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**

विचार

# डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य

*डॉ. अनिल कुमार निगम*



आज भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा।

इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं? दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है?

यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है।

हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है? दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं।

सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। आज सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्ज़ा कर लेते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं। फ्राड करने वाले इसी दौरान हमारे डिवाइस पर ऐक्सेस लेकर हमारा डाटा चुरा लेते हैं। दूसरा अहम सवाल यह है कि पढ़े लिखे लोग भी स्कैमर्स के जाल में क्यों फंसते हैं? इसका प्रमुख कारण हैं लोगों के अंदर पुलिस और जांच एजेंसियों का डर। इस डर के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में है। उसे यह जानकारी नहीं होती कि क्या कोई जांच एजेंसी फोन और वीडियो कॉल पर स्टेटमेंट रिकॉर्ड करती है अथवा बचाने के नाम पर ऑनलाइन पैसा भी मांगती है। दूसरा कारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर पीड़ित व्यक्ति सचमुच गलत काम कर रहा है तो वह आसानी से स्कैमर्स के झांसे में आ सकता है। लेकिन अगर व्यक्ति गलत काम कर ही नहीं रहा तो उसके डरने का सवाल ही नहीं उठता। वह स्कैमर्स का डटकर मुकाबला करेगा और अगर वह चाह ले तो स्कैमर्स को एक्सपोज कर भी कर देगा।

आज जिस तरीके से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए लोगों को अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक आने वाले लिंक, कॉल से सतर्क रहें। आज हर व्यक्ति को समझने की जरूरत है कि वे इस तरह के मामलों के झांसे में न आए। संदिग्ध या अनावश्यक कॉल को न उठाए। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह के मामले की जांच या स्टेटमेंट रिकॉर्ड नहीं करती है। अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी देकर आप देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*



# राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय के लिए प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नए कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित होगा।

# पटाखों पर क्यों नहीं लगता प्रतिबंध

*चेतन उपाध्याय*



खुशियों का महापर्व दीपोत्सव हर साल की तरह इस वर्ष भी गुजर गया। जाते-जाते यह फिर वही सवाल छोड़ गया। वही सवाल, आखिरकार पटाखों पर देशव्यापी प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ वर्ष 2008 से कार्यरत राष्ट्रीय संस्था सत्या फाउंडेशन यह मांग हर बार करती है। इस साल संस्था ने गूगल, एक्स और फेसबुक आदि सोशल मीडिया के सर्च बॉक्स में तीन शब्द डाले-पटाखा, दीपावली, हिंसा। इस पर पटाखे के कारण हिन्दू बनाम मुस्लिम विवाद की बहुचर्चित धारणा के विपरीत चौंकाने वाले नतीजे मिले। इसका निचोड़ यह निकला कि पटाखों के चलते पूरे देश में हिंसा और हत्या के ज्यादातर मामलों में, लड़ाई हिन्दू बनाम हिन्दू की है। और कोई आठवीं पास विद्यार्थी भी इंटरनेट पर ये सारे सबूत देख सकता है। यानी कि पटाखे ने हिन्दुओं को आपस में ही बंटने और कटने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि यह भी सच है कि धर्म विरोधी का तमगा मिल जाने के डर से अधिकांश लोग इस पर आंख पर पट्टी बांधे रहते हैं। आमतौर पर पटाखे के विरोध में गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में हो रहे भयंकर विरोध और हिंसा के तमाम मामले थाने और मीडिया तक पहुंचते ही नहीं हैं। धर्म, परंपरा और उत्सव की आड़ में यह अराजकता है। इसे नजरअंदाज करना देशहित में अच्छा नहीं।

अफसोस यह है कि साउंड प्रूफ घरों में रहने वाले नीति-निर्माता जनता की इस बदलती नब्ज को पकड़ पाने में विफल हैं। यह पटाखे ध्वनि प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। यह कड़वा सच है कि दीपावली का पटाखा हिन्दुओं को हिन्दुओं से लड़ाने का माध्यम बन गया है, मगर त्योहार और धार्मिक स्वतंत्रता की गूंज में ये सारी बातें नक्कारखाने में तूती की आवाज बन गई है। हैरानी यह है कि इस पर्व की आड़ में पटाखे का इस्तेमाल लोग अपने दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहे हैं।

विदेशों में हरियाली का प्रतिशत बहुत ज्यादा होता है और यह हरियाली, आतिशबाजी के शोर और धुएं को सोख लेती है। साथ ही विदेशों में पटाखा फोड़ने के लिए एक बड़ा मैदान होता है जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैयार रहती है। हमारे देश में बड़े लोगों के घरों के आसपास कोई पटाखा नहीं फोड़ सकता। मगर सामान्य स्थानों पर धर्म की आड़ में पटाखे खुलेआम फोड़े जाते हैं। शिकायत करने पर पुलिस धार्मिक मामला बताकर पल्ला झाड़ लेती है। बेशक, पटाखों से लोहवान, गुग्गुलु और चंदन की दिव्य महक आती है, पर यह चलन बंद होना चाहिए।

केंद्र और राज्यों के नीति-निर्धारकों का यह दायित्व है कि वे समाज को सही दिशा दें। नायक बनकर उभरें। आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित करें। यह किसी से छुपा नहीं है कि आतिशबाजी के कारण हर साल अरबों रुपये की संपत्ति आग में स्वाह हो जाती है। आतिशबाजी के चलते बेजुबान जानवरों की जान खतरे में पड़ जाती है। देश भर के करोड़ों अस्थमा मरीज तड़पने लगते हैं। पटाखों के कारण बहुत सारे लोग सिर्फ एक चिंगारी से अपने आंखों की रोशनी खो देते हैं। इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बारूद के इस कारोबार पर प्रतिबंध लगाए। यह जरूरी है कि बिना किसी धार्मिक भेदभाव के साल के 365 दिन पटाखों पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यहां यह जानना दिलचस्प होगा कि हर राज्य में बिकने वाले पटाखे, फुलझड़ियां आदि की अधिकतर आपूर्ति तमिलनाडु के शिवकाशी से होता है। वहां घर-घर पटाखे बनते हैं। पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से इस साल 30 फीसदी कम पटाखे बने। तब भी इस वर्ष शिवकाशी के पटाखा निर्माताओं ने 6,000 करोड़ रुपये का धंधा किया। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। शिवकाशी का आतिशबाजी उद्योग करीब 100 साल पुराना है। शिवकाशी में करीब 1,150 पटाखा कारखाना हैं। इन कारखानों में लगभग चार लाख श्रमिक काम करते हैं। यह शहर देश के लगभग 70 फीसदी पटाखों का उत्पादन करता है।

***(लेखक, सत्या फाउंडेशन वाराणसी के संस्थापक सचिव हैं।)***

साहित्य



## यहीं बजना है जीवन संगीत

**अशोक चक्रधर**



(यहीं जड़ों और उड़ानों के बीच
हमें निरंतर मंजना है)

चलना होगा
धरती की चाल से आगे
निकलना होगा जड़ों से
फूटकर अंकुराते हुए ऊपर,
भू पर।

फिर है अनंत आकाश
चाहे जितना बढ़ें,
लेकिन बढ़ने की
सीमा तय करती हैं जड़ें।
धरती भी शामिल होती है
जड़ की योजनाओं में
क्योंकि वृक्ष को
पकडक़र तो वही रखती है,
एक सीमा तक ही
बढ़ाती है वृक्ष को
क्योंकि फलों का स्वाद चखती है।

डाल पर बैठा परिन्दा
ऊंचाइयों से जुड़ेगा,
अपनी ऊर्जाभर उड़ेगा।
उसे वृक्ष नहीं रोकता
रोकती हैं जड़ें,
पंख जब मुश्किल में पडें,
तो उन्हें इसी बात को
समझना है,
कि धरती पर
जड़ों और उड़ानों के बीच
निरंतर मंजना है।

यहीं बजना है जीवन संगीत
यहीं समय का रथ सजना है,
यहीं चलना है उसे
इस चिंता के बिना
कि समय के अनेक रथों में
एक रथ बादल भी है
जिसका काम
उड़ने के साथ-साथ गरजना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# साहब हेडमास्टर न तो स्कूल आती हैं न ही एमडीएम बनता है, शीघ्र ही तबादला किया जाये

**ग्रामीणों ने एडीएम से लगायी फरियाद, 26 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं**

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के तहसील परिसर में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए, दो दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। इस मौके पर ग्राम सिजनोड़ा की ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका की शिकायत अपर जिलाधिकारी से करते हुए उन्हें विद्यालय से तत्काल हटाने की मांग की है।



नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी ने की। इस मौके पर कुल 26 फरियादी मामले आए जिसमें एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर ग्राम सिजनोड़ा के ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका नेहा गुप्ता न तो विद्यालय समय से आती है तथा मिड डे मील में भी भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं इसके अलावा अब वह बच्चों के अभिभावकों द्वारा शिकायत करने पर वह उन्हें झूठे मुकदमे फसाने की धमकी देती है। ग्रामीणों ने नेहा गुप्ता को तत्काल विद्यालय से हटाने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में कोई भी ग्रामीण अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेगा। सोमवार को विद्यालय में कोई बच्चा नहीं पहुंचा यहां तैनात स्टाफ हाथ पर हाथ धरे बच्चों के आने का इंतजार करता रहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक के अलावा जिले व क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### बाइकसवार झपट्टा मार गिरोह ने छीने तीन मोबाइल

**सुमेरपुर।** रविवार देर शाम बाइक सवार झपट्टा मार गिरोह ने कस्बे के बीच बाजार में तीन लोगों के मोबाइल छीनकर भाग निकले। पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज कराने को कहा जिससे पीड़ितों में निराशा फैल गई। सुमेरपुर कस्बे में पहली मर्तबा हो रही इस घटना से लोगों में निराशा व्याप्त है। घटना शाम करीब सात बजे की है जब कस्बा निवासी पवन कुमार गुप्ता रूपेश अवस्थी और एक अन्य युवक का मोबाइल झपट्टा मार गिरोह के बाइक सवार बदमाशों ने छीना। शोर मचाने के बावजूद किसी ने बदमाशों को पकड़ नहीं पाया। यह वारदात पशु बाजार चौराहा और नेहा चौराहा के बीच हुई। पीड़ित तुरंत थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर बदमाशों की खोजबीन कीए लेकिन वे तब तक भाग चुके थे। पुलिस के रवैये से पीड़ित मायूस होकर लौट गए, क्योंकि उन्हें मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज कराने को कहा गया।

# मत्स्य सहकारी समिति पत्यौरा की जांच लंबित होने के बाद भी एडीएफ ने कर दिया पट्टा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**एसडीएम सदर ने कहा- मामले की करायी जायेगी जांच, एडीएफ की लापरवाही के चलते ज्यादातर समितियों में चल रहा है विवाद**

मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के आवंटन का विवाद अभी थमने का नाम नही ले रहा है,समिति पत्यौरा के अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध विभागीय जांच का निस्तारण न होने के बाद भी एडीएफ ने इस खंड का पट्टा कर दिया है इस मामले की शिकायत शासन से की गयी है।

जानकारी के मुताबिक मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के आवंटन में पहली मर्तबा इतना विवाद सामने आया है। पिछले दिनों आवेदन व आवंटन में भारी अनियमितताओं की शिकायत की गयी थी समिति के संचालक सदस्य देवीदीन,श्रीमती रानी ने विभाग के प्रमुख सचिव से शिकायत की है कि समिति पत्यौरा के अध्यक्ष शिवनारायण एवं सचिव श्रीमती प्रभा देवी के विरुद्ध जांच अधिकारी ने पूर्व एडीएफ हमीरपुर ने जांच में दोषी पाया था इसकी रिपोर्ट निदेशक मत्स्य विभाग को दी थी अभी इस मामले की निस्तारण नही हो पाया यही नही समिति के सदस्यों ने सापेक्ष बहुमत नहोने के बाद भी एडीएफ ने श्रीमती प्रभा देवी के सचिव नियुक्त कर दिया था। यही नही पिछले साल के यमुना नदी क के ठेका का आय व्यय लेखा जोखा जांच में उपलब्ध नही कराये गये है। निदेशक ने इस मामले के निस्तारण के आदेश दिये थे, मगर एडीएफ हमीरपुर रमाकांत दोहरे ने अधूरे अभिलेख होने के बाद भी यमुना नदी खंड संख्या दस का पट्टा कर दिया है जो घोर अनियमितता में आता है। देवीदीन ने निदेशक व आयुक्त से लिखित शिकायत कीहै कि जब तक अध्यक्ष शिवनारायण सचिव श्रीमती प्रभा देवी के खिलाफ जांच जब तक पूर्ण नहो जाये तब तक पत्यौरा खंड संख्या दस का पट्टा कतई न किया जाये। इस मामले में उपजिलाधिकारी हमीरपुर पवन प्रकाश पाठक का कहना है कि इस मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी। एडीएफ हमीरपुर रमाकांत दोहरे का कहना है कि मामला संज्ञान मे है और भी जांच करा ली जायेगी। हालाकि मामले का निस्तारण कर लिया गया है। फिर भी दोबारा जांच करा ली जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम और तहसीलदार ने संयुक्त रूप से सुनीं शिकायतें, तीन का मौके पर ही किया गया निस्तारण



**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम व तहसीलदार ने संयुक्त रूप से शिकायते सुनी तथा गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश दिए। बताया जाता है कि रोस्टर के तहत आज के संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को आना था, पर वो नही पहुचे जिसके चलते उप जिलाधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ, दिवस मे बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की शिकायते एसडीएम यदुवेन्द्र सिंह बैस ने सुनी, तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया की आज के तहसील दिवस मे कुल 36 शिकायतें आयी जिसमें सबसे अधिक 16 शिकायतें राजस्व की थी, 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तरण कर दिया गया, दिवस मे पुलिस 13 के अलावा नगर पालिका 4 व बिकास से सवधित एक शिकायत थी, समाधान दिवस में जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी /कर्मचारी भी मौजूद रहे लेकिन जिलाधिकारी के न आने की भनक लगते ही एक-एक करके खिसक लिये।

### गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर घाटमपुर के वकीलों में रोष, न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया



**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** प्रदेश के गाजियाबाद जिले में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज और उन पर दर्ज किए गए आपराधिक मुकदमों को लेकर घाटमपुर बार एसोसिएशन की अगुवाई में यहां के वकीलों ने आज न्यायालयो का बहिष्कार कर प्रदेश के राज्यपाल और उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस को दिया और कार्रवाई की मांग की ज्ञापन देने वालों में घाटमपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी व महा मत्री नवीन कमल के अलावा बड़ संख्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा सदस्य गण मौजूद रहे।

### जान से मार फंदे पर लटकाने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** जनपद बांदा के जसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरी कला गांव निवासी सुधा सिंह ने बताया कि उसने अपनी पुत्री श्वेता सिंह की शादी 8 मई 23 को मल्हेटा गांव निवासी शिवम सिंह के साथ संपन्न की थी। कम दहेज की मांग को लेकर पुत्री श्वेता के साथ ससुरालियों ने प्रताड़ित कर मारपीट शुरू कर दी। 28 अक्टूबर की रात को शिवम नन्द राखी ने मारपीट की और जान से मार कर फंदे में लटका दिया। सूचना पर जब मौके पर पहुंचे तब श्वेता सिंह की मौत हो गई थी। मां ने थाने में पति शिवम ससुर राजू नंद राखी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### महिला ने मोबाइन नंबर नहीं दिया तो मारा-पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाने के टोला रावत गांव निवासी मुकेश ने बताया उसकी पत्नी शिमला कुछ दिन पहले प्रदीप कुमार ने मोबाइल नंबर मांगा और बात करने के लिए दबाव डाला। जब पत्नी ने विरोध किया तो उसे गाली देकर भगा दिया। इस बात को लेकर एक नवंबर रात साढ़े नौ बजे प्रदीप नरेंद्र कुमार घर के बाहर आकर मुझे और पत्नी को गाली गलौज करने लगे। जब मना किया तो पत्नी के साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर गांव के लोगों को आता देखकर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एक सहकारी समिति में वितरित की गयी खाद

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा ब्लाक की पांच समितियों में आज एक सहकारी समिति में खातेदार किसानो को खाद वितरण होती रही जबकि अन्य समितियों में अभी खाद के लिए किसान चककर काटते रहे। क्रय विक्रय केंद्र में वितरण पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिसमे खाते धारकों को पांच पांच बोरी खाद बाटी गई। वहीं अभी तक इस केंद्र में 240 एमटी खाद बाटी गई है। जबकी अभी 20 प्रतिशत किसानों को खाद की पूर्ती नहीं हो सकी इसी तरह क्रय विक्रय समिति में अभी तक 90 एमटी डीएपी खाद व 120 एमटी एनपीए खाद बाटी गई है इस समय कोई खाद यहाँ उपलब्ध नहीं है किसान चककर काट रहे है। इसी तरह इचौली सहकारी समिति में 54 एमटी डीएपी बाटी गई है जो किसानो की आपूर्ति से बहुत के है किसान खाद पर मारामारी को तैयार है इसी तह सिशोलर पीसीएफ मौदहा में भी खाद वितरण बंद है किसान दर दर भटकने को मोहताज है किसान प्रवीण त्रिपाठी निवासी अरतरा ने बताया की खाद केन्द्रों के चककर लगा कर परेशान है खेत ख़राब हो रहे है, खाद नहीं मिल पर रही वही परछा निवासी मूवीन खान ने बताया की खाद नहीं मिल रही है क्षेत्रीय सहकारी में 05 बोरी मिली है जिससे काम पूरा नहीं होगा, बाकि जगह खाद नहीं मिल रही, किसानो की बहुत ही दयनीय स्थिति है, खेत बोने को पड़े है, वह खाद केन्द्रो के चककर काट रहे है।

### पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।

### मिशन शक्ति अभियान-5: महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान फेज - 5.0 व 'शक्ति दीदी' अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई।

### दबंगों ने महिला व उसके पुत्र को मारापीटा, एसपी से शिकायत

**हमीरपुर।** दबंगों ने महिला व उसके पुत्र को गाली गलौच कर जमकर मारा पीटा पीडित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पीडिता केसर पत्नी मंगल सिंह यादव निवासी टोला थाना राठ ने एसपी को बताया कि वह तीन दिन पहले अपने पुत्र धर्मेंद्र यादव के साथ धान काटने के लिये मशीन लेकर गये थे ती पड़ोसी खेत वाला विहारी लोधी पुत्र दीनदयाल विक्रम लोधी ग्राम टोला ने गाली गलौच करने लगा। जब केसर ने उसका विरोध किया तो मारना पीटना शुरु कर दिया। पुत्र धर्मेंद्र को काफी चोटे आयी है। पीडिता ने एसपी से मामले की जांच कर न्याय की फरियाद की है।

# नयी नीति बनने के बाद ही डूडा से गरीबों को दिये जाएंगे पक्के मकान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**अनुमान है कि कांशीराम की तर्ज पर आवंटित किए जाए मकान, चार हजार लोगों को लगा जबरदस्त झटका, नयी नीति का हो रहा है इंतजार**

जिला नगरीय विकास प्राधिकरण(डूडा) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री शहरी व ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को अब फिलहाल शासन ने आवास निर्माण के लिये धनराशि देने से इंकार कर दिया है,शासन इस मामले में नयी पालिसी तय करने के बाद लाभार्थियों को बजट आवंटित करेगा। चर्चा है कि शासन ने कांशीराम आवास योजना की तर्ज पर लाभार्थियों को आवास देकर आवंटन करेगी। जिले में करीब चार हजार लाभार्थियों को जबरदस्त झटका लगा है।

जानकारी के मुताबिक शासनादेश के मुताबिक योजना के तहत डूडा ने साल भर लाभार्थियों से आन लाइन आवेदन मांगे थे हमीरपुर से जिन लोगो के कच्चे मकान बने थे ऐसे करीब चार सौ लोगो ने आवेदन किये थे, समस्त आवेदनों की रिपोर्ट शासन को भिजवा दी गयी थी जैसे ही आवेदन कर्ता के पात्र अपात्र होने के जांच का समय आया तभी शासन ने समस्त आवेदन फिर से डूडा को वापस कर दिये है शासन ने साफ कहा है कि इस योजना के तहत अब नयी पालिसी तय की जायेगी तभी लाभार्थियों को लाभ दिया जायेगा। यह योजना करीब दस साल से अधिक समय से संचालित है। अचानक एकदम योजना समाप्त कर नयी पालिसी तय करने को लेकर लोग अपने मन मे तरह तरह की अटकले लगा रहे है।डूडा के परियोजना अधिकारी खालिद अंजूम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार फिल हाल नयी नीति का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही नीति बनेगी उसी के अनुसार कार्य किया जायेगा अनुमान है कि शासन पूर्व में जिस प्रकार कांशीराम आवास योजना के तहत मकान गरीबों को दिये गये थे उसी तर्ज पर आवास बनाकर आवंटन करने का विचार किया जा रहा है या शासन दूसरी सुविधा देने पर विचार कर रहा है नीति शीघ्र ही बनाये जाने की उम्मीद है। बताया जाता है कि इस योजना के तहत जिले के करीब चार हजार लोगो ने आवेदन किये थे मगर योजना में नयी नीति बनाने की जानकारी होते ही गरीबों को जबरदस्त झटका लगा है। लोग नयी नीति का इंतजार कर रहे है।

## अमूल दूध का पनीर जांच में पाया गया फेल, होगी कार्रवाई

**हमीरपुर।** अमूल दूध का पनीर जांच में फेल पाया गया है। पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग ने सब्जी मंडी स्थित अमूल एंजेसी हरी ट्रेडर्स के यहां से अमूलदूध से निर्मित पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिये भिजवाया था जो अधोमानक पाया गया है। जांच में जितना फैट की मात्रा होनी चाहिये उतनी नही पायी गयी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हमीरपुर नगर रामसूरत यादव ने बताया कि जांच रिपोर्ट आ गयी है सैपल फेल पाया गया है कंपनी व एजेंसी मालिक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि किसी के सेहत के साथ खिलवाड नही करने दिया जायेगा। कई खाद्य सामग्री का सैंपल भरकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया है जिसमे परिणाम आना बाकी है।

# युवती ने फांसी लगा कर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** चिकाची थाने के बड़ेरा माफ गांव में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



बड़ेरा माफ गांव निवासी चेतराम अनुरागी ने बताया कि वह ईट भट्टे पर मेहनत मजदूरी कर अपने घर का भरण पोषण करता है। उसकी आठ पुत्री है। जिसमें पांच पुत्री की शादी कर चुका है। पुत्री अभिलाष की शादी का संबंध मुस्करा थाने के भैंसाये गांव के युवक के साथ तय किया गया था। रविवार को अभिलाषा ने अपने कमरे में जाकर साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। शंका होने पर कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर झूल रही थी। जब तक फंदे से उतरा तब तक उसकी मौत हो गई थी। वह मां सिया रानीए भाई हरिकांतए बहन जयकुंवर और संजू को छोड़ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिकाची थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि लड़की का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसलिए फांसी लगा ली।

# पत्रकारों पर हो रहे हमलों और मुकदमों के विरोध में उठी कार्रवाई की मांग

**पत्रकार संगठनों के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौंपा राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में विभिन्न पत्रकार संगठनों के बैनर तले एकत्रित हुए सैकड़ो पत्रकारों ने बीते दिनों फतेहपुर जिले में हुई पत्रकार की हत्या एवं हमीरपुर जिले के सरीला में दो क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गुर्गो के साथ मिलकर की गई दबंगई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग उठाई है।दरअसल आपको बता दें कि यूपी के फतेहपुर जिले में पत्रकार की निर्मम हत्या के बाद हमीरपुर जिले के सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गो के साथ मिलकर दो क्षेत्रीय पत्रकारों को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने एवम् अमानवीय कृत्य कर यूरिन पिलाने का गंभीर आरोप लगने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय पुलिस से साँठ-गांठ कर पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। दबँग नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों के साथ की गई बर्बरता का वीडियो सामने आने के बाद पत्रकारों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। पत्रकारों के साथ हुई घटना से आक्रोशित सैकड़ों पत्रकारों ने अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब,उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी., उपजा एवं प्रेस क्लब के बैनर तले इकट्ठा होकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल एवम् मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन भेजकर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लेने एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग उठाई है। इस दौरान यूपी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश द्विवेदी,संजय मिश्रा, वहीद अहमद, महेंद्र द्विवेदी, मनोज ओझा, विष्णु गुप्ता, अफसार अहमद, रविन्द्र मिश्रा, कृपाशंकर साहू (छोटू साहू), शांतनु सोनी, उमाकांत द्विवेदी, जावेद वागवान, रविन्द्र मिश्रा, सीता पाल,आनन्द द्विवेदी, आनन्द तिवारी, शहबाज राईन, गोरेलाल कुशवाहा, अनुज शर्मा, रशीद कुरैशी, वीरेंद्र सक्सेना, अभिनय चंदेल, कुलदीप शर्मा, अजय व्यास, सलमान खान, अखिलेश द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, ए.के. त्रिपाठी, प्रकाश सक्सेना, योगेश चौबे, सरफ़राज़ कुरैशी, इमामी खान आदि सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

### बघौरा में तालाब में डूबकर युवक की मौत

**महोबा।** अजनर थाना क्षेत्र के बघौरा गांव में तालाब में मछली पकड़ने के दौरान एक युवक की पानी में डूबकर मौत हो गई । बीते रोज घर से निकले युवक का आज सुबह तालाब में शव मिलने से परिजनों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है ।महोबा के अजनर थाना क्षेत्र के बघोरा गांव में रहने वाला प्रदीप साहू नामक युवक घर से तालाब में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। मगर वह देर शाम तक घर नही आया था। हम लोगों ने सोचा कि वह कही घूमने गया है। आज सुबह तालाब पर पहुंचने पर हम लोगों को उसकी चप्पल पानी मे तैरती दिखाई देते ही सभी परेशान हो गए। स्थानीय ग्रामीण गोताखोरों की मदद से मेरे भाई की तालाब में तलाश की गई जहाँ उसका शव बरामद हुआ है।

# मेडिकल स्टोर संचालक दुकानदार से 60 हजार की टप्पेबाजी

**गोलक में रखी 60 हजार की नकदी लेकर बाइक सवार बदमाश हुए फरार**



**महोबा।** शहर कोतवाली इलाके के राजकीय वीरभूमि डिग्री कॉलेज के पास स्थित अर्पित मेडिकल स्टोर पर टप्पेबाज गैंग के तीन बदमाश मेटा क्रीम लेने के बहाने गोलक में रखी 60 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। तीनों टप्पेबाजों का पीछा करने के दौरान बुजुर्ग मेडीकल संचालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मोके पर पहुंची पुलिस द्वारा मेडिकल संचालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तो वही पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। महोबा शहर कोतवाली इलाके के पूछ वाली गली में रहने वाले 70 वर्षीय राम आश्रय गुप्ता मेडिकल स्टोर में बैठे हुए थे तभी तीन अज्ञात युवकों ने ने आकर उनसे मेटा क्रीम देने की बात कही थी । जिसे अलमारी से उठाते ही बदमाशों ने गोलक में रखी करीब 50 से 60 हजार की नगदी उठाकर भाग खड़े हुए है।

# बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**गाजियाबाद के जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ हुए व्यवहार व पुलिसकर्मियों द्वारा की गई मारपीट पर कार्रवाई की उठाई मांग**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिकवक्ताओ द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया गया । इस दौरान अधिवक्ताओ ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सोपते हुए कार्यवाही की मांग की है ।

महोबा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष इंद्रपाल यादव ने बताया कि गाजियाबाद में बीते 29 तारीख को जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ दरवाजा बंद कर बर्बरता की गई है। साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं को लाठी डंडों से पिटाई कराई गई है । मगर शासन द्वारा अभी



तक अधिवक्ताओं के साथ पुलिस व जिला जज द्वारा की गई बर्बरता का संज्ञान नहीं लिया गया है जिसके चलते समूचे प्रदेश के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर जिला जज के निलंबन की मांग की है । तो वही दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौप कार्यवाही की मांग की है ।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को सार्वजानिक अवकाश होने के कारण आज दिनांक 04 नवम्बर 2024 को तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता में 31 में से 02



तथा तहसील महोबा में उपजिलाधिकारी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 22 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी।

# यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत यातायात पुलिस टीम ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात माह नवंबर के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया जा रहा है साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की संभावित हानि पर चर्चा की और लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी जा रही है। इस अवसर पर यातायात जागरुकता पम्पलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बड़े वाहनों, जैसे ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर लाइट रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए ताकि रात के समय वे आसानी से दिखाई दे सकें। इसके साथ ही, सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात माह के रोस्टर के अनुसार, नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# प्रेमिकाओं को खुश करने के लिए बैंक में चोरी का किया असफल प्रयास

- पुलिस पकड़ में आये 20 वर्षीय युवक ने किया चौकाने वाला खुलासा



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मध्य छाया चौराहे के निकट स्थित पंजाब नेशनल बैंक का दरवाजा तोड़कर घुसे बदमाश ने लाकर तोड़ने का प्रयास किया। ग्राइंडर से लाकर तोड़ने का प्रयास असफल होने पर बदमाश चला गया। बड़ी घटना होने से तो बच गई पर घटना के चौथे दिन जानकारी होते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए।

काफी प्रयास के बाद फुटेज के सहारे पुलिस ने एक युवक को दबोचा, जिसके जरिये पुलिस ने मामले का खुलासा किया। दावा है कि विदेश में बैठी प्रेमिकाओं को खुश करने के लिए, युवक ने लाकर तक पहुंचने की कोशिश की। 31 अक्टूबर से हुई बैंक बंदी के बाद सोमवार को शाखाएं खुली। शहर के छाया चौराहे के निकट पंजाब नेशनल बैंक की शाखा स्थित है। यहां के शाखा प्रबंधक सोनू दीक्षित ने पुलिस को बताया कि वह जब बैंक पहुंचे तो मुख्य द्वार टूटा व खुला पाया। इससे स्पष्ट हो गया कि बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया गया है। इसकी सूचना उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में एसपी उत्तरी सीएन सिन्हा, शहर कोतवाल आलोक मणि व बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स बैंक पहुंच गई। जांच पड़ताल के दौरान थोड़ा सुकून तब मिला, जब लाकर सेफ होने की जानकारी हुई। एसपी ने पुलिस टीम को तत्काल खुलासे के लिए जुट जाने के निर्देश दिए। डाग स्क्वायड व फारेंसिक टीम की पड़ताल के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया। करीब 70 कैमरे खंगाल डाले गए। इनमें एक युवक चेहरे पर प्लास्टिक की बोरी लगाए संदिग्ध दशा में घूमता मिला।

बैंक में सेंध 31 अक्टूबर को लगाई गई जबकि आरोपी युवक ने एक दिन पूर्व 30 अक्टूबर को बैंक व आस पास रहकर रेकी की। इसके बाद उसने घटना को अंजाम देने की योजना बनाई। एसएसपी उत्तरी ने पत्रकारों को बताया कि जांच पड़ताल के दौरान एक वीडियो फुटेज प्राप्त हुआ, टेक्निकल ऐप के माध्यम से चेहरे को स्पष्ट करते हुए अभियुक्त की पहचान शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज थाना कोतवाली नगर के रूप में की गयी, जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। इसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया।

### प्रेमिकाओं को खुश करने के लिए गुनाह

पुलिस ने बताया कि शाहिद खान की तीन गर्लफ्रेंड हैं, इनमें से एक इंस्टाग्राम के माध्यम से मिली जो कनाडा में रहती है। चैटिंग के माध्यम से दोनों में प्रेम सम्बन्ध प्रगाढ़ हो गये। प्रेमिका को प्रभावित करने को महंगे उपहार देने के लिए शाहिद को रुपयों की आवश्यकता थी। 30 अक्टूबर को बैंक के बाहर स्थित दुकान पर बैठकर रेकी करने के दौरान उसे विश्वास हुआ कि बैंक में काफी रुपये है एवं त्योहार के दृष्टिगत बैंक कई दिन बन्द भी रहेंगे। 31 अक्टूबर की रात को बैंक के मेन गेट के ताले को तोड़ने का प्रयास किया गया न टूटने पर ग्राइंडर का प्रयोग किया गया किन्तु असफल रहा।

### तीन दिन तक बैंक जस का तस पड़ा रहा

31 अक्टूबर को बैंक में तोड़फोड़ की गई, असफल बदमाश खाली हाथ लौट गया। इस तरह 31 की रात मिलाकर करीब साढ़े तीन दिन तक बैंक यूं ही खुला पड़ा रहा। बैंक मैनेजर की ही मानें तो मुख्य द्वार टूटा मिला, यानी कि छुट्टी के दिनों में कोई भी बैंक में दाखिल हो सकता था। त्योहार के रंग में बैंक ऐसा रंगे कि खुद के ठिकाने को ही सरेआम छोड़ दिया। गनीमत रहे कि सक्रिय व शातिर चोरों की नजर इधर नहीं गई वरना नजारा कुछ और ही होता। न बैंक ने ही सुरक्षा के इंतजाम किए और न पुलिस ने आसपास हुई चोरी की घटना से कोई सबक लिया।

# अज्ञात चोरों ने उड़ाए नकदी जेवर सहित लाखो के सामान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के सफदरगंज रोड पर महफूज धर्मकांटा के पास बने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया जेवर नगदी सहित कीमती सामान किया पार। पीड़ित ने पुलिस को दी सूचना पुलिस कर रही जांच। रविवार की बीती रात्रि में सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर बने एक मकान में सीढ़ी लगाकर घर के अंदर प्रवेश हुए चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें जेवर व नगदी उठाकर फरार हो गए।

चोरों ने घर के अंदर जमकर उत्पाद मचाया कोई भी अलमारी बक्सा सिंगारदान तक नहीं छोड़ा बेड के अंदर रखा सामान भी पार कर दिया। बदोसराय निवासी कमरुद्दीन पुत्र बाबू ने बताया कि मकान में बीती रात में अज्ञात चोर घर के पास में रखी सीढ़ी को उठाकर घर के पीछे लगाकर छत पर चढ़े और छत पर चढ़ने के बाद आंगन का लोहे का जाल हटाकर सीढ़ी के सहारे घर के अंदर पहुंच गए। घर में रखी अलमारियों ताले तोड़कर अलमारी में रखें जेवर व नगदी पार कर दिया हम सुबह करीब साढ़े चार बजे जब जगे तो देखा घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है। तुरंत अन्य घर वालों को सूचना दी सभी ने घटना की सूचना के बाद देखा कीमती सामान गायब है। तब सभी के होश उड़ गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कमरुद्दीन की माने तो चोरी करीब सात लाख की हुई जिसमें नगद रुपये जेवरात तथा सोने के कंगन आदि महंगा सामान शामिल है। इस संबंध में कोतवाली बदोसराय प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है पुलिस जांच कर रही है।

# यदि शिकायतों के निस्तारण में फर्जीबाड़ा पकड़ा गया होगी कार्रवाई : डीएम

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- शिकायतों के समाधान में थानाध्यक्ष न बरतें लापरवाही : एसपी
- क्षेत्र में अवैध कब्जे के लिये लेखपाल व राजस्व निरीक्षक होगा जिम्मेदार

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि विवादों से संबंधित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान 26 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों/चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए। अब जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जबाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही संबंधित थानाध्यक्ष के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने 13 सहकारी समितियों में उर्वरक की उपलब्धता हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन कर शाम तक अपनी आख्या प्रस्तुत करें। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस कोंच में कुल 26 प्रार्थना पत्र जिसमें राजस्व विभाग के 8, पुलिस विभाग के 7, विद्युत विभाग के 3, विकास विभाग के 4, अन्य के 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से मौके पर ही 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।



### नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र पंचायत निधि से लगभग 13 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्गो का लोकार्पण सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व श्री सिंह ने बाबा टीकाराम धाम में दर्शन पूजन भी किया। लोकार्पण के बाद श्री सिंह ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार लगातार प्रदेशवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य कर रही हैं। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाएगा और उन्हें दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक जे ई आशुतोष कुमार पाल , मनोज सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा, भाजपा नेता अजय तिवारी नन्हें भैया, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती सुशीला पत्नी राज करन व श्रीमती सावित्री पत्नी जमुना प्रसाद सहित पार्टी कार्यकर्तागण व ग्राम वासी मौजूद रहे। उल्लेखनीय हैं कि ग्राम पंचायत बेहटा मे 6 लाख 33 हजार की लागत से बनी125 मीटर व सराय निरहूं मे 6 लाख 37 रूपये की लागत से बनी150 मीटर लम्बी इंटरलाकिंग रोड का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से किया गया है।

# धान की रखवाली कर रहे युवक की गला घोंटकर हत्या

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा मे बीती रात्रि धान की रखवाली करने गये एक 35 वर्षीय युवक की बीती रात्रि गला घोंट कर हत्या कर दी गयी मृतक ग्राम बांसा का निवासी है मौके पर पहुंची सफदरगंज एव मसौली पुलिस ने हत्या के कारणों की गहन जाँच पड़ताल करते हुए सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से बातचीत की।

रविवार की देर शाम मसौली थना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार चौहान पुत्र राम सजीवन खाना खाने के बाद करीब डेढ़ किमी0 की दूरी पर स्थित सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा स्थित खेत मे तैयार हुए धान की रखवाली करने गया था सोमवार की भोर रंजीत के बड़े भाई गुड्डू पत्नी के साथ धान की कटाई के लिए गये तो आम के पेड़ के नीचे पड़े रंजीत का शव देखकर चिल्लाने पर बांसा रामपुर मार्ग पर निकल रहे राहगीरों की भीड़ जुट गयी सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह ने घटना का की जाँच करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खाना खाने के दौरान हुई घटना

परिजनों के मुताबिक मृतक घर से करीब 7 बजे खेत के लिए निकला था तथा रात्रि का खाना साथ मे ले गया था कि रात्रि का खाना खेत मे ही खाएंगे मृतक का शव जिस स्थान पर पड़ा था उससे करीब 50 मीटर की दूरी पर खड़ी ठेलिया पर खाना बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतक की हत्या ठेलिया के ही निकट कर शव को पेड़ को पेड़ नीचे डाल दिया है। मृतक के गले मे चोट के निशान दर्शा रहा था कि मृतक का गला घोट कर हत्या की गयी है।

### बाप के साये से मरहूम हुए तीन अबोध बच्चे

7 वर्ष पूर्व मृतक रंजीत का विवाह देवा थाना क्षेत्र के ग्राम दफेपुरवा से हुआ था मृतक के तीन बच्चे 6 वर्षीय स्वाति 3 वर्षीय दिव्याशी एव 1 वर्ष के समर के सिर से बाप का साया उठ गया है वही पति की मृत्यु पर पत्नी रीता का रो रो कर बुरा हाल है।

### एएसपी सहित फॉरेंसिक टीम ने लिया जायजा

घटना की जानकारी पर फारसेंसिक टीम के साथ पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से पूछताछ की तथा जल्द से जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे ही मौत के कारण का पता चलेगा।

# एपीजे कलाम के नाम पर बने मिनी स्टेडियम का शुभारंभ

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जियनपुर में निर्मित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिनी स्टेडियम का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पार्टी विधायक दिनेश रावत के साथ इस मिनी स्टेडियम का फीता काटकर शुभारंभ किया।

मनरेगा योजना के तहत लाखों की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है ।ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की खातिर सरकार ने उन्हें उनके ही गांव में खेलकूद का मंच प्रदान करने का काम किया है । जियनपुर का यह मिनी स्टेडियम इसी की एक कड़ी है। खेलकूद में रुचि रखने वाले गांव के युवाओं के लिए यह मिनी स्टेडियम मील का पत्थर साबित होगा। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के उन युवाओं के सपनों को साकार करेगा जो खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं ।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी पूजा गुप्ता, पूजा सिंह, सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत, नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक कुमार, सुशील जायसवाल, भगवंत लाल रावत, प्रधान प्रतिनिधि सफ़ीर हैदर, छम्मी बानो, हबीब हुसैन, गदीर हैदर, अनिल जयसवाल, महफूज़ हैदर, और पंकज शुक्ल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत राज्यमंत्री सतीश शर्मा और विधायक दिनेश रावत ने बैडमिंटन खेला। ग्राम प्रधानों की दौड़ हुई जिसमें असन्द्रा के पप्पू प्रधान पहले, मिर्चिया के राजेंद्र यादव दूसरे और मंसारा के प्रधान गुरुप्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे।

# लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

- न्यायिक कार्य से बिरत रहकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

गाजियाबाद अधिवक्ताओं के ऊपर लाठी चार्ज से खफा वकील सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन भी सौंपा जिसमें उन्होंने इस मामले के जिम्मेदारों पर कार्यवाही की भी मांग की। विदित हो कि गत कुछ दिनों पहले गाजियाबाद की जिला अदालत में किसी फैसले को लेकर अधिवक्ताओं की जिला जज से बहस हो गई थी जिससे नाराज होकर उन्होंने पुलिस बल बुलाकर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करवा दिया था जिसका अब बार कौंसिल ने संज्ञान ले लिया है और उसके आवाहन पर सोमवार को तहसील के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे और विरोध स्वरूप काली पट्टी भी बाँधी। इस दौरान वकीलों ने अध्यक्ष ग्यादीन अहिरवार की अगुआई में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को सौंपा जिसमें उन्होंने अधिवक्ताओं के ऊपर लाठी चार्ज कराने वाले जज के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तिवारी, अमर सिंह निषाद, राजेश, दिनेश, अपूर्व शरद, गौरव किशोर, अंशुल, शफीक, विजय, इकबाल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



गीडा थाना क्षेत्र के बनौडा निवासी मनोज सिंह पुत्र इंद्रेश सिंह की जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई।शनिवार को गांव में लक्ष्मी पूजा के पंडाल में गांव मे ही मारपीट हुई थी।जिसमे मनोज सिंह घायल हो गए थे।

सोमवार को मृतक के भाई प्रशांत सिंह ने गीडा थाने में तीन नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर हत्या और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।दिए गए तहरीर ने प्रशांत ने बताया है कि शनिवार को लगभग साढ़े 4 बजे, कुछ लोग लामबंद होकर ग्राम बनौडा में मेरे चक्की के सामने आए और मेरे भाई, मनोज सिंह, पुत्र स्वर्गीय इंद्रेश सिंह से जबरन पैसे छीनने का प्रयास किया। जब मेरे भाई ने इसका विरोध किया तो उक्त लोग और अन्य अज्ञात लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से उन पर बुरी तरह हमला कर दिया। इस हमले से मेरे भाई गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और मेडिकल कालेज में ले जाते समय मौत हो गई। हमले के बाद, इन व्यक्तियों ने मुझे और मेरे परिवार को धमकी दी कि यदि हमने इस घटना की शिकायत पुलिस में की, तो वे हमें भी जान से मार देंगे।मृतक दो भाई और तीन बहनों में सबसे बड़ा था,मृतक के दो बच्चे पुत्र उम्र 5 वर्ष,पुत्री उम्र 3 वर्ष है।

गीडा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर चार नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।वही उन्होंने बताया की मृतक गीडा थाने का हिस्ट्रीशीटर था, उसके ऊपर लूट, आर्म एक्ट सहीत मारपीट की घटनाओं का कई मुकदमा दर्ज है।

# वर्षों के सत्कर्मों से मिलता है श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का सुअवसर : प्रोफेसर पांडे

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



बहुत धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय के भूतपूर्व प्रोफेसर डॉ जितेंद्र नाथ पांडे कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत महात्म का वर्णन करते हुए बताया कि वर्षों के शुभ कर्मों सत्कर्मों के पश्चात जो पुण्य संचित होते हैं वह श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का अवसर प्राप्त कराते हैं । जीवात्मा जब अनेक जन्मों तक शुभ पुण्य कर्म करता है तब उसको ऐसा शुभ अवसर प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से जन्मों के पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं एवं मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करता है। प्रथम दिवस की कथा में कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के अंतर्गत भगवान के अवतारों का महत्व बताते हुए उनके तीन अवतार की कथा सुनाई एवं महर्षि वेदव्यास, शुकदेव,राजा परीक्षित से जुड़े व्याख्यान भक्तों को श्रवण कराया । डॉक्टर योगेंद्र कुमार शुक्ला के आवास पर आयोजित इस कथा में रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, डॉक्टर शिवाकांत शुक्ला हरिश्चंद्र त्रिपाठी खुशीराम पांडे हरिमोहन मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा राहुल कुमार शुक्ला रोहित कुमार शुक्ला छोटेलाल पांडे, श्याम किशोर पांडे शिव शरण शुक्लासहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सप्लाई विभाग के जिम्मेदार व कोटेदार के मिली भगत से जनता के राशन का हो रहा गोलमाल

**गोरखपुर सहजनवा, समृद्धि न्यूज।**




एक तरफ सरकार द्वारा जनता को फ्री राशन देकर भुखमरी से निजात दिलाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ अंगूठा लगाकर कोटेदार एवं जिम्मेदार द्वारा राशन को डकार दिया जा रहा है वही ग्राम प्रधान ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र शिव मूरत ग्राम रामपुर गरथौली विकासखंड सहजनवा गोरखपुर एवं अन्य ग्रामवाशी ने उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि रामपुर गरथौली के कोटेदार अवधेश पुत्र राममूरत जनता से 10 से 12 दिन पहले अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दिया जा रहा है इसके खिलाफ रामपुर गरथौली के लोग तहसील दिवस पर उपजिलाधिकारी दीपक गुप्ता को ज्ञापन देकर तहसील प्रांगण में प्रदर्शन किया कि कोटेदार के खिलाफ कानूनी एवं आवश्यक कार्रवाई किया जाए वही ग्रामीणो का कहना था कि कोटेदार द्वारा कहा जाता है कि सप्लाई ऑफिस में हमारा पहुंच है आप लोग हमारा कुछ नहीं कर पाओगे। ज्ञापन देने एवं प्रदर्शन करने में ऋषभदेव पुत्र तीर्थ राजकुमार महेंद्र संत रमेश प्रेमचंद बर्फी देवी लाल जी राम कमल राकेश जिला देवी विनोद सिंह संजय गुप्ता जोगिंदर बताशा राधे श्याम एवं अन्य ग्रामवासी सम्मिलित थे। वही इस मामले पर सप्लाई इंस्पेक्टर सहजनवां ने बताया कि शिकायत की जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

# बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शन से मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

- 210 से अधिक स्थिर और क्रियाकारी विज्ञान मॉडल किए प्रस्तुत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय स्तर पर सोमवार को शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में किया गया।

इस प्रदर्शनी में विद्यालय स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के 210 से अधिक विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत कर बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्थिर और क्रियाकारी मॉडल देखकर सभी दंग रह गए।

भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच, कचरा प्रबंधन व संसाधन प्रबंधन विषय पर आधारित मॉडलों और विज्ञान प्रदर्श की अभूतपूर्व प्रदर्शनी का निरीक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने किया। उन्होंने बच्चों से विज्ञान प्रदर्श के सापेक्ष कई सवाल पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने बड़ी ही बेबाकी से जवाब ही नहीं दिया वरन विज्ञान प्रदर्श के क्रियान्वयन को भी समझाया।

बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी के दौरान एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। जल प्रबंधन की बारीकियों को दिखाया तो आपदा के दौरान सुरक्षा के बेहतरीन उपाय प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि प्रदर्शनी के चयनित विज्ञान प्रदर्शन जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी को अभूतपूर्व बताते हुए कहा की विद्यालय स्तर पर 200 से अधिक प्रदर्श का होना बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि को सहज प्रदर्शित करता है। जीव विज्ञान कक्ष में सीनियर वर्ग कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत किए। प्रस्तुत सभी प्रदर्श क्रियाकारी रहे,जो भौतिक और रासायनिक,जैविक क्रियाओं पर आधारित थे।विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रदर्श का बखूबी वर्णन किया, जिसका मूल्यांकन अक्षतेश्वर प्रसाद दुबे, सुरेंद्र देव तिवारी, जग प्रसाद मौर्य और शशांक मिश्र ने किया। पंडित दीनदयाल सभागार में कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत किया। शिक्षक अरुण कुमार दुबे, अशोक कुमार साहनी, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव व विवेक कुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका अदा की। विद्यालय के नवीन सभागार में जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) में विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत कर बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान के प्रति प्रेम और समझ को दिखाया।

निर्णायक मंडल में अमर चतुर्वेदी, विवेक पाण्डेय, अमर गुप्ता, शैलेंद्र सागर मिश्रा, वैशुनेश मिश्रा शामिल रहे। इस दौरान उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी, जयेंद्र पाठक, अनिल मिश्र, विवेकानन्द पाण्डेय, अखिलेश शर्मा, आत्मानंद गुप्ता और शुभम गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मढ़िया विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी

पत्रांक / टेन्डर/ 2024-25 — दिनांक-04.11.2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मढ़िया में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (ईंट, रोड़ा, इण्टरलॉक बालू, मौरंग, गिट्टी, सीमेन्ट आदि) की आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 05.11.2024 से 12.11.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 11:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। दिनांक 12.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत मढ़िया में समिति के समक्ष खोला जायेगा टेण्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मढ़िया से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृति लागत | स्वीकृति धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | हरिशचन्द्र के मकान से खिलावन के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 33 मी. | 155286.00 |
| 2. | वेद प्रकाश के मकान से राम नरेश के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 87 मी. | 398565.00 |

चन्द्रपाल
प्रधान
ग्राम पंचायत मढ़िया
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

अखिलेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मढ़िया
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

# धान के ट्रक को हरियाणा के लिए किया रवाना

**मंत्री बोले हरी मटर जैसी सब्जियों के संरक्षण के लिए जनपद में बनेंगे विशेष कोल्ड स्टोरेज**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने ठठिया स्थित मंडी में धान के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठठिया मंडी से पहली बार एक ट्रक धान को हरियाणा भेजा गया है। इससे किसान भाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। कहा कि किसान भाइयों को अब आलू के साथ- साथ अन्य कृषि उत्पादों की खरीद और बिक्री मंडी से होगी। कहा कि हरी मटर जैसी सब्जियों के संरक्षण के लिए जनपद में विशेष कोल्ड स्टोरेज बनेगें। जो देश ही नहीं विदेशों तक कन्नौज के किसानों का उत्पाद पहुंचेगा। कहा कि कृषि क्षेत्र में किसानों की उन्नतशील खेती के लिए बढ़ावा मिल सके के उद्देश्य से जनपद में विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा।



हरी झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना करते मंत्री असीम अरुण

जो किसानों को उन्नत किस्म के बीज, खाद आदि उपलब्ध करने के साथ ही आधुनिक कृषि पद्धति से भी जोड़ने का काम करेंगी। इससे न सिर्फ उत्पादन बेहतर होगा बल्कि इसका सीधा लाभ स्थानीय कृषकों को होगा। कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ उन्नत कृषि से जोड़ते हुए उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने ठठिया स्थित मंडी को सिर्फ आलू ही नहीं बल्कि अन्य कृषि उत्पादों की खरीद और बिक्री के लिए खोला है। कहा कि मंडी से आलू के अतिरिक्त अन्य कृषि उत्पादों को बेचने और खरीदने का काम शुरू हो गया। जो निश्चित रूप किसान भाइयों की आय की बढ़ोत्तरी में सहायक होगा। कहा कि स्थानीय किसानों को अब धान, गेहूं, सब्जी आदि जैसे उत्पादों को बेचने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। कृषि उत्पादों की खरीद और बिक्री के लिए मंडी पूरे साल संचालित होगी और अच्छा मुनाफा भी किसान भाइयों को मिलेगा। बताया गया कि उदय नारायण त्रिपाठी के एफपीओ द्वारा किसानों से एक ट्रक धान खरीद कर हरियाणा भेजा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित संबंधित व्यापारी एंव कृषक उपस्थित रहे।

# फरियादियों की समस्या का समय से करें गुणवत्तापूर्ण समाधान

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन
- समाधान दिवस में 50 शिकायतों में कुल 04 का किया निस्तारण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। शिकायतकर्ता संतुष्ट अवश्य हो यह प्राथमिकताओं में से एक है। जितनी भी शिकायतें आई हैं।

सभी शिकायतों का 07 दिन के अंदर निस्तारण हो। फरियादी को बार बार चक्कर न लगाना पड़े। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस सदर में कुल 50 शिकायतें मे से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व अन्य

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

- सौरिख थाना क्षेत्र के सिंगरी गांव के निकट हुआ हादसा
- बाइक पर सवार होकर तिर्वा आ रहा था दंपति

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

सौरिख थाना क्षेत्र के सिंगरी गांव के निकट सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने आगे जा रहे बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनो घायलो को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सौरिख थाना क्षेत्र के सिंगरी गांव निवासी अंकित (30) पुत्र दिनेश कुमार अपनी पत्नी श्रीदेवी (27) को बाइक पर बैठाकर किसी काम से तिर्वा आ रहा था। जब बाइक सवार दंपति गांव के बाहर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।


मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल अंकित

# बार कांउसिल ऑफ उप्र के आव्हान पर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज गाजियाबाद के आदेश पर पुलिस द्वारा जिला गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया गया जिसमें कई अधिवक्ता लहू-लुहान हो गये।

बार कांउसिल ऑफ उप्र के आव्हान पर बार एसोसिएशन छिबरामऊ कन्नौज के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सिंह राठौर तथा महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। और जिला जज गाजियाबाद के आदेश पर अधिवक्ताओं के विरूद्ध किये गये अमानवीय व्यवहार व पुलिस द्वारा की गई बर्बरता को लेकर बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अधिवक्ताओं ने जिला जज गाजियाबाद के इस कृत्य की कडी निन्दा की गई और उनके इस कृत्य से प्रदेश के समस्त अधिवक्ता अक्रोशित हैं। जिला जज गाजियाबाद का उक्त व्यवहार कोर्ट की अखण्डता को गम्भीर रूप से प्रभावित करता है और इस तरह उसके संवैधानिक विरोध का पूरा अख्तियार बार एसोसिएशन छिबरामऊ को है। जिसमे न्यायिक कार्य से खुद को अलग रखने का अधिकार भी है बार एसोसिएशन छिबरामऊ मांग करती है जिला जज गाजियाबाद व दोषी पुलिस वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान शिवराम सिंह चौहान, संजीव श्रीवास्तव, प्रमोद त्रिपाठी, ओम प्रकाश शाक्य, कन्हई वर्मा, जगदीश शाक्य, राजेश शाक्य, संदीप दीक्षित, सुरेश कन्नौजिया, प्रणव यादव, योगेन्द्र यादव, अजित कुमार मिश्रा, रावेन्द्र चौहान, राजीव राठौर, राममुनिश्वर पाण्डेय, के डी वर्मा, प्रमोद दुबे, संजीव दुबे, मुकेश पाण्डेय, लाल बहादुर, हरगोविंद राजपूत, संदीप चौहान, पुरुषोत्तम तिवारी, अनिल यादव, नंदन सक्सेना, अमित राजपूत,के टी मिश्रा, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, कोषध्यक्ष मुफीद खान, कलीम खान, पुष्पेन्द्र सिंह, यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव, शुभम त्रिपाठी, अनुराग यादव, प्रतीक चौहान, दिनेश यादव, घनश्याम यादव सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।



## दीनी और दुनियाबी तालिम हासिल करें युवा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा तालग्राम में हजरत कालन शहीद रहतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय 41 वें उर्स का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत मौलाना मजहर आलम व निजामत मौलाना नईम अख्तर हस्मती ने की। कार्यक्रम की शुरुआत हाफ़िज़ इरफ़ान ने कुरान की तिलावत से की। इसके बाद स्थानीय व बाहर से आए हुए शायरों ने बेहतरीन कलाम पढ़कर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। उर्स के पहले दिन शायर कलीम दानिश बरकाती ने शहरे तैबा तसब्बुर में लाया करो। मदीना रोज आया करो, रोज जाया करो। इसके बाद यूसुफरजा कानपुरी ने ख्वाजा मेरी सोई हुई तकदीर जगा दो। अजमेर दिखाया है मदीना भी दिखा दो सुनाकर उपस्थित लोगों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मौलाना तौसीफ रज़ा कादरी मुरादाबादी ने लोगों से नशा और जुआं से बचने की अपील की। उन्होंने लोगो से दीनी शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा से जुड़ने की और बच्चों को साइंस मैथ की तालीम आम करने व लड़कियों के कॉलेज खोलने की अपील की। उन्होंने कहा बच्चियों के शिक्षित होने से दो घर लाभान्वित होते हैं। कार्यक्रम के अंत मे मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआ की गई। इस अवसर प चेयरमैन मोहसिन खान जानू, उर्स कमेटी सदर शकील खान ने आए हुए मेहमानों का शाल उड़ाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ख़ालिक़ राईन, तहसीम खान शाकिर हुसैन, शाहनवाज खान, कारी बिलाल, मौलाना चांद आलम, हाजी मोहम्मद आफ़ताब इदरीसी, हाजी रईश अहमद, हाजी मसी पहलवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के दुर्गा नगर मोहल्ला निवासी नन्ही देवी (40) पत्नी सर्वेश कुमार सोमवार की सुबह सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान गुरसहायगंज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनके जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उनको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

### प्रिजनों ने युवक की दर्ज कराई गुमशुदगी

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव निवासी रामू (18) पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता रविवार की शाम को घर से खाना खाकर कहीं निकल गया। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चल सका। मामले में परिजनों की तहरीर पर इंदरगढ़ थाना पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सरकारी भूमि पर कब्जा करने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्रीय लेखपाल ने युवक के विरूद्ध सरकारी भूमि पर कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी व सराय प्रयाग के क्षेत्रीय लेखपाल अनुराग कुमार पुत्र रवीन्द्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि सराय दौलत स्थित सरकारी भूमि पर फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद नगला बगिया निवासी अतुल ने अवैध रुप से कब्जा कर खोद दिया। कोतवाली पुलिस ने लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत युवक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### रंजिश को लेकर युवक को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने गाली गलौज की और लोहे की राड से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम तेराजाकेट निवासी सूर्य कुमार पुत्र अनिल कांत द्विवेदी ने बताया कि 02 नवंबर की शाम लगभग 06.40 बजे उसके पिता अनिल कांत तिवारी घर के बाहर दरवाजे पर बैठे थे। तभी मोहल्ले का युवक आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर घर के अंदर घुस गया और जान से मारने की नियत से लोहे की राड से सिर पर हमला कर दिया। इससे अनिल कांत गंभीर रुप से घायल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाच कर बचाया। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चला गया। परिजनों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उसे उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दूल्हा बने प्रभु श्रीराम को देखने उमड़ा जन सैलाब

- जीवंत झांकियों के साथ निकली भगवान श्री राम की भव्य बारात
- जगह जगह पुष्प वर्षा कर बारात का किया स्वागत

**सौरिख, समृद्धि न्यूज़।**

भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें साथ चल रही जीवंत झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में रामलीला कमेटी के द्वारा आधा सैकड़ा झांकियों के साथ भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। बारात का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुधमंगल सिंह यादव ने फीता काटकर और आरती उतार कर किया। बारात में भगवान शंकर, श्री खाटूश्याम, राधाकृष्ण, मां काली, अखाड़ा वैष्णव देवी, ब्रहम्मा जी व राधा कृष्ण की प्रतिमाओ के साथ- साथ आधा सैकड़ा झांकियां बारात की शोभा बढ़ा रही थी। वही डीजे की धुन पर युवा जमकर झूमे। वही जीवंत झकियो ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह फौजी, कार्यवाहक अध्यक्ष सुधीर सिंह, कोषाध्यक्ष समरजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, अरविंद सिंह दुष्यंत सिंह, नारायन, उपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह राजू सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। बारात की सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी जेपी शर्मा, अतिरिक्त निरीक्षक दिनेश कुमार पुलिस बल व पीएसी के साथ मौजूद रहे।



# तहसील समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

दिवाली के पर्व के चलते आज तहसील सभागार मे हुआ समाधान दिवस का आयोजन जिसमे जो कि जिलाधिकारी शुभ्रात शुक्ला की अध्यक्षता मे किया गया।इस दौरान कुल 56 शिकायते आयी जिसमे कुल 6 शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया।जिसमे राजस्व की 36,पुलिस की 14, विकास की 6,चकबंदी 1,पूर्ति 1, विधुत1 ,स्वास्थ्य 1,व डूडा 1 शिकायते आई। इस दौरान उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ शार्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी एस कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुनील कुमार, व श्रम धिक्कारा अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नगर में वाहनों के कारण लगा जाम, फंसे रहे राहगीर

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भाई दूज पर्व के बाद घरों को लौट रहे महिला व पुरूषों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ अधिक होने के कारण नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों को अपने ही वाहनों में बैठ कर जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा।

जबकि सवारियां अधिक होने के चलते डग्गामार वाहनों ने मानकों व नियमों की अनदेखी कर सड़क सुरक्षा माह की जमकर धज्जियां उड़ाई। सोमवार को भाई दूज के पर्व के बाद सुबह से ही नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। भाई दूज पर्व से घर लौट रहे यात्रियों को नगर में जाम की स्थित से सामना करना पड़ा। वही नगर में चल रहे ई-रिक्शा और डग्गामार वाहन आड़े तिरछे खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जबकि चौराहे से तिराहा, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, फर्रूखाबाद रोड, जीटी रोड तिराहा आदि जगहों पर जाम की स्थिति रही। इससे स्थानीय लोगों व पैदल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वाहनों की कमी और जाम की बजह से महिलाओं व बच्चों को काफी परेशानी हुई। डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के भी जाम खुलवाने में पसीने छूटते नजर आए। सुबह से शाम तक रही जाम की समस्या से यात्रियों को जूझना पड़ा। जबकि सवारियों की भरमार के कारण डग्गामार वाहन चालकों ने सड़क सुरक्षा अभियान की भी धज्जियां उड़ाई।



जीटी रोड पर लगे जाम में फंसे वाहन।

# जमीन संबंधित विवादों का करें निस्तारणः सीडीओ

- तहसील समाधान दिवस में आई 30 शिकायतें, तीन का निस्तारण

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में सीडीओ ने पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान 30 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सीडीओ रामकृपाल चैधरी ने तहसील समाधान दिवस में मौजूद राजस्व विभाग के अफसरों से कहा कि जमीन सम्बन्धित विवादों में पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर जांच कर समस्या का निस्तारण करें। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को निस्तारण की सूचना दे। इस दौरान राजस्व विभाग की 20, पुलिस विभाग की पांच, नगर पंचायत की दो, विकास विभाग तथा पूर्ति विभाग की एक-एक शिकायतें आईं। इनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अफसर

# मेंहदी घाट पर गंगा उत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

- भक्तों के जयकारों एवं शंखनाद से गूंजा मेहंदी घाट
- कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन मेंहदी घाट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने किया।

इस अवसर आचार्यों द्वारा विधिविधान से गंगा आरती कराई गयी। इस मौके पर भक्तों के जयकारों एवं शंखनाद से पूरा मेहंदी घाट गूंज उठा। टीम मंडली द्वारा गंगा गायन कर लोगों में उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी- अपनी प्रतिभा दिखाकर स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व सुबह गंगा स्वच्छता के अंतर्गत भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के सामजस्व से साफ सफाई अभियान चलाया गया। मंत्री ने कहा कि हम लोग गंगा जी के तट पर रहते हैं। हम सब लोगों को बढ़ चढ़कर गंगा की शुद्धता, अविरलता और निर्मलता को बनाए रखने के लिए कार्य करना है। मां गंगा नदी पर किसी भी प्रकार के गंदे नाले का पानी, फैक्ट्री का पानी न जाने पाए और न ही आखेट किया जाए।

जिससे जीवो को किसी प्रकार का नुकसान न हो। कहा कि गंगा की निर्मलता से ही जनपद के गंगा तट पर डॉल्फिन भी देखना शुरू हो गई है। लेकिन अभी और मां गंगा की निर्मलता के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सांस्कृति को और आगे बढ़ाना है। इस मौके पर डीएफओ हेमन्त सेठ, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय त्रिपाठी, डी सी समग्र शिक्षा माध्यमिक अजय कुमार, नमामि गंगे संयोजक अनिल द्विवेदी, परियोजना सहायक रमा तिवारी, गंगा प्रहरी विकास कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधिगण व भक्तगण मौजूद रहे।



**इन छात्र- छात्राओं को मिला सम्मान**

रंगोली प्रतियोगिता में जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रथम स्थान कुमकुम, द्वितीय स्थान राजरानी, तृतीय स्थान रेशमा और जल संरक्षण प्रतियोगिता में अशोक कुमार इंटर कॉलेज शिवाजी नगर के प्रथम दिव्यम कन्नौजिया, द्वितीय रीति शुक्ला, तृतीय चांदनी दुवे तथा गंगा प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जनता आदर्श विद्यालय नेरा के प्रथम पलक पाल, द्वितीय प्रियंका, तृतीय प्रखा व गंगा क्विज प्रतियोगिता में स्वामी भजनानंद इंटर कॉलेज ऋषि नगर मियागंज के प्रथम गीतांजली, द्वितीय राधिका कटियार, तृतीय श्रद्धा गुप्ता और चित्रकला प्रतियोगिता में केके सीएन इंटर का. के प्रथम अर्शी खान, द्वितीय आराध्या शर्मा, तृतीय कामिनी सक्सेना एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में गोमती गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरनंद नगर के प्रथम मुस्कान सिंह, द्वितीय आश्वि कुशवाहा, शक्ति मौर्य तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# लोडर में लगी आग धू-धू कर जला, तमाशबीन बने लोग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के पाल चौराहा के निकट तिर्वा रोड पर खड़े लोडर में अचानक आग लग गई। जब तक चालक कुछ समझ पता तब तक पूरी गाड़ी में धुआं ही धुआं उठने लगा और देखते ही देखते धू धू कर जलने लगा। घटना को देख राहगीरों का ताता लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही पाल चौराह की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। सिपाही ने यातायात व्यवस्था सुचारू रूप चालू कराया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ला निवासी छोटे कुरैशी का लोडर लेकर ड्राइवर शहजाद भैस लादकर तिर्वा जा रहा था। चालक ने पाल चौराहा के पास पान मसाला लेने के लिए लोडर को साइड में खड़ा कर दिया। अचानक लोडर से धुआं उठने लगा। जब तक कुछ समझ पाता तब तक आग लग गई। वहीं कई लोग तमाशा देखने लगे। आसपास के लोगों की माने तो शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है।



# घर में चरपाई पर पड़ा मिला राजमिस्त्री का शव, हत्या की आशंका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार सुबह घर की चारपाई पर राजमिस्त्री का शव पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम अर्जुन नगला निवासी 48 वर्षीय बलराम जाटव पुत्र श्रीकृष्ण जाटव राजमिस्त्री का कार्य करता था। वह शराब पीने का भी आदी था। बलराम के दो मकान हैं। एक गाँव के बाहर व दूसरा गाँव के भीतर। बलराम गाँव के किनारे बने एक कमरे के मकान में अक्सर सोता था। बीती रात भी वह उसी मकान में सोया था। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 6 बजे बलराम की पत्नी मिथिला देवी अपने 6 वर्षीय पुत्र ऋषभ के साथ बलराम के पास पहुंचीं, तो वह चारपाई पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा था।



रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

परिजनों ने उसे देखा तो उसकी मौत हो चुकी। बलराम के सिर, हाथ व पैर में कई चोट के निशान मिले। जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलने पर एसपी आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय, थाना प्रभारी आमोद कुमार, आईटीआई चौकी प्रभारी दीपक कुमार, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने छानबीन की।

परिवार के सदस्यों का मृतक के शव से मिलान कराया गया। मृतक बलराम के दोस्त नरेंद्र राजपूत पुत्र अरमान सिंह के हाथों से भी नमूने लिये गये। मृतक की पत्नी मिथिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक पुत्र 24 वर्षीय सुमित, 22 वर्षीय अमित, 20 वर्षीय पुत्री शिवानी, 18 वर्षीय पुत्री चांदनी, 15 वर्षीय रिशु है। मृतक चार भाई है। जिसमें बलराम जाटव की मृत्यु हो गयी।

## वजनदार वस्तु से सिर व छाती में चोट पहुंचाकर की गयी हत्या, नामदर्ज मुकदमा दर्ज

राजमिस्त्री की हत्या किसी वजनदार वस्तु से सिर व छाती में चोट मारकर की गयी। पोस्टमार्टम में हत्या किये जाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मृतक के भाई होमगार्ड धीरज की तहरीर पर गाँव के ही एक आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। होमगार्ड धीरज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उनके भाई बलराम का एक सप्ताह पूर्व शराब पीने को लेकर गाँव के ही विपिन सक्सेना पुत्र कृष्णपाल से झगड़ा हुआ था। बीती रात लगभग 8 बजे बलराम खाना खाकर गाँव के किनारे बने कमरे पर आकर सो गया। सोमवार सुबह भाभी मिथिला देवी जब जगानें गयीं, तो बलराम चारपाई पर मृत पड़ा था। पुलिस नें तहरीर के आधार पर आरोपी विपिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा थाना कादरीगेट में दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। शव का पोस्टमार्टम डॉ0 ओमप्रकाश ने किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बलराम के शरीर पर आधा दर्जन चोटों के निशान थे। वहीं किसी वजनदार चीज से उसके सिर व छाती में चोट मारी गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। मुकदमे की विवेचना प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार को दी गयी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पांच का हुआ निस्तारण

- डीएम ने सुनीं शिकायतें, शेष का एक हफ्ते में निस्तारण करने के दिये निर्देश

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में अमृतपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 82 शिकायतें आईं। जिसमें से पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

ग्राम भाऊपुर निवासी संदीप ने दबंगों द्वारा मारपीट करना, नगला हुसा निवासी कामता ने मेड़ तोड़ने को लेकर, ऋतु पाठक निवासी कमालुद्दीनपुर ने सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा करने, ग्राम नगला हुसा निवासी हरिराम ने पारिवारिक लाभ योजना, ग्राम रामपुर जोगराजपुर निवासी गीता देवी ने पैतृक जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को सौंप दिया गया और उन्हें निर्देश दिए गए कि एक हफ्ते के अंदर न्यायोचित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का सही समाधान करें।



ग्रामीणों की शिकायतें सुनते डीएम व एसपी

राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 15, विकास भवन की 17, विद्युत विभाग से पांच, चकबंदी से 14 व अन्य 10 शिकायते दर्ज की गईं। इस दौरान पुलिस कप्तान, उप जिलाधिकारी, सीडीओ, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित थानों की पुलिस व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए जिलाधिकारी ने किया जागरुक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोगों से ठगी करने के नए-नए तरीके लगातार सामने आ रहे हैं। कोई अपनी भाषा शैली से किसी को ठग लेता है, तो कोई अपने हुनर से किसी के धन पर कब्जा करने में कामयाब हो जाता है, लेकिन पढ़े-लिखे नौजवान अब ठगी करने के तरीके को बदल चुके हैं। इन्होंने बिना किसी बातचीत के सीधे बैंक अकाउंट पर ही डकैती डालने का हुनर ईजाद कर लिया है। इसी हुनर को साइबर क्राइम का रूप दिया गया।

यह नौजवान बेरोजगारी के दंश को झेलते हुए कब क्राइम की दुनिया में कदम रख देते हैं यह खुद ही नहीं जान पाते। बाद में पकड़े जाने पर इनका जीवन खराब हो जाता है और परिवार की भी बदनामी होती है। साइबर सुरक्षा सेल के अधिकारी लगातार लोगों को जागरुक करते रहते हैं और इन साइबर क्राइम करने वालों पर नजर भी रखते हैं, परंतु यह अपराध इतना बढ़ चुका है कि अब जिले के आला



लोगों को जागरुक करते जिलाधिकारी

अधिकारियों को क्राइम से निपटने के लिए स्वयं मैदान में उतरना पड़ा। जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान ने अमृतपुर के तहसील सभागार में क्षेत्र के संभ्रात लोगों को बुलाकर एक बैठक का आयोजन किया। 1 घंटे चली इस बैठक की कमान जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान क्षेत्राधिकार व साइबर सेल के अधिकारियों ने संभाल रखी थी। उन्होंने लोगों को निर्देशित करते हुए 10 बिंदुओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई लेनदेन न करें। केवाईसी के बारे में सतर्क रहें। अपरिचित मैसेज को यस ना कहें। कंप्यूटर साइबर के बारे में सावधान रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी के बारे में जानकारी न दें। फेसबुक पर लड़कियों की फर्जी आईडी को लेकर हमेशा सतर्क रहें और लोगों को इस बारे में जानकारी देते रहें। ऑनलाइन सुविधा प्राप्त करने से पहले अच्छी तरीके से जांच लें।

ऐसी ही अन्य जानकारियां देते हुए अधिकारियों ने सभी को सतर्क रहने के लिए कहा। साइबर सेल के कर्मचारी आशीष कुमार इस मामले की कमान संभाले हुए हैं। उन्होंने लोगों की सुविधाओं के लिए गांव-गांव जाकर जानकारी देने के बारे में बताया। साइबर क्राइम से अमीर, गरीब, व्यापारी, किसान, मजदूर सभी लोग ठगे जाते हैं।

कहीं कॉलोनी के नाम पर, कहीं सिम पर इनाम निकलने को लेकर, कहीं काम दिलाए जाने और कभी-कभी बिना ब्याज के पैसा दिए जाने को लेकर ठगी करने के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। कई बार इसी साइबर क्राइम को लेकर ऐसी सूचनायें भी प्राप्त हुई है जिसमें संभ्रांत लोगों को इन साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों ने हाउस अरेस्ट कर लिया और फिर उनके लाखों रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक साफ कर दिए। अगर अधिकारियों, कर्मचारियों शासन और प्रशासन द्वारा लगातार की ठगी से बच पाएंगे।

# दुकान पर कब्जे का विरोध करने पर अधिवक्ता, उसकी पत्नी व पुत्र को पीटा

**कमालगंज,समृद्धि न्यूज।**

दुकान पर कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने अधिवक्ता व उसके पुत्र व पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट पुत्र स्व0 बुलाकीदास गुप्ता निवासी मेन रोड सुभाष नगर कमालगंज ने थाना थानाध्यक्ष कमालगंज को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि एक दुकान श्री राधाकृष्णजी महाराज ट्रस्ट की मार्केट मे स्थित है।

जिसको प्रतीक गुप्ता पुत्र स्व0 प्रदीक गुप्ता से लगभग दो वर्ष पूर्व प्राप्त की थी। तब से पीड़ित उस दुकान में काबिज है और पीड़ित उसको अपना जरुरी सामान रखने तथा बैठक के रुप में प्रयोग करता चला आ रहा है। जिसमें वह अपना काउन्टर, कुर्सी व जरुरी कागजात आदि रखता है। दीपावली के त्यौहार के कारण दुकान बंद थी।

सोमवार को समय लगभग 4.30 बजे मुकेश कुमार गुप्ता, मोहित कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, आकाश कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 श्री सुरेशचंद्र गुप्ता, निशा गुप्ता पत्नी मुकेश गुप्ता, कंचन देवी, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता पुत्रगण स्व0 प्रमोद गुप्ता, पंकज गुप्ता पुत्र स्व0 राजेंद्र गुप्ता व अज्ञात 8 से 10 लोगों द्वारा शटर के लॉक को ग्राइन्डर से



अस्पताल में मौजूद अधिवक्ता व परिजन

काटकर मेरी दुकान में रखा हुआ मेरा जरुरी सामान काउन्टर, कुर्सी, कागजात व चेकें आदि को लूटकर मेरी दुकान में कब्जा करने का प्रयास किया गया।

शोरगुल सुनकर पीड़ित व उसका पुत्र व पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा व लूटपाट का विरोध किया, तो सभी एक राय होकर मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पीड़ित व उसके पुत्र तथा पत्नी अलका गुप्ता के साथ मारपीट करने लगे तथा धारदार से हमला किया। पत्नी के कपड़े फाड़ दिये तथा उसके गले से सोने की जंजीर लूट ली तथा कहने लगे कि तुझे व तेरे परिवार को जान से मार देंगे। उपरोक्त घटना से पीड़ित व उसका परिवार डरा सहमा है। उपरोक्त लोग कभी भी पीड़ित व उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। थानाध्यक्ष ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# क्षेत्र में विकास कार्य न कराकर सरकारी धन का किया जा रहा है बंदरबांट



अधूरा पड़ा आरआरसी सेंटर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में विकास कार्य न कराकर केवल सरकारी धन का दुरुपयोग कर बंदरबांट किया जा रहा है।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत आठरुइया के मजरा बसु डांगरा के निकट बन रहा आरआरसी सेंटर जो गांव से 1 किलोमीटर की दूरी बनाया जा रहा है। जिसमें सरकारी धन का दुरुपयोग साफ दिखाई दे रहा है। गांव से 1 किलोमीटर दूर ऊसर में बन रहे आरआरसी सेंटर जिसका कोई महत्व नहीं है, लेकिन सरकारी धन का खर्च दिखाकर उसका बंदरबांट किया जा सके। विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव विकास खंड कार्यालय पर बैठकर समीक्षा करते हैं। समीक्षा बैठक में आरआरसी सेंटर कूड़ा संग्रह केंद्र तथा आवासों पर समीक्षा की जाती है, लेकिन वह समीक्षा केवल कागजों पर ही दिखाई जाती है और धरातल पर कार्य शून्य स्तर से चल रहे हैं। वहीं मनरेगा योजना में भी बड़े पैमाने पर गोलमाल हो रहा है। सभी ग्राम पंचायत में लगातार श्रमिकों की संख्या कागजों में भरी जाती है और मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जाती है। जिसका समय से पैसा निकाला जाता है। जिसमें मनरेगा कार्यालय, विकास खंड अधिकारी, रोजगार सेवक तथा सभी कर्मचारियों के बीच में बंदरबांट होता है और मनरेगा योजना को लगातार चूना लगाया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत अठरुइया में बन रहा आरआरसी सेंटर है।

# न्यायालय ने दिया फतेहगढ़ कोतवाल को मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्वरित न्यायालय फर्रुखाबाद जयवीर सिंह ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये हैं। जानकारी के अनुसार पीड़ित विजय कुमार वैश्य पुत्र स्व0 दौलतराम वैश्य निवासी म0नं0-1/25 बजाजा बाजार, थाना कोतवाली फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद का निवासी है। पीड़ित के आवास में ही सर्राफे व कॉस्मेटिक की दुकान है। जिसमें पीड़ित स्वयं बैठकर व्यवसाय करता है। दिनांक 7 अगस्त 2024 को सायं करीब 5.00 बजे पीड़ित अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय मोहल्ला चूड़ी वाली गली निवासी अभय गोस्वामी पुत्र ब्रजनन्दन लाल अपने दो अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर आये। साथ दुकान के बाहर ही खड़े रहे। अभय गोस्वामी उर्फ बबलू ने 25 से 50 ग्राम वजनी दो सोने की चेन को यह कहकर मांगी




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

कि वह उन्हें अपने घर दिखाने जायेगा। जिस पर पीड़ित ने कहा कि आप यहीं देख लो मैं घर ले जाने के लिए सोने की चेनों को नहीं दूंगा। इसी बात पर अभय गोस्वामी उर्फ बबलू आगबबूला हो गया व अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगा। जब पीड़ित ने गाली-गलौज देने का विरोध किया, तो अभय गोस्वामी उर्फ बबलू ने पीड़ित को मारना पीटना शुरु कर दिया। शोरगुल की आवाज सुनकर पीड़ित का पुत्र व पत्नी आ गयीं, तो अभय गोस्वामी उर्फ बबलू व दो अज्ञात साथियों ने पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की दुकान पर बैठे कुलदीप द्विवेदी, संजीव कुमार कटियार किसी तरह उपरोक्त लोगों से पीड़ित को बचाया। उपरोक्त लोग भविष्य में जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित ने घटना की शिकायत कोतवाली फतेहगढ़ पर जाकर की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, बल्कि अभय गोस्वामी उर्फ बबलू ने थाना पुलिस से मिलकर पीड़ित व उसके पुत्र के विरुद्ध 08.08.2024 को मु0अ0सं0 268/2024 धारा-115(2), 352, 351(2) बी0एन0एस0 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करा दिया। तब पीड़ित ने 09.08.2024 को स्वयं उपस्थित होकर व जरिये रजिस्ट्री शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित किया एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया में स्वयं व अपने पुत्र का चिकित्सीय परीक्षण कराया। जिसमें पीड़ित की दाहिनी हाथ की उंगली टूटी पायी गयी। थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने न्यायालय में 175(3) बी0एन0एस0एस0 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्वरित न्यायालय फर्रुखाबाद जयवीर सिंह ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को आदेशित किया है कि प्रार्थना पत्र में अंकित कथनों के अनुसार उचित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित करें तथा प्रकरण की विवेचना करें तथा विवेचना के परिणाम से न्यायालय को अवगत करायें। रिपोर्ट दर्ज कर एक सप्ताह के अंदर न्यायालय को अवगत करायें।

## तीन अलग-अलग जनपद से कई मोबाइल चोरों को पुलिस ने दबोचा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रविवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर तीन अलग- अलग जनपद से मोबाइल चोरों को दबोच लिया। चोरों से दर्जन भर फोन भी पुलिस ने बरामद किए। पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरों को छोड़ दिया। जिसके बाद खानापूर्ति के लिए पुलिस ने गांव बहलोलपुर निवासी रूप सिंह का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने दी तहरीर में बताया एक सप्ताह पूर्व युवक ने अपना फोन घर के अंदर चार्जिंग पर लगाया था। बीती रात चोर घर के अंदर से फोन चुरा ले गया। पीड़ित की तहरीर पर चार दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित का मुकदमा दर्ज कर फोन की बरामदगी भी कर ली। जबकि अन्य पीड़ित थाने के चक्कर लगाते रहे हैं। दीपावली के त्यौहार पर भी क्षेत्र से दर्जन भर से अधिक फोन चोरी हुए। पुलिस उन्हें ऑनलाइन तहरीर देने का बहाना देकर थाने से टरकाती रही। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया एक चोरी का फोन मिला था। जिसे युवक को सौंप दिया गया है। चोरों के पकड़ने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# वाह गुरुजी? कलम किताब की जगह बच्चों को थमा दी झाड़ू

- कई विद्यालयों में नहीं बन रहा मिड-डे-मील, डकार रहे धनराशि
- फल और दूध तो बच्चों को कभी भी नहीं दिया जाता, जिम्मेदार मौन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भले ही सरकार स्कूल चलो अभियान के तहत करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा रही है, ताकि सभी पढ़ें सभी बढ़ें, लेकिन सरकार के इस अभियान को शिक्षक ही फ्लाप करने में लगे हुए हैं। जिन हाथों में कलम और किताब होनी चाहिए, उन हाथों में शिक्षकों ने शौचालय साफ करने के लिए झाड़ू थमा दी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जोगापुर में छात्रों से शिक्षकों द्वारा शौचालय साफ कराये जा रहे हैं। खण्ड शिक्षाधिकारी की अनदेखी के



शौचालय की साफ-सफाई कर रहे बच्चे

चलते शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं। जिससे वह मनमानी पर उतारु हैं। वहीं कई विद्यालयों में एमडीएम की धनराशि डकारी जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को एमडीएम नहीं मिल पा रहा है। प्राथमिक विद्यालय जोधपुर में सोमवार को प्रधानाध्यापिका बबीता अपने कक्ष में बैठी थीं और उनके ही दो शिक्षक अपने-अपने मोबाइल चलाने में बिजी थे, जबकि बच्चों को शौचालय साफ करने की जिम्मेदारी दी गयी। वह पढ़ाई छोड़कर शौचालय साफ करते दिखे।

जब इस बाबतखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जानकारी की गई, तो उन्होंने किसी भी प्रकार का कोई जवाब नहीं दिया और गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि यदि प्रधानाध्यापिका की गलती है, तो उन्हें नोटिस जारी किया जायेगा। वहीं क्षेत्र के विद्यालय आठरुइया के प्रधानाध्यापक से जब एमडीएम में फल वितरण की बात पूछी गई, तो वह कोई स्थाई उत्तर नहीं दे सके, जबकि वहां मौजूद छात्राओं ने बताया कि उनको फल कभी नहीं दिए जाते हैं। वहीं प्रधानाध्यापक द्वारा किचन खोलकर दिखाया गया तो उसमें उन्होंने खाना बनाने की बात कबूली, लेकिन किचन देखकर लग रहा था कि इसमें कई दिनों से खाना नहीं बना है। जब एमडीएम भोजन के बावत छात्र-छात्राओं से जानकारी की गई तो किसी ने सोयाबीन आलू की सब्जी बताई, तो किसी ने आलू टमाटर की सब्जी बताई। सभी छात्र-छात्राओं ने अलग.अलग तरह की बात बताई। जिससे साफ उजागर हो गया की एमडीएम का खाना भी नहीं बना था। वहीं प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर में जब से नवागंतुक खंड शिक्षाधिकारी ने चार्ज संभाला है तब से लगातार कभी भी फल वितरण नहीं हो रहा है ना ही एमडीएम में शामिल होने वाला दूध कभी वितरण होता है। ऐसे कई विद्यालय हैं जिनमें फल और दूध का वितरण नहीं हो रहा है। इसको खंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही कहीं जाए या अनदेखी कही जाये।

# बल्लू बेहटा में कागजों में ही फावड़ा चला रहे मनरेगा मजदूर, धरातल पर कुछ भी नहीं

- मेट व प्रधान द्वारा मनरेगा मजदूरों की फर्जी तरीके से अपलोड की जा रही हाजिरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद विकास खंड में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि घोटालेबाज प्रधानों से पार पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास तो नहीं हो रहा है, लेकिन विकास के नाम पर प्रधान व उच्च अधिकारी अपनी-अपनी जेबें जरूर भरकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला शमसाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत बल्लू बेहटा में देखने को मिला है। जहां श्री श्याम के खेत से शिव शंकर के खेत तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। ये कार्य पिछले कई दिनों से कागजों में ही चल रहा है।



वह चकरोड जिस पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा

इस कार्य में 39 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी रोजगार सेवक व प्रधान द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब गांव के ग्रामीणों से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को इस जगह काम करते हुए नहीं देखा है।

उन्होंने बताया कि मेट मंगला व ग्राम प्रधान के द्वारा दो चार लोगों को खड़ा कर फोटो खींच लिया जाता है और फोटो खींचने के बाद वापस कर दिया जाता हैं। जब हकीकत में मौके पर जाकर देखा गया तो वहां कहीं पर भी एक भी फावड़ा मिट्टी नजर नहीं आई। सबसे आश्चर्यजनक बात ये है कि जब धरातल पर कार्य ही नहीं हो रहा है तो फिर मनरेगा पोर्टल पर मज़दूरों की हाजिरी अपलोड क्यों की जा रही है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि न तो एपीओ कुलदीप यादव द्वारा मौके पर जाकर देखा जाता है न ही कभी भी मौके का निरीक्षण किया जाता है। यदि एपीओ कुलदीप यादव द्वारा मौके पर जाकर देखा जाए और जांच पड़ताल की जाए तो हो सकता है कि फर्जीवाड़ा बंद हो जाए।

# गाजियाबाद की घटना पर अधिवक्ताओं ने सीएम को भेजा ज्ञापन

## दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित कर कार्यवाही की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व महासचिव नरेश सिंह यादव ने गाजियाबाद की घटना को लेकर अपने अधिवक्ता साथियों के साथ मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया कि 29 अक्टूबर को गाजियाबाद के न्यायालय परिसर में पुलिस बल ने घुसकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ लाठीचार्ज कर मारपीट की। कई अधिवक्ताओं के गंभीर चोटे आयी है। जिला प्रशासन गाजियाबाद के अनुचित एवं अवधिक अपराधिक कृत्य की घोर निंदा की जाती है। जिला जज गाजियाबाद के विवेक शून्य निर्णय एवं न्यायालय कोर्ट रुम में अधिवक्ताओं के साथ पुलिस बल से लाठीचार्ज कराना अत्यंत दुखद है। संज्ञान में लिया गया कि जिला जज गाजियाबाद के विरुद्ध अवमानना की शिकायत पूर्ण से लंबित है। गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ घटित घटना संज्ञान में लेकर दोषी पुलिस कर्मियों एवं न्यायिक अधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को अविलंब लागू किया जाये। न्यायालय में हो रही घटनायें भविष्य के लिए न्यायिक कार्य प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। न्याय नहीं मिला तो अधिवक्ता आंदोलित होने पर विवश होगें। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि जिला जज गाजियाबाद को निलंबित कर हटाया जाये। लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही हो।


विरोध प्रदर्शन करते बार एसो0 के अध्यक्ष व अधिवक्तागण

घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाये। अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमा वापस किया जाये। अधिवक्ता हित में संरक्षण अधिनियम लागू किया जाये। जिले की रिडरेसल कमेटी में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व शामिल किया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं अधिवक्ता संघ ने भी गाजियाबाद की घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा और बर्बरता पूर्ण की गई लाठीचार्ज की निंदा की। साथ ही अधिवक्ता हित में अध्यक्ष किशोर मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। घटना को लेकर सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।


रुपेश गुप्ता को सदस्यता फार्म सौंपते राजीव चतुर्वेदी

## राजीव चतुर्वेदी ने भाजपा की ली सदस्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी ने सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में सदस्य बनाये और जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के समक्ष सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चलाये गये सदस्यता अभियान को गति दी और 30 अक्टूबर तक लक्ष्य को पूरा करते हुए सक्रिय सदस्यता का फार्म भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को सौंपा। नवाबगंज मण्डल अध्यक्ष कमल भारद्वाज भी राजीव चतुर्वेदी के साथ मौजूद रहे। राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि जो लक्ष्य उन्हें दिया गया है कि उसे पूर्ण किया है। जिसके तहत सक्रिय सदस्य की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में राजीव चतुर्वेदी के समर्थक व भाजपा नेता मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें


शिकायतें सुनते अपर जिलाधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसीलदार सभागार में अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 25 शिकायतें आयीं। जिसमें कुछ का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के एडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार मोहल्ला खतराना निवासी शिवनरायन पाण्डेय पुत्र स्व0 रामरक्षा पाण्डेय ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि पीड़ित गरीब व निर्धन है। जिसको देखते हुए उसे 1 किलोवाट का बिजली कनेक्शन दिया गया था। जिसके बिलों का वह बराबर भुगतान करता चला आ रहा है। पीड़ित की गैर मौजूदगी में चेकिंग के दौरान पीड़ित का कनेक्शन 05 किलोवाट का कर दिया गया। जिसका बिल 9,958/- रुपया आया है। जबकि पहले पीड़ित का बिल 300 रुपये आता था। जिसको ठीक कराया जाये। वहीं दूसरा प्रार्थना पत्र

**▶ एक सप्ताह में निस्तारण करने के एडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये**

उपेंद्र सिंह पुत्र स्व0 सुरेशचंद्र निवासी ग्राम हुसैनपुर नौखंडा थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने दिया। जिसमें कहा कि पीड़ित का भाई रिंकू गाजा पीता है। जिस पर उसकी पत्नी से उसकी नहीं बनती है।

वह पीड़ित के पास खाना खाता है। यह सिलसिला करीब दो महीने से चल रहा है। दिनांक 1 नवंबर को पीड़ित के यहां खाना खत्म हो गया, तभी रिंकू आया और खाना मांगने लगा। जब रिंकू से कहा कि खाना खत्म हो गया है, तो वह गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर ईंट पत्थर चलाने लगा। 112 पुलिस के आने पर वह भाग गया। ऐसी स्थिति में पीड़ित व उसके परिवार को उपरोक्त रिंकू से जानमाल का खतरा है। इसके अलावा एक प्रार्थना पत्र अगम प्रकाश सक्सेना पुत्र ब्रह्मप्रकाश सक्सेना निवासी नोनमगंज थाना कादरीगेट ने भूमि विवाद से संबंधित दिया। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया गंगा उत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पतित पावनी मां गंगा को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था। उसी के उपलक्ष्य में गंगा समग्र के तत्वाधान में गंगा उत्सव के रुप में स्वच्छता अभियान चलाया गया और राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त होने पर उत्सव मनाया गया।

नदियों की स्वच्छता रखना हम सभी का दायित्व है। लोगों ने गंगा उत्सव कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिला संयोजक आदित्य दीक्षित व सह संयोजक रवि मिश्रा ने पांचाल घाट पहुंचकर गंगा स्वच्छता के बैनर तले पत्र वितरित किये और बढ़-चढ़कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। गंगा आरती व दुग्ध अभिषेक कर पूजन किया और अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया।



स्वच्छता अभियान में भाग लेते संस्था के सदस्य

पर्यावरण व नदियों का संरक्षण हो, जीवन में हम सभी के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य है। संगठन व व्यक्ति का यह कार्य नहीं पूरे सनातनियों का दायित्व है कि गंगा हमारी मां है और उसके आचल को मैला न करें। प्रत्येक व्यक्ति एक वर्ष में कम से कम पांच पौधे लगाये और उनकी सुरक्षा करें, तभी जीवन बचेगा। साथ ही भारत सरकार व प्रदेश सरकार का नियंत्रण प्रयास है कि गंगा स्वच्छता व पर्यावरण को शुद्ध किया जाये।

हम लोग अपने दायित्व को निभाये और गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। साथ ही गंगा समग्र द्वारा स्वच्छता का संकल्प लेकर आरती के साथ दीप दान किया गया। इस मौके पर श्यामू औदिच्य, रवि मिश्रा, अजय दीक्षित, मोनू ठाकुर, दिव्यांशु वर्मा, कुलदीप गुप्ता, संयोजक आदित्य दीक्षित मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पूर्वांचल विकास समिति द्वारा छठ पूजा आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्वांचल विकास समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ पूजा पांचाल घाट गंगा जी के किनारे आरती के साथ छठ पूजा मनायी जायेगी। 5 नवम्बर मंगलवार को नहाय खाय, 6 नवम्बर बुधवार को खरना, 7 नवम्बर गुरुवार को सांध्यकालीन अर्घ्य, 8 नवम्बर शुक्रवार को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जायेगा। पूजा घाट पर साफ-सफाई व विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था हेतु समिति के पदाधिकारियों ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की। प्रशासनिक अधिकारियों ने छठ पूजा को गंभीरता से समझते हुए गंगाजी घाट का निरीक्षण और दो दिन में सभी आवश्यक व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। यह जानकारी अध्यक्ष केदार शाह ने दी है।

### टोल प्लाजा को लेकर प्रशासन से आज मिलेगें भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट ने बाहिदपुर टोल प्लाजा को लेकर दो सदस्य नियुक्त किये है। दोनों सदस्य जिला प्रशासन से वार्ता करेंगे। गजेन्द्र सिंह परिहार व विजेन्द्र सिंह यादव मंगवार को दोपहर 2 बजे जिला प्रशासन से वार्ता करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य ने दी है।

### साहित्यिक समाजिक संस्था वाणी विनायक संस्था द्वारा काव्योत्सव 6 नवम्बर को


राजगौरव पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक समाजिक संस्था वाणी विनायक के तत्वाधान में स्मृति शेष कन्हैया लाल पाण्डेय के चतुर्थ स्मृति दिवस पर गुरु शिष्य की व्यवस्था एवं नाटक मंचन का आयोजन 6 नवम्बर को मुन्नालाल धर्मशाला में शाम 4 बजे होगा। संस्था प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक राजगौरव पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कवि डॉ. शिवओम अम्बर के अलावा विभिन्न क्षेत्र से विशेष उपलब्धियां के लिए पांच लोगों को सम्मानित किया जायेगा। राजनीति के क्षेत्र में विकास पाण्डेय, चिकित्सका के क्षेत्र में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव व अभिनय के क्षेत्र में संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, व्यवसाय के क्षेत्र में मोहन अग्रवाल को सम्मानित किया जायेगा। श्रोता व वरिष्ठ रंगमंची कलाकार पुरुषोत्तम शुक्ला को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में गजलकार नलिन श्रीवास्तव, रामऔतार शर्मा इंदु, रामशंकर अवस्थी अबोध, महेश पाल सिंह उपकारी, दिनेश अवस्थी, वैभव सोमवंशी, प्रीती तिवारी, उपकार मणि, सुभाशीश पाल आदि कवि अपना काव्यपाठ करेगें। साथ ही नक्श थिएटर के कलाकार भी शामिल होगें। राजगौरव पाण्डेय ने बताया कि सभी लोगों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए इस बार वरिष्ठजनों को प्रमुखता के साथ सम्मानित किया जायेगा।

# सरकार का 50 से कम नामांकन वाले स्कूल को बंद करने का निर्णय ठीक नहीं: राजकिशोर

**▶ शिक्षकों की समस्याओं का सरकार पहले करे समाधान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने निर्णय लिया। जिस उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने औचित्यहीन बताते हुए प्रदेश स्तरीय विरोध करने का निर्णय लिया।

जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि गरीब बच्चों को शिक्षित करने के लिए पिछली सरकारों ने हर एक किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय और हर तीन किलोमीटर पर जूनियर हाईस्कूल संचालित किए थे। इन स्कूलों की समस्या समाधान करने के बजाय सरकार उन्हें बंद करने पर आमादा है। जिससे शासन खुद ही अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम की धज्जियां उड़ाती नजर आ रही है। गौरतलब है कि जब गांव में ही स्थित स्कूल में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पूरे वर्ष जोरदार कोशिश की जा रही है फिर दूरस्थ स्कूलों में बच्चे पढ़ने जायेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है।


शिक्षक राजकिशोर शुक्ला

फिलहाल खबर मिली है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश व्यापी विरोध के चलते सरकार बैकफुट पर है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है कि महानिदेशक कंचन वर्मा ने 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने का निर्णय वापस ले लिया है।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के इंजाज अहमद सिद्दीकी बने मुख्य निर्णायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

68वीं माध्यमिक विद्यालयी राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा के शारीरिक शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी को मुख्य निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है।

प्रशिक्षक रहे रियाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय निर्णायक के साथ-साथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी भी हैं। इससे पूर्व में भी यह विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर-17 बालक/ बालिका 6 से 10 नवंबर राजकीय इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित होगी। 5 नवम्बर को पूर्वाह्न तक राजकीय इंटर कॉलेज बरेली में उपस्थित होना है। जिला क्रीड़ा समिति ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, प्रबंधक उदय राज वर्मा, प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत, जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास, देवेंद्र कुमार, केशव गंगवार, सुनील कुमार, प्रवेश शाक्य, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, राहुल यादव, सुब्रत शाक्य, आरती यादव, रितु मिश्रा, अर्जुन प्रताप सिंह, अनुराग पटेल, घनश्याम, अनिकेत कुमार, प्रसुभ गुप्ता, धनंजय सिंह, मनीसा यादव, राकेश कुमार, कुलदीप सिंह, देवेश यादव, प्रदीप सिंह, गजेंद्र सिंह, नेहा भारद्वाज, अभिषेक अवस्थी, शुभम मौर्य, योगेंद्र यादव आदि ने बधाई दी है।


शारीरिक शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी

# क्रांतिकारी राष्ट्रवादी परमानंद का मनाया गया जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक साहबगंज चौराहा स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी परमानंद के जन्मोत्सव पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

आजीवन देश की सेवा में लगे रहे क्रांतिकारी व राष्ट्रवादी परमानंद का जन्म 1876 को अविभाजित भारत झेलम पाकिस्तान में हुआ था। लालालाजपत राय से प्रभावित होकर आर्य समाज से जुड़े और 1905 में दक्षिण आफ्रीका जाकर आर्य समाज की शाखायें स्थापित की। उन्हें ब्रिटिश सरकार ने जेल भेजा और उन्होंने

**▶ आर्य समाज से जुड़े और 1905 में दक्षिण आफ्रीका जाकर आर्य समाज की शाखायें स्थापित की**

1913 में गदर पार्टी के संस्थापक व सदस्य बने। बाद में वह हिन्दू महासभा के अध्यक्ष भी रहे। उनकी जयंती पर सभी ने उन्हें नमन किया और पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मिश्रा, संजय पाण्डेय, नरेन्द्र शर्मा, शिव कुमार वर्मा, शिवाजी कटियार, रामनारायन मिश्रा, पृथ्वीनारायन, डॉ. मेहंदी हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने करहल विधानसभा के कई गांव में प्रत्याशी के लिए मांगें वोट


वोट मांगते सपा नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद मैनपुरी के करहल विधानसभा में जनपद के सपा नेताओं ने सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के समर्थन में दर्जनों गांवों में जाकर प्रचार प्रसार किया और वोट देकर सपा को जिताने की अपील की।

कस्बा नवाबगंज के गांव सिरमौर बांगर निवासी साजिद अली खान जो समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष है। उन्होंने अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव तथा अन्य साथियों के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में मैनपुरी के करहल विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कई गांव का दौरा किया। सभी पदाधिकारियों ने क्षेत्र में लोगों से मिलकर सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। वहीं मैनपुरी के अल्पसंख्यक सभा जिला सचिव डा0 फजीलत अली के साथ मैनपुरी के कस्बा बरनाहल ली नगला सहित कई गांव का भ्रमण किया और लोगों से अपील की कि सपा प्रत्याशी को जिताने की लोगों से अपील की। इस मौके पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव हाजी अहमद अंसारी, अल्पसंख्यक सभा फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, मुजाहिद अंसारी, कमल हसन रऊफ कुरैशी सहित आधा दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 का अनुक्रमांक संख्या 1679329 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 का अनुक्रमांक संख्या 1258878 का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है।
पूजा मिश्रा पत्नी विवेक निधि मिश्रा निवासी राही पोस्ट सिंगुलापुर, सिंगलापुर, शाहाबाद, जनपद हरदोई।

# जनपद को मिली कृभको एनपीके की 26640 बोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को कृभको एनपीके 1332 मै0टन (26640 बोरी) जनपद पहुंची है। साथ ही इस सप्ताह प्राप्त हो रही एनपीके 1600 मै0टन(32000 बोरी) डीएपी 1745 मै0टन (34900 बोरी), पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा किसानों की आलू फसल की बुवाई की व्यवस्था हेतु किये जा रहे लगातार प्रयास के परिणाम स्वरूप जनपद में उर्वरकों की आमद तेज हो गयी है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में सोमवार को कृभको की एनपीके रैक से 1332 मै0टन एनपीके प्राप्त हुई है, जिसे सहकारिता क्षेत्र के प्रतिष्ठानों पर भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इस सप्ताह जनपद में डीएपी एवं एनपीके की कई रैकें जनपद को प्राप्त हो रही हैं।

जिससे रबी की फसल आलू एवं गेहूं हेतु किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक मिलेगा। इस सप्ताह पीपीएल एवं आरसीएफ कम्पनी की 1745 मै. टन(34900 बोरी) एवं कोरोमण्डल तथा आरसीएफ कम्पनी की 1600 मै0टन एनपीके (32000 बोरी) प्राप्त हो रही है, जिसे निजी प्रतिष्ठानों पर भेजा जायेगा।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में लगातार कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत


गोदाम में लगी एनपीके की बोरी

पर अंकुश हेतु अधिकारियों द्वारा लगातार छापे डाले जा रहे है। सितम्बर एवं अक्टूबर के दौरान 02 विक्रेताओं के विरूद्ध एफआईआर हुई, 02 प्रतिष्ठानों को सील किया गया एवं 17 विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि छापे की कार्यवाही जारी रहेगी। वहीं जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान नैनो डीएपी का मूल्य 600 रू0 प्रति 500 मि0ग्रा0 का प्रयोग एक एकड आलू की फसल में प्रयोग करें। यह 4-6 बोरी दानेदार डीएपी के स्थान पर पर्याप्त रहेगी। इसके प्रयोग से 85-90 प्रतिशत तत्व पौधा लेता है एवं कर्म खर्च से समुचित आलू उत्पादन होगा। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी जो सभी दुकानों पर है का प्रयोग करने पर 1/3 डीएपी एवं एनपीके की जरूरत होगी। यह सभी समितियों,एग्री जंक्शन, निजी दुकानों पर भी उपलब्ध है। किसान की मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, तथा आगामी समय में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।

किसान भाइयों को उनकी आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध होती रहेगी। कृषकों को सुगमता से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद में नियमित छापेमार कार्यवाही की जा रही है। किसान डीएपी एवं एनपीके के स्थान पर सुपर फास्फेट, यूरिया, एवं पोटास का प्रयोग कर आलू एवं गेहूं की अच्छी पैदावार ले सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ललौर राजपूतान वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 04/11/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ललौर राजपूतान विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/11/2024 से दिनांक 11/11/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 11/11/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 05/11/2024 से दिनांक 11/11/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राकेश लाला के घर से विद्याराम दिवाकर के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 1,60,475 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | आशाराम की जगह से राजकुमार की जगह तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 1,29,889 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | टीकाराम की जगह से आशाराम की जगह तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2,53,688 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | बेंचेलाल के घर से रतीराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4,20,243 | 2 प्रतिशत | 500 |


**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रविन्द्र सिंह) ग्रा0पं0 ललौर राजपूतान, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (राजेश कुमार)

# भारत त्याग रहा औपनिवेशिक मानसिकता : धनखड़

## उप राष्ट्रपति ने लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी को अपनाने, समावेशी बनाने और 'अंत्योदय' से प्रेरित होने पर दिया जोर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी को अपनाने, इसे समावेशी बनाने और 'अंत्योदय' से प्रेरित होने पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि भारत औपनिवेशिक मानसिकता त्याग रहा है। श्री धनखड़ ने यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है। औपनिवेशिक विचारों को चुनौती दी रही है।

उन्होंने कहा, भारतीय लोक प्रशासन में भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए जो औपनिवेशिक मानसिकता से दूर हो और स्वतंत्रता के बाद हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि अब पहले के औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा, 'किंग्स वे' अब 'कर्त्तव्य पथ' बन गया है और 'रेस कोर्स रोड' 'लोक कल्याण मार्ग' बन गया है। नेताजी अब उस छत्र पर खड़े हैं जहां कभी किंग जॉर्ज की प्रतिमा हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज में हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल के 1500 कानून अब कानून की किताब में नहीं हैं। नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी बदलाव है कि 'दंड' संहिता अब 'न्याय' संहिता बन गई है, जो पीड़ितों के हितों की रक्षा करने, अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने और कई अन्य पहलुओं के लिए सुधार ला रही है। भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है। अब चिकित्सा या तकनीक सीखने के लिए अंग्रेजी की आवश्यकता नहीं है। श्री धनखड़ ने कहा कि सरकारी अधिकारियों के बीच सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है ताकि अधिकारी हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों के संघर्षों को समझ सकें। ऐसी नीतियों को डिजाइन और लागू कर सकें जो वास्तव में उन चुनौतियों का समाधान करें। महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने की सराहना करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि यह निर्णय न केवल महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को स्वीकार करता है, बल्कि सामाजिक न्याय के एक गहन पहलू को भी पूरा करता है। नीति निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील शासन को बढ़ावा देगी।

### नैतिक नेतृत्व को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर

उन्होंने लोक सेवकों की समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ाने और नैतिक नेतृत्व को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैतिक मानक हमारी सभ्यता के लिए मौलिक हैं। लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अनुसंधान पहलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जबकि सार्वजनिक सेवा वितरण में उनके नैतिक और जिम्मेदार कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रभावी लोक प्रशासन की आधारशिला निरंतर सीखना और क्षमता निर्माण है। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ-साथ हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे और अधिक विभाजन पैदा नहीं होना चाहिए। तेजी से आगे बढ़ती प्रौद्योगिकी समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बाहर कर सकती है। इसलिए दृष्टिकोण समावेशी और अंत्योदय से प्रेरित होना चाहिए। डेटा को हमारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सबसे आगे होना चाहिए। विभिन्न कल्याणकारी नीतियों के प्रभाव को समझने के लिए साक्ष्य आधारित अध्ययन आवश्यक हैं।

# केंद्र के प्रयासों से बड़ी संख्या में महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक द प्रेसिडेंट विद द पीपल पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी आवश्यक हैं।उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाली 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। उन्होंने सफल महिलाओं से आग्रह किया कि वे अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक बनें।

## जयशंकर ने ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन



**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यहां भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इससे पहले आज सुबह यहां के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विदेश मंत्री जयशंकर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस अवसर के फोटो और संक्षिप्त विवरण साझा किए गए हैं। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। इससे क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने लिखा, इस अवसर पर ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड की गवर्नर डॉ. जेनेट यंग से भी मिलकर खुशी हुई। हमने क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की। मैंने आज सुबह ब्रिस्बेन में रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।

## चारधाम यात्रा और भू-कानून पर कांग्रेस का तीखा हमला भाजपा सरकार को घेरा

**देहरादून।** कांग्रेस नेता एवं प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा और भू-कानून जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है। प्रेस-वार्ता में बिष्ट ने कहा कि चारधाम यात्रा जो राज्य की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है, उस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहद असुविधा हुई और स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल रहा। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ कागजी घोषणाएं करती है, जमीनी हकीकत से इनका कोई लेना-देना नहीं है। भू-कानून के मुद्दे पर बिष्ट ने कहा कि सरकार ने 2018 में जो संशोधन किया था, उससे राज्य में जमीनों की अंधाधुंध बिक्री को बढ़ावा मिला है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस संशोधन को निरस्त करे और जो जमीनें बेची गई हैं, उनकी जांच करवाई जाए।

## मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगे साहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा संस्करण के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज साहा ने 2010 और 2021 के बीच 40 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और नौ टी20आई में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न पक्षों के लिए 170 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में भी हिस्सा लिया।

साहा ने रविवार रात एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले मैं बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आखिरी बार सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, आपका समर्थन दुनिया के लिए मायने रखता है। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं।

2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने वाले साहा ने बंगाल के लिए 15 साल तक खेला, उसके बाद बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद त्रिपुरा चले गए। तत्कालीन सीएबी प्रमुख अविषेक डालमिया ने साहा को मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वह अब बंगाल के लिए नहीं खेल सकते हैं। वह सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी की टिप्पणियों से नाराज थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरण को छोड़ने का फैसला करने के बाद साहा की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए थे। यहां तक कि उन्होंने बंगाल टीम के व्हाट्सएप ग्रुप को भी छोड़ दिया, जबकि कोच अरुण लाल ने भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से बात की थी।

## खबरें एक नजर में

### अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट 21 नवंबर से, 10 टीमें लेंगी हिस्सा

**अबू धाबी।** अबू धाबी टी10 का आठवां सीज़न 21 नवंबर से शुरू हो रहा है, टूर्नामेंट का पहला मैच टीम अबू धाबी और अजमान बोल्ट्स के बीच खेला जाएगा। इस साल के टूर्नामेंट में एक विस्तारित प्रारूप है जिसमें 10 टीमें एक रोमांचक सीज़न में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां शीर्ष पांच टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी लड़ाई में शामिल होंगी। प्रतिष्ठित जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब में केवल 12 दिनों में 40 से अधिक मैचों का आयोजन करेगा। प्लेऑफ़ सप्ताहांत के दौरान होंगे, जिसकी शुरुआत 1 दिसंबर को क्वालीफायर 1 से होगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर 1 में भिड़ेंगी, उसके बाद एलिमिनेटर 2 होगा, जहां टीम 3 एलिमिनेटर 1 के विजेता से भिड़ेगी। क्वालीफायर 1 की उपविजेता फिर क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर 2 के विजेता से भिड़ेंगी। ग्रैंड फिनाले 2 दिसंबर को होगा, जहां क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 के विजेता खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 2024 संस्करण में 18 विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टो, मार्कस स्टोइनिस, लॉकी फर्ग्यूसन और राशिद खान जैसे क्रिकेट सुपरस्टार सभी टीमों के स्टार-स्टडेड रोस्टर में शामिल होंगे, जो क्रिकेट के एक अविस्मरणीय सीज़न का वादा करेंगे।

### मध्य इंडोनेशिया में ज्वालामुखी लेवोटोबी के फटने से 10 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में रविवार देर रात माउंट लेवोटोबी में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बीएनपीबी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने यह जानकारी दी। श्री मुहारी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, दस लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। नौ शव बरामद किए गए हैं, जबकि एक मलबे में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बड़े पैमाने पर निकासी हुई है तथा सात गांवों के 10 हजार से अधिक प्रभावित निवासियों में से अधिकांश निकासी केंद्रों की ओर जा रहे हैं। निवासियों को क्रेटर के आसपास सात किलोमीटर के खतरे वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है। सभी लापता व्यक्ति के लिए खोज अभियान जारी है। श्री मुहारी ने कहा, आपातकालीन राहत प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने चार नवंबर से 31 दिसंबर तक आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। आपदा प्रतिक्रिया समन्वय प्रयासों का नेतृत्व करने और प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक आपूर्ति लाने के लिए बीएनपीबी के प्रमुख और कर्मियों के सोमवार रात को प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है।

### रूस की श्नाइडर ने जीता डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब

**हांगकांग।** डायना श्नाइडर ने रविवार को ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बौल्टर को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब जीत लिया। विश्व में 14वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त श्नाइडर ने जर्मनी में बैड होम्बर्ग ओपन, थाईलैंड में हुआ हिन चैंपियनशिप और हंगरी में बुडापेस्ट ग्रैंड प्रिक्स में खिताबी जीत के साथ इस सत्र का अपना चौथा खिताब जीता। खिताबी जीत के बाद 20 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने कहा, ॐमुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उच्च स्तर पर थी। निश्चित रूप से,मैं जिस तरह से प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, उससे खुश और गौरवान्वित हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त और सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी बौल्टर ने इस कठिन मैच के बारे में कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी। लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।

### हिंदू मंदिर पर हुए खालिस्तानी समर्थकों का हमला निंदनीय ~ विहिप

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किया गया हमले की निंदा की है और कहा कि इस बारे में भारतीय दूतावास की ओर से सूचना दिये जाने के बावजूद वहां की सरकार ने सुरक्षा के इंतेजाम नहीं किये, जिसके कारण यह घटना घटित हुयी। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने सोमवार को कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किया गया हमला बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि वहां भारतीय दूतावास द्वारा एक कैम्प का आयोजन किया गया था, जिसके बार में दूतावास ने तीन दिन पहले कनाडा सरकार को सूचना दी थी और उचित सुरक्षा का आग्रह भी किया था, लेकिन वहां की सरकार ने भारतीय दूतावास की बातों को नजरअंदाज कर दिया गया।

### इमरान खान की जमानत याचिका पर एफआईए को नोटिस

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने आज तोशाखाना द्वितीय केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत याचिका पर संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) को नोटिस दिया। अब हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सुनवाई की अगली तारीख तय करेंगे। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, इससे पहले विशेष न्यायाधीश सेंट्रल ने इमरान खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उसी मामले में जमानत प्रदान की थी। कल एफआईए ने तोशाखाना द्वितीय केस में इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। एफआईए ने याचिका में कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के कक्ष में जमानत दी गई और यह सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

### प्रधानमंत्री 13 को बिहार के दरभंगा में एम्स का करेंगे शिलान्यास

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को बिहार दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। दरभंगा शहर के भाजपा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि 13 नवम्बर को पीएम मोदी दरभंगा आएंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगे। केंद्र सरकार ने इस अहम परियोजना के लिए फिलहाल 1,261 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया है। दरभंगा एम्स को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बिहार सरकार ने एम्स के लिए 188 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए तीन वर्ष का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दरभंगा एम्स के निर्णाण को लेकर बिहार में खूब राजनीति हुई। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद इसके निर्माण पर ग्रहण लग गया था। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को जो जमीन उपलब्ध कराई थी, उसमें एम्स निर्माण से केंद्र ने हाथ खड़े कर दिए थे। बिहार में फिर से राजग की सरकार बनी तो केंद्र सरकार ने उसी जमीन में एम्स के निर्माण में अपनी सहमति दे दी थी।

### आईपीएल 2025 : रियाद में 24, 25 को हो सकती है मेगा नीलामी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के रियाद में होने की उम्मीद है। हालाँकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आधिकारिक तौर पर स्थान या तारीखों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार अंतिम व्यवस्थाएँ प्रगति पर हैं और जल्द ही घोषणा की जा सकती है। पिछली नीलामी एक दिवसीय थी, जो दुबई में आयोजित की गई थी। जिसमें दो महत्वपूर्ण सुर्खियाँ मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 24.75 करोड़ रुपये में और पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा 20.50 करोड़ रुपये में खरीदना था। 2022 की पिछली मेगा नीलामी में, ईशान किशन पर सबसे अधिक बोली लगाई गई थी, जिसमें मुंबई इंडियंस ने उन्हें 15.25 करोड़ रुपये में हासिल किया था।

## कांग्रेस व जेएमएम झारखंड में करा रही जनसांख्यिकीय बदलाव : भाजपा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को एक बार फिर झारखंड की झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाया। पार्टी का कहना है कि राज्य में कई स्थानों पर जनसांख्यिकीय बदलाव किया जा रहा है और इसके लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि एक साजिश के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाया जा रहा है और उनकी शादी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं से की जा रही है ताकि उनकी जमीनें लूटी जा सकें। यह आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। झारखंड में एनडीए-भाजपा की सरकार बनने पर अनुसूचित जनजाति के लोगों की जमीन वापस की जाएगी। आंकड़ों के साथ चर्चा करते हुए भाटिया ने कहा कि संथाल परगना में 2001 और 2011 के बीच अनुसूचित जनजाति की आबादी 46 प्रतिशत से घटकर 42 प्रतिशत हो गई जबकि मुस्लिम आबादी 33 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई। यह परिवर्तन क्षेत्र की बदलती जनसांख्यिकीय, प्राथमिकताओं और अन्य कारकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। उन्होंने कहा कि राजद, कांग्रेस और झामुमो जैसी पार्टियां तुष्टीकरण की राजनीति करती हैं। वे बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक मानते हैं। कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि हम सभी घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। इसी कारण से झारखंड के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है।

## हाथियों की करंट से मौतों पर हाईकोर्ट ने सचिव व मैनेजिंग डायरेक्टर से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** रायगढ़ जिले में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में तीन हाथियों की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा न्यायमूर्ति बी.डी.गुरु ने स्वत~ संज्ञान में ली गई और जनहित याचिका पर सुनवाई कर सचिव ऊर्जा विभाग तथा मैनेजिंग डायरेक्टर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए। मुख्य न्यायाधीश के डबल बेंच में इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सचिव ऊर्जा विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मैनेजिंग डायरेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्रकरण की अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि 26 अक्टूबर को रायगढ़ के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के तमनार रेंज में 11 केवी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से 3 हाथियों की मौत हो गई थी।इनमें एक नर हाथी, एक मादा हाथी और एक शावक शामिल है।

## झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय

एजेंसी

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड की खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को संबोधित किया। उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। यही वजह है कि अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है, जिससे झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय है।

शिवराज ने कहा कि यदि झारखंड को बचाना है तो एक नई क्रांति करनी पड़ेगी। ये वो धरती है, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। आज जेएमएम-कांग्रेस



गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गई है। यहां बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिए यहां आ रहे हैं। बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं रूबीका, अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। इसलिए यहां भी अब उलगुलान की जरूरत है। एक नई क्रांति की जरूरत है।

शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2 साल तक 2 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे ताकि वो अच्छी नौकरी की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि सोरेन सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को ऐसा दौड़ाया कि वो जिंदगी की जंग हार गए। भाजपा सरकार के आते ही इस पूरे मामले की जांच कर दोषियो को जेल भेजा जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण, करना हमारा संकल्प

शिवराज ने कहा कि पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिया जाएगा लेकिन 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आई और चुनाव आते ही वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार रुपये डाल दिए। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में हर महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि डाली जाएगी। इतना ही नहीं गरीब बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

# धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन ने विवाद को दिया जन्म

समृद्धि न्यूज



### दक्षिण कोरिया की स्थानीय सरकार ने 78 देशों के 30,000 प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम रद्द किया, हुआ अंतरराष्ट्रीय नुकसान

**नई दिल्ली।** 29 अक्टूबर को, दक्षिण कोरियाई सरकारी एजेंसी के एक प्रशासनिक निर्णय ने अंतरराष्ट्रीय विवाद को जन्म दिया, जिससे धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में चिंता बढ़ गई और पर्याप्त वित्तीय नुकसान हुआ।

धार्मिक नेता फोरम और स्नातक समारोह दो प्रमुख धार्मिक संगठनों द्वारा एक संयुक्त पहल, दक्षिण कोरिया के पाजू में होने वाली थी। इस आयोजन में 57 देशों के 30,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद थी, जिसमें ईसाई धर्म, बौद्ध धर्म, इस्लाम, और हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने वाले 1,000 धार्मिक नेता शामिल थे। हालांकि, ग्योंगगी प्रांत के तहत एक सार्वजनिक संगठन, ग्योंगगी पर्यटन संगठन ने बिना किसी पूर्व सूचना के किराए के स्थल को अचानक रद्द कर दिया। अंतिम क्षणों में लिये गये इस फैसले से टूर्नामेंट को काफी वित्तीय नुकसान हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि रद्द करना एक विशिष्ट धर्म के खिलाफ भेदभाव का एक असंवैधानिक कार्य है, और यह धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकारों और कानून की उचित प्रक्रिया का उल्लंघन करता है। मेजबान संगठनों, कोरिया के बौद्ध राष्ट्रीय एकीकरण संघ और शिनचोनजी यीशु की कलीसिया ने कहा कि उन्हें 23 और 28 अक्टूबर को आधिकारिक पुष्टि मिली थी जिसे रद्द करने की कोई योजना नहीं थी।

एकतरफा रद्दीकरण एक विशिष्ट धार्मिक समूह को लक्षित करने वाली एक अनुचित प्रशासनिक कार्रवाई थी। वे आगे जोर देते हैं कि उसी दिन के लिए निर्धारित अन्य कार्यक्रम प्रभावित नहीं हुए थे, यह सुझाव देते हुए कि रद्दीकरण एक विशिष्ट धार्मिक समूह के विरोध के कारण प्रशासनिक निर्णय था, जो संविधान द्वारा गारंटीकृत चर्च और राज्य के अलगाव के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। ग्योंगगी पर्यटन संगठन ने हाल ही में उत्तर कोरियाई कार्रवाइयों से संबंधित सुरक्षा चिंताओं और रद्द करने के कारणों के रूप में उत्तर कोरियाई रक्षक समूह की नियोजित गतिविधियों का हवाला दिया।

अन्य कार्यक्रमों, जैसे कि नागरिक बाइक की सवारी और विदेशी पर्यटक दौरे, को उसी निर्दिष्ट क्षेत्र के भीतर अनुमति दी गई थी। दक्षिण कोरिया में धार्मिक स्वतंत्रता और सहिष्णुता के बारे में अंतरराष्ट्रीय बहस को फिर से हवा दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग की अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट ने पहले शिनचोनजी यीशु की कलीसिया के अभियोजन और मस्जिद निर्माण को मंजूरी देने से सरकार के इनकार जैसी चिंताओं को उजागर किया है।

कोरिया के बौद्ध राष्ट्रीय एकीकरण संघ और शिनचोनजी यीशु की कलीसिया ने दक्षिण कोरियाई सरकार से धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करने, मानवाधिकारों को बनाए रखने और इस अन्यायपूर्ण निर्णय को सुधारने का आह्वान किया। वे अंतरराष्ट्रीय संगठनों से इस स्थिति की निगरानी करने और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उचित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।

## चीन ने नेपाल के सीमावर्ती नागरिकों के लिए टाइम कार्ड किया अनिवार्य

एजेंसी

**काठमांडू।** चीन ने नेपाल की उत्तरी सीमा पर रह रहे कोरला नाका के स्थानीय नागरिकों के लिए सीमावर्ती शहर में जाने के लिए टाइम कार्ड की व्यवस्था लागू की है। इससे पहले नेपाली नागरिकों को तीन दिन से एक हफ्ते तक चीन की सीमा के पास के इलाकों में रहने की छूट दी जाती थी लेकिन अब सिर्फ 6 घंटे रहने की अनुमति दी गई है।

करीब एक वर्ष पहले तामझाम के साथ नेपाल के मुस्तांग जिले में कोरला नाका का उद्घाटन किया गया था। उस समय चीनी पक्ष ने सिन्धुपलचोक जिला के तातापानी नाका के बाद चीन से व्यापार करने के लिए कोरला नाका को खोले जाने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद यहां से कभी व्यापारिक कार्य नहीं हो पाया, बल्कि चीन ने स्थानीय लोगों के सीमा पार करने को लेकर पाबंदी को और कड़ा कर दिया है। चीनी पक्ष की ओर से टाइम कार्ड लागू किए जाने से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सशस्त्र प्रहरी सीमा सुरक्षा बल के एसपी मणिकर्ण राई ने कहा कि 1 नवंबर से चीनी प्रशासन ने टाइम कार्ड को अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब चीन के सीमावर्ती शहर में जानेवाले नेपाली नागरिकों को सुबह 9 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति है और उन्हें हर हाल में दोपहर 3 बजे तक वापस सीमा पार करना होता है। मुस्तांग के कोरला नाका पर रहे नेपाली कस्टम विभाग के अधिकारी शोभकांत पौडेल ने कहा कि मुस्तांग जिले के सीमावर्ती नेपाली नागरिकों का व्यापार चीन के शहर पर ही आश्रित रहता है। ऐसे में सिर्फ 6 घंटे के लिए अनुमति देने से लोगों का काम पूरा नहीं हो पाता है। एक ही काम के लिए नेपाली नागरिकों को बार-बार सीमा पार जाना पड़ता है, जिस पर भी चीनी अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है। लोमानतांग इलाका प्रशासन कार्यालय के प्रमुख प्रशासकीय अधिकृत जीवन पौडेल ने कहा कि टाइम कार्ड होने के बावजूद नेपाली नागरिकों की सीमा पर कड़ी जांच की जाती है।